

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में फरवरी में रिकार्ड 4.25 लाख यात्री वाहनों की बिक्री-12




कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार-12



सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 105 एकड़ जमीन देगी बंगाल सरकार-13



मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी : सैमसन-14

आज का मौसम | 27.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.37 | सूर्यास्त 06.11

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 05:07 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 3 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 7, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# हिजबुल्लाह भी कूदा जंग में, इजराइल पर शुरू किए हमले
# कुवैत में कई अमेरिकी विमान गिरे, यूएई में रिफाइनरी बंद

## दोनों ओर से हमले तेज होने के बाद जंग का दायरा बढ़ा, कुवैत में अमेरिकी दूतावास पर भी ईरान का मिसाइल हमला



तेहरान में इजराइली हमलों के बाद उठता धुएं का गुबार।



इजराइल में ईरान के मिसाइल हमले से गड्ढे में तब्दील सड़क।

- महायुद्ध में तब्दील होने लगा ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में और बढ़ा तनाव
- बेरुत में इजराइल के जवाबी हमले में मारा गया हिजबुल्लाह का खुफिया प्रमुख, 31 आम लोगों की भी मौत

दुबई, एजेंसी

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच संघर्ष का दायरा बढ़ने के साथ मंगलवार को तीसरे दिन युद्ध भीषण हो गया। इजराइल और अमेरिका के विमानों ने ईरान पर भारी बमवारी की तो जवाब में ईरान ने खाड़ी देशों को निशाना बनाते हुए कुवैत में अमेरिका के कई एफ- 15 लड़ाकू विमान मार गिराए। कुवैत में अमेरिकी दूतावास पर भी मिसाइल हमला किया, जिसके बाद यहां आग के साथ धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। ईरान के हमले के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक रिफाइनरी को बंद करना पड़ा। ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय को भी निशाना बनाने का दावा किया है, हालांकि इजराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की।

इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खोमेनी की मौत के बाद लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह भी जंग में कूद पड़ा। सोमवार को उसने उत्तरी इजराइल में रॉकेटों से हमला किया। जवाब में इजराइल सशस्त्र बल ने बेरुत में हमला कर हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय के प्रमुख हुसैन मकलेद को मार गिराया। इजराइल ने बेरुत में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ आतंकवादियों, दर्जनों केंद्रों और हथियार जमा करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्थल पर सटीक हमला किया। इस हमले में 31 अन्य लोगों की भी मौत हो गई। इधर, ईरान ने यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और सऊदी अरब समेत खाड़ी देशों को निशाना बनाना जारी रखा। यहां ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

भीषण जंग के बीच ईरान ने दावा किया कि उसने कुवैत में अमेरिका के कई एफ-15 स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ये विमान ईरान पर हमले के लिए उड़ान भर रहे थे। हालांकि उनके पायलटों को सुरक्षित बचा लिया गया। कुवैत के आधिकारिक प्रवक्ता कर्नल साद अल अतवान ने विमानों के गिरने की पुष्टि की। हालांकि अमेरिका ने कहा कि उसके तीन विमानों को कुवैत की वायु रक्षा प्रणाली ने धोखे में हमला कर गिराया है। ईरान ने इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय को भी अपने हमलों का निशाना बनाए जाने का दावा किया है। हालांकि इसकी पुष्टि इजराइल की ओर से नहीं की गई। कुवैत सिटी में अमेरिकी दूतावास पर भी मिसाइल से हमला किया जिसके बाद परिसर के अंदर से आग और धुआं उठता देखा गया।

ईरान और ईरान समर्थित मिलिशिया ने इजराइल और अरब देशों पर बड़े पैमाने पर मिसाइलें दागीं। इसके बाद सऊदी अरब की सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनी अरामको ने दम्माम के समीप अपनी रास तानूरा तेल रिफाइनरी को अस्थाई रूप से बंद कर दिया। सऊदी अरब के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि यह फैसला एहतियाती तौर पर लिया गया है। ईरानी हमलों के कारण तेल के व्यापार को खासा नुकसान पहुंचा है।

### ईरान में दो दिन के अंदर 555 लोगों की मौत, 131 शहरों को भारी नुकसान

- अपने परमाणु स्थल नतांज पर भी हवाई हमले का ईरान ने लगाया आरोप

**तेहरान/वियना।** युद्ध क्षेत्रों में मानवीय सहायता पहुंचाने वाली संस्था रेड क्रिसेंट के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में ईरान में दो दिनों में 555 लोगों की मौत हो गई है और देश के 131 नगरों को खासा नुकसान पहुंचा है। कतर ने ईरान के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराने का दावा किया है। इस बीच ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका-इजराइल ने उसके नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को हवाई हमलों का निशाना बनाया है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने इस दावे की पुष्टि नहीं की। आईएईए में ईरान के राजदूत रेजा नजफी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों में ईरान के नतांज परमाणु संवर्धन स्थल को निशाना बनाया गया है। इसके विपरीत आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि अब तक एजेंसी को कोई संकेत नहीं मिला है कि ईरान में परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया है। आईएईए मुख्यालय में रूस के अनुरोध पर संचालन मंडल की बैठक चल रही है। इजराइल ने इससे पहले 13 जून को नतांज में हमला किया था, जिससे यह काफी हद तक नष्ट हो गया था।

### हमले में घायल खामेनेई की पत्नी ने भी तोड़ा दम

**तेहरान।** इजराइल के हमले में घायल हुईं ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की पत्नी की भी सोमवार को मौत हो गई। सरकारी मीडिया के अनुसार खामेनेई की पत्नी को शहादत नसीब हुई है। शनिवार को खामेनेई इजराइल के मिसाइल हमले में मारे गए थे। उनके कई रिश्तेदारों की भी मौत हो गई थी।

### बगदाद : अमेरिकी सैनिकों को बनाया ड्रोन का निशाना

**दुबई।** सोमवार को इराक में बगदाद हवाई अड्डे पर भी अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाकर हमले किए गए। ईरान समर्थक मिलिशिया ने इस ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। इससे एक दिन पहले ही उसने उत्तर में इरबिल शहर में एक अमेरिकी अड्डे पर गोलीबारी करने की बात कही थी। रविवार को कई अमेरिकी सैनिक भी मारे गए थे। साइप्रस ने कहा कि एक ड्रोन हमले में भूमध्यसागरीय द्वीप राष्ट्र में एक ब्रिटिश अड्डे को निशाना बनाया गया था।

### फंसे भारतीयों को निकालने के लिए आज विशेष उड़ानें




- इंडिगो 10 विशेष उड़ानें शुरू करेगी, मस्कट के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की नियमित उड़ानें

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच फंसे भारतीयों को वहां से निकालने की कवायद शुरू हो गई है। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो मंगलवार को 10 विशेष उड़ानें शुरू करेगी जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मस्कट के लिए नियमित उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। इस बीच, एयर इंडिया ने मार्च की आधी रात तक पश्चिम एशिया के लिए अपनी सभी उड़ानें रद्द रखने की बात कही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इंडिगो ने सऊदी अरब के शहर जेद्दा से 3 मार्च को 10 विशेष उड़ानों के परिचालन की योजना बनाई है, हालांकि इन उड़ानों को अभी नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष हैं। एयरलाइन जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास से लगातार संपर्क में है। मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, फंसे यात्रियों को निकालने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। बताया गया है कि संकटग्रस्त क्षेत्र में परिचालन करने वाली विदेशी विमान सेवा कंपनियां भी भारत के लिए सीमित उड़ानों का परिचालन कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि दुबई हवाई अड्डे ने सोमवार शाम को सीमित परिचालन शुरू किया है जिसमें भारत के पांच शहरों मुंबई, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए एमिरेट्स के विमान उड़ान भर रहे हैं।

### चार-पांच सप्ताह तक जारी रह सकता है सैन्य अभियान: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान चार से पांच सप्ताह तक जारी रह सकता है, लेकिन वह इससे ज्यादा समय तक के लिए भी तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। दरअसल, सोमवार को ईरान पर इजराइल और अमेरिका के ताजा हमलों के बाद पश्चिम एशिया में युद्ध ने व्यापक रूप ले लिया। ईरान और उसके सहयोगी देशों ने इजराइल, खाड़ी देशों और तेल-गैस उत्पादन वाले स्थानों पर हमला किया। हमले बढ़ना, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का मारा जाना और किसी भी स्पष्ट योजना का न होना इस बात का संकेत है कि यह लड़ाई लंबे समय तक जारी रह सकती है तथा इसके व्यापक परिणाम हो सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नागपुर विस्फोट मामले में नौ अधिकारी गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक निर्माण कंपनी के कारखाने में हुए भीषण विस्फोट में 19 लोगों की मौत की घटना के बाद पुलिस ने कंपनी के नौ निदेशकों को गिरफ्तार कर लिया है। गैरइरादतन हत्या के आरोप में एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के 21 निदेशकों और शेयरधारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद नागपुर के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच नागपुर की संभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी करेंगी। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि विस्फोट लापरवाही के कारण हुआ है।

### डॉलर के मुकाबले रुपये में 41 पैसे की भारी गिरावट

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सोमवार को रुपया 41 पैसे की जोरदार गिरावट के साथ 91.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आने से अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है। घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी ने भारतीय मुद्रा पर दबाव को और बढ़ा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.23 पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 91.65 का निचला स्तर छुआ।

### दून में अब पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

**देहरादून, अमृत विचार :** पिछले दिनों न्यायिक परिसरों में धमाकों की धमकी का मामला अभी ठंडा पड़ा ही था कि सोमवार को राजधानी के पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी दे दी गई। हालांकि घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बाद कोई संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पासपोर्ट ऑफिस से सूचना मिली कि अज्ञात व्यक्ति ने ई-मेल के माध्यम से पासपोर्ट ऑफिस को बम से उडाने की धमकी दी है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देश पर डॉग स्क्वाड तथा बम डिस्पोजल स्क्वाड ने मौके पर पहुंचकर पासपोर्ट ऑफिस परिसर को खाली कराते हुए परिसर की सघन चेकिंग की।

# फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने किया खाड़ी देशों की मदद का एलान

- कहा- ईरान की मिसाइल और ड्रोन को दागने से पहले ही नष्ट करेंगे
- ईरान पर साइप्रस में ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाने का आरोप

लंदन, एजेंसी

फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान के हमले के शिकार बने खाड़ी देशों की मदद का एलान किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने कहा कि उनके सहयोगी देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, इराक को इस जंग में घसीटा गया है। हम उनकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस, ईरान के खिलाफ जार्डन की मदद करेगा।

इस बीच बहरीन पर हुए ईरानी हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटेन के विदेश मंत्री कूपर ने कहा कि साइप्रस के ब्रिटिश सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में ब्रिटेन को अपनी जिम्मेदारी का अहसास है जो खाड़ी में सहयोगियों की रक्षा से संबंधित है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त बयान में कहा, हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, जिसमें आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई सक्षम करना शामिल हो सकता है, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्रोत पर नष्ट किया जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार किया है। खाड़ी क्षेत्र में हमारे साझेदारों ने भी हमसे उनकी रक्षा के लिए कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ब्रिटेन के जेट विमान पहले से ही हवा में हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ब्रिटेन ईरान पर प्रारंभिक हमलों में शामिल नहीं था और अब भी किसी आक्रामक सैन्य कार्रवाई में शामिल नहीं होगा।

### ईरान ने खारिज किया ट्रंप का दावा, कहा- भ्रम न फैलाएं, अब हम अमेरिका से बातचीत नहीं करेंगे



**तेहरान।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ कोई भी नई बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। इससे ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका है। लारीजानी ने पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत (बैक चैनल डिप्लोमेसी) की खबरों को खारिज करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने भ्रम वाली हरकतें करके इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है। लारीजानी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रंप ने अपने अमेरिका फर्स्ट के नारे को इजराइल फर्स्ट में बदल दिया है और इजराइल की इच्छाओं के लिए अमेरिकी सैनिकों की कुर्बानी दे दी है। अब उन्हें और अमेरिकियों के मारे जाने का डर है लेकिन ईरान अपना अभियान जारी रखेगा।

## पूरी दुनिया को अपनी जद में लेने लगी युद्ध की विभीषिका

### कच्चे तेल की कीमतों में 10% वृद्धि



**न्यूयॉर्क।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। ये कीमतें तेज उछाल के साथ करीब 10% तक बढ़ गईं। ऊर्जा आपूर्ति शृंखला में व्यवधान की आशंका गहरा गई है। कच्चा तेल सोमवार सुबह करीब नौ प्रतिशत चढ़ गया।

### सेंसेक्स में 1,048 अंकों की गिरावट



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल में तेज उछाल से स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगा गया और छह महीने के निचले स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 313 अंक के नुकसान में रहा।

### चांदी 32,000, सोना 8,100 उछला



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट गहराने से निवेशक सुरक्षित संपत्ति की ओर रुख करने लगे हैं। इस कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी तीन लाख रुपये किलोग्राम और सोना 1.73 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब जा पहुंचा। दोनों धातुओं की कीमतों में 12% तक का उछाल आया।

# यूरेनियम आपूर्ति पर भारत और कनाडा के बीच करार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और कनाडा ने सोमवार को यूरेनियम एवं महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को लेकर अहम समझौतों पर हस्ताक्षर करने के साथ वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को जल्द अंतिम रूप देने पर भी सहमति बनी।

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बातचीत के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, छोटे एवं मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टर (एसएमआर), शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया गया। मोदी ने प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यह फिलहाल लगभग 13 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता हासिल करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए हमने सीईपीए को जल्द अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। इससे दोनों देशों में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



समझौते के दौरान कार्नी के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

- दोनों देशों ने तय किया आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर ले जाने का लक्ष्य

### भारत-कनाडा संबंध नई ऊर्जा से भरे हुए: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एवं कनाडा के द्विपक्षीय संबंध अब नई ऊर्जा, आपसी विश्वास और सकारात्मकता से भरे हुए हैं। कनाडा 2.6 अरब डॉलर के यूरेनियम आपूर्ति समझौते के तहत भारत के असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का समर्थन करेगा। असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक यूरेनियम आपूर्ति पर ऐतिहासिक समझौता हुआ है। हम छोटे मॉड्यूलर और उन्नत रिएक्टरों पर भी साथ काम करेंगे।

# माता-पिता, बहन-दादी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

- संपत्ति विवाद का मामला, बड़े भाई को भी किया गंभीर घायल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** चार वर्ष पूर्व बेची गई पैतृक जमीन के एवज में मिले पैसों में हिस्सा न मिलने से नाराज छोटे पुत्र ने झगड़े के बाद पिता, मां, बहन और बुजुर्ग दादी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। बड़े भाई गुरुदेव को भी घायल कर दिया। बाद में खुद को घिरा देख आरोपी ने खुद पर ईंट से हमला करते हुए जान देने की कोशिश की।

एएसपी (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने थाना रुपईडीहा के ग्राम रामपुर ऊदल निवासी गुरुदेव की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर बताया कि बीती रात एक बजे उसके छोटे भाई निरंकार का पिता से जमीन के रुपये व गहनों में अपने हिस्से की मांग को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद हिस्सा न मिलने से तिलमिलाए निरंकार ने पिता बदलूराम (60), मां संजू देवी (56), बहन पार्वती (42) व दादी शीतला (80) की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। गुरुदेव ने चीख पुकार के बाद जब निरंकार को रोकने की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। हत्या के बाद निरंकार ने ईंट से अपने सिर पर प्रहार करके खुद को भी गंभीर रूप से जख्मी कर लिया। एएसपी ने बताया कि तहरीर पर निरंकार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

रंगो-उमंगों का त्योहार | सीएम धामी ने बजाया हुड़का, कलाकारों के साथ गाए होली गीत

# लोक गीतों के बीच सीएम आवास में निखरे होली के रंग

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** ढोलक और हुड़के की थाप, मंजीरे की छनक और मधुर लोकगीतों के साथ मुख्यमंत्री आवास का प्रांगण सोमवार को होली के रंगों में सराबोर नजर आया। इस दौरान आम और खास ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला उत्सव है। उत्तराखंड की सांस्कृतिक विविधता हमारी शक्ति है और ऐसे आयोजन हमारी पारंपरिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।



ढोलक की थाप पर धर्मपत्नी गीता धामी के साथ होली गीत गाते मुख्यमंत्री धामी।

इस दौरान प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और एकता के भी दर्शन हुए। प्रदेश भर से आए लोक कलाकारों और होल्यारों ने अपनी धुनों से माहौल को उत्सवमय कर दिया। एक तरफ, हारूल नृत्य करते जौनसारी कलाकार थे तो दूसरी तरफ, अपनी ही धुन में मगन होली गीत गाते कुमांउनी होल्यारों की टीम। इन सबके बीच पौड़ी जिले के राठ क्षेत्र से आई सांस्कृतिक टोली ने भी अपना रंग जमाया। गढ़वाल-कुमाऊं से लेकर जौनसार तक का होली गायन-नृत्य विशेष रहा।

इस दौरान होली के गीत गूंजे। पारंपरिक गायन हुआ। ढोल, मंजीरे बजे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की संगत ने होली गीतों के प्रभाव को और बढ़ा दिया। आओ दगड़ियो, नाचा गावा, आ गई रंगीली होली का आह्वान कुमांउ से आए कलाकारों ने किया तो राठ क्षेत्र के कलाकारों ने गाया-आई डान्ड्यू बसंत, डाली मा मौल्यार। मुख्यमंत्री धामी भी लोक कलाकारों के संग होली के रंगों में पूरी तरह से रंगे नजर आए और खुद लोक कलाकारों के साथ थिरकने को मजबूर हो गए। राज्य के विभिन्न स्थानों से आए लोक कलाकारों ने इस मौके पर कहा कि लोक संस्कृति पर सीएम अच्छा काम कर रहे हैं। राज्य सरकार लोक संस्कृति को बढ़ावा देते हुए, लोक कलाकारों को संरक्षण प्रदान कर रही है।

**स्टेट ब्रीफ**

### महिला कांग्रेस का मार्च किया प्रदर्शन

**देहरादून :** एपस्टीन फाइल प्रकरण को लेकर सोमवार को महिला कांग्रेस ने राजधानी में प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन से घंटाघर, पलटन बाजार, तहसील चौक से होते हुए पार्टी मुख्यालय तक विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला। उन्होंने मांग की कि, इस पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराई जाए और जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किए 102 करोड़ रुपए

**देहरादून :** मुख्यमंत्री धामी ने विकास योजनाओं के लिए 102 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। सीएम ने यूएस नगर के अन्तर्गत उपजिला चिकित्सालय, बाजपुर में चिकित्साधिकारियों हेतु आवासीय भवनों के निर्माण कार्यों के लिए 4 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया है। कुम्भ मेला, खानपुर में विकास कार्यों, चम्पावत की तहसील पूर्णागिरी, चमोली के विकासखंड गैरसैंण, उत्तरकाशी के विकासखंड भटवाडी के ग्राम हर्षिल, देहरादून के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र, नगर पंचायत, ईमलीखेड़ा में विकास कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत करते हुए राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोबरियासार, रिखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल का नाम शहीद अनुज नेगी के नाम पर रखे जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### राज्य आंदोलन के आश्रितों की पेंशन में वृद्धि

**टनकपुर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आंदोलन के दौरान शहीद हुए राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों की पेंशन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। पहले से प्रदान की जा रही 3000 रुपये प्रतिमाह की पेंशन को बढ़ाकर अब 5500 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। राज्य आंदोलन के दौरान 7 दिन जेल गए अथवा घायल हुए आंदोलनकारियों की पेंशन 6,000 से बढ़ाकर 7,000 प्रतिमाह कर दी गयी है। यह निर्णय राज्यपाल की स्वीकृति से लिया गया है। डीएम मनीष कुमार ने कहा कि यह कदम उत्तराखंड सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का हिस्सा है।

# रंगोत्सव की ऊर्जा से राज्य के विकास में भरने हैं रंग

## भाजपा मुख्यालय में बरसा अबीर गुलाल, कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी संग मनायी होली

- होली पर भाजपा मुख्यालय में जमकर उड़ा अबीर गुलाल
- संगीत की मधुर धुन पर मना होली का जश्न

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** होली के मौके पर भाजपा मुख्यालय में जमकर अबीर गुलाल उड़ा। पार्टी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर अबीर, गुलाल और फूलों की बरसात की।

कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत रंगों एवं फूलों से कर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। सीएम एवं प्रदेश नेतृत्व की मौजूदगी में संगीत की धुन पर सभी लोगों ने होली का जश्न मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाइयां देते हुए कहा कि, हम सबको मिलकर रंगोत्सव से प्राप्त ऊर्जा से राज्य के विकास में नए-नए रंगों को भरना है। कहा कि, ये दुनिया का अनूठा त्यौहार है, जो सभी तरह के भेदभाव और द्वेष समाप्त करने का है। सभी से आग्रह किया कि उत्सव में आप सभी अपनी प्रसन्नता एवं उल्लास बनाए रखें।

सरकार जनता के सहयोग से विकास एवं कल्याण की अनेकों योजनाओं से प्रदेश का कायाकल्प करने में जुटी है। जन-जन की सरकार अभियान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि, 23 विभागों को गांव-गांव व घर-घर पहुंचाकर हमने जनता की समस्याओं का उनके दरवाजे पर समाधान का प्रयास किया। प्रदेश को हासिल उपलब्धियों और आम लोगों के जीवन में आए बदलावों का उत्साह भी इस बार होली के उत्साह को बढ़ा रहा है। इस रंगोत्सव से प्राप्त नवीन ऊर्जा का उपयोग हमें प्रदेश के विकास में जनसहयोग हासिल करने के लिए करना है।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, प्रेमचंद अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा मुख्यालय में होली महोत्सव को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।


शासकीय आवास पर हुड़के की थाप पर धर्मपत्नी गीता धामी के साथ होली गीत गाते सीएम।

### सरकार और संगठन की सफलता से कई गुना बढ़ा उत्साह

**देहरादून :** पारिवारिक अनहोनी के चलते होली समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट शामिल नहीं हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं के नाम संदेश में सभी को रंगोत्सव की बधाई देते कहा कि इस होली का उत्साह विगत 4 वर्षों में हमारी सरकार और संगठन की सफलता से कई गुणा बढ़ गया है। विश्वास जताया कि उमंग उत्साह के इस महोत्सव से रिचार्ज होकर हम 2027 की होली को जीत के रंगों से भरेंगे।

# मानव-वन्यजीव संतुलन महत्वपूर्णः राज्यपाल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राज्यपाल गुरमीत सिंह से सोमवार को लोक भवन में ब्लैकफुट चैलेंज (मोंटाना, अमेरिका) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. एसएम विल्सन ने शिष्टाचार भेंट की।

डॉ. विल्सन ने मानव-भालू संघर्ष विषय पर अपने अनुभव साझा करते कहा कि उनके शोध में पाया गया है कि भालू अक्सर मृत मवेशियों के अवशेषों की ओर आकर्षित होकर आबादी वाले क्षेत्रों में प्रवेश करते हैं। ऐसे में मृत पशुओं का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निस्तारण अत्यंत आवश्यक है, जिससे भालुओं का मानव बस्तियों की ओर आकर्षण कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण भालुओं के व्यवहार में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। शीतनिद्रा की अवधि में कमी आने से वे अधिक समय तक सक्रिय रहते हैं और भोजन की तलाश में मानव आबादी के निकट पहुंच जाते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि मानव-भालू संघर्ष को कम करने के लिए भालुओं के आहार, आवासीय व्यवहार तथा गतिविधियों का विस्तृत अध्ययन किया जाना चाहिए। सामुदायिक सहभागिता, वैज्ञानिक डेटा के सह-निर्माण और रोकथाम आधारित उपाय, पशु अवशेष प्रबंधन तथा जन-जागरूकता एवं प्रभावी प्रबंधन रणनीतियाँ तैयार करने में सहायक हो सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामुदायिक सहभागिता और समन्वित प्रयासों से मानव और वन्यजीवों के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने डॉ. विल्सन को वन मंत्री एवं सचिव से बैठक कर अपने सुझाव साझा करने का अनुरोध किया।


राज्यपाल गुरमीत सिंह से भेंट करते सीईओ डॉ. विल्सन।

# सीएम घोषणाएं समय से पूरी करना प्राथमिकता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** पर्वतीय क्षेत्रों में आधारभूत ढांचा मजबूत करने, यातायात व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित बनाने तथा पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विकास परियोजनाओं की मॉनिटरिंग तेज कर दी गई है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में आवास विभाग लंबित महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नियमित समीक्षा कर उन्हें शीघ्र धरातल पर उतारने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रहा है। इसी क्रम में आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में टिहरी गढ़वाल के तहसील बालगंगा अंतर्गत चमियाला बहुद्देश्यीय पार्किंग निर्माण परियोजना तथा पिथौरागढ़ के डीडीहाट टैक्सी स्टैंड निर्माण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। सचिव ने संबंधित विभागों को परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा लंबित औपचारिकताओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार पर्वतीय क्षेत्रों के संतुलित एवं सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ये परियोजनाएं केवल आधारभूत निर्माण नहीं बल्कि स्थानीय व्यापार, पर्यटन गतिविधियों और रोजगार सृजन से सीधे जुड़ीं विकास योजनाएं हैं।

### मुख्य सचिव ने ली बैठक, दिए निर्देश

**देहरादून :** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में आयोजित कैंपा परियोजना संचालन समिति की 12वीं बैठक में वन संरक्षण, मृदा-जल संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकथाम एवं वानाग्नि प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सीएस ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृदा-जल संरक्षण कार्यों के अंतर्गत प्रत्येक वन प्रभाग (डिवीजन) में एक बड़े प्रोजेक्ट को चिन्हित कर बहुआयामी प्रस्ताव तैयार किया जाए।

# जनदर्शन में न्याय का भरोसा, शिकायत पर त्वरित एक्शन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन/जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया गया।

जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने भूमि विवाद, निजी भूमि का सीमांकन, अवैध कब्जा, आपसी विवाद, आर्थिक सहायता, फीस माफी, उपचार से संबंधित 92 शिकायतें एवं समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने सभी जनशिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।


कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई करते जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल। ● अमृत विचार

इनमें एचडीसी कॉलोनी में सीवर धंसने, सड़क टूटने पर डीएम ने जवाब मांग लिया जबकि जनदर्शन से गायब इंजीनियर का वेतन रोक दिया गया।

कोर्ट के आदेश के बावजूद घर पर कब्जा होने की बुजुर्ग दंपती की गुहार पर डीएम ने एसडीएम से रिपोर्ट मांगी है।संपत्ति लालच में बुजुर्ग मां से बेटे-बहू के अभद्र व्यवहार की शिकायत पर डीएम ने भरण पोषण एक्ट में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। बुजुर्ग महिला की जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास की शिकायत पर तहसीलदार को मौके पर जांच के आदेश दिए। बेटे की धमकियों से त्रस्त बुजुर्ग मां की गुहार पर डीएम ने एसएसपी को सीनियर सिटीजन एक्ट में कार्रवाई के निर्देश दिए। जन सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए देहरादून-डोईवाला परिवहन सेवा प्रारंभ न होने पर स्मार्ट सिटी से रिपोर्ट तलब की।




### तल्लीताल बाजार में जूते की दुकान में लगी आग

**नैनीतालः** नगर के तल्लीताल बाजार क्षेत्र में सोमवार को एक फुटवियर दुकान में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। विक्की फुटवियर नामक दुकान में धुआं उठता देख आसपास के व्यापारियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचना दी।

बाजार में दुकानें सटी होने के कारण आग फैलने का खतरा था, लेकिन समय रहते पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के अनुसार, दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और त्वरित कार्रवाई से आग बुझा दी गई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन दुकान का काफी सामान जलकर नष्ट हो गया।

# पूर्णागिरि धाम के कपाट कल से चौबीसों घंटे खुले रहेंगे

संवाददाता,टनकपुर

**अमृत विचार :** देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेले में चार मार्च से श्रद्धालु चौबीसों घंटे मां के दर्शन कर सकेंगे। अब तक सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक ही दर्शन की अनुमति थी।

मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने बताया कि चार मार्च (बुधवार) से रात दिन मंदिर के कपाट खुल रहेंगे। इससे श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इधर मेले के चौथे दिन पांच हजार श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। मेले के उद्घाटन से ही श्रद्धालु कम संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे स्थानीय दुकानदार मायूस हैं। होली के बाद मंदिर में भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस व तहसील प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के इंतजाम पूरे कर लिए हैं। एसपी रेखा यादव ने बताया कि पूर्णागिरि मेले की सुरक्षा के लिए एक कंपनी पीएसी पहुंच चुकी है। रुद्रपुर से 40 और पिथौरागढ़ से 60 होमगार्ड्स भी यहां पहुंच गए हैं। मेले की सुरक्षा में चार एसआई, 10 हेंडकांस्टेबल और दो ट्रैफिक अधिकारी लगाए गए हैं। पिथौरागढ़ से डॉग स्क्वाड की टीम भी पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में पहुंच गई है। एसडीआरएफ की टीम पहले से ही यहां मौजूद है। सीओ वंदना वर्मा ने बताया कि नेपाल में चुनाव के मद्देनजर तीन मार्च की मध्यरात्रि से पांच मार्च की मध्य रात्रि तक नेपाल सीमा सील होने से पूर्णागिरि दर्शन को आए श्रद्धालु नेपाल के ब्रह्मदेव और महेंद्र नगर स्थित सिद्धबाबा के दर्शनों को नहीं जा पाएंगे।

### होली पर नकली नोटों का सौदागर गिरफ्तार

**रुड़की :** होली के दृष्टिगत भीड़ भरे बाजार में नकली नोट चलाने आए सौदागर को रुड़की कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500-500 रुपए के 38 जाली नोट बरामद किए हैं। एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह के अनुसार, हरिद्वार पुलिस द्वारा त्यौहारों के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के क्रम में रुड़की पुलिस को यह सफलता मिली। मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति कलियर रोड पर सोनाली पार्क के सामने मोटरसाइकिल सहित खड़ा है, जो नकली नोटों का व्यापार करता है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई आनंद मेहरा की टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी की पहचान मुकेश गर्ग (52) निवासी शाहपुर, मुजफ्फरनगर (यूपी) के रूप में हुई। पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है।

**अंतरिक्ष की दुनिया** | सूर्य पर हुए विस्फोट की वजह से जताई जा रही है आशंका

# सौर तूफान पृथ्वी की ओर आने की संभावना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** अंतरिक्ष मौसम का मिजाज फिर बिगड़ सकता है। इसकी वजह सूर्य के सतह से उठा सौर तूफान हो सकता है। सौर तूफान की दिशा पृथ्वी की ओर हुई तो ब्लैक आउट और सैटेलाइट सेवाओं में कुछ पलों के लिए व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। यह फिलामेंट विस्फोट (गर्म गैस ) बीती रात हुआ है।

सौर सक्रियता को इस बार डेढ़ वर्ष से अधिक समय गुजर चुका है और सूर्य को अब शांत हो जाना चाहिए था। पिछले सप्ताह सूर्य का पृथ्वी के सामने का हिस्सा शांत नजर आ रहा था। जिसमें एक भी सौर धब्बा नजर नहीं आ रहा था, लेकिन पीछे के हिस्से में कुछ सौर धब्बे बने हुए थे, जो अब पृथ्वी के सामने के हिस्से में पहुंच चुके हैं, उन्हें पृथ्वी से स्पष्ट देखा जा सकता है। इनकी संख्या आधा दर्जन है। जिनमें जबरदस्त विस्फोट कभी भी हो सकते हैं। बहरहाल बीती रात सूरज की सतह पर उत्तरी गोलार्ध में प्लाज्मा यानी गर्म गैस का विस्फोट हुआ है। सूर्य की इस सक्रियता को फिलामेंट कहते हैं। जिससे सौर तूफान उठने की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल फिलामेंट विस्फोट की ये घटना रविवार रात लगभग आठ बजे की है। जिसमें गर्म प्लाज्मा निकलना शुरु हुआ और आज सुबह 9 बजे तक जारी रहा।

सौर वैज्ञानिकों के अनुसार इस विस्फोट में प्लाज्मा का अधिकांश हिस्सा छिटककर वापस सूर्य की सतह पर गिर गया और कुछ हिस्सा सूर्य से बाहर निकल गया, जो सौर तूफान बनकर धरती की ओर आ सकता है। इससे संभव है कि पृथ्वी के कुछ जगहों पर ब्लैक आउट हो सकते हैं, साथ ही सैटेलाइट संचार भी कुछ पलों के लिए प्रभावित हो सकते हैं।



### अभी भी सक्रिय बना हुआ है सूर्य

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार सौर सक्रियता अप्रत्याशित ढंग से बनी हुई है। 11 वर्षीय इस सौर चक्र के सूरज पर होने वाले विस्फोटों को लेकर माना जा रहा था कि वह समय रूप से सक्रिय रहेंगे, लेकिन उम्मीदों के विपरीत सूर्य सक्रिय रहा है। इसका समय भी करीब एक से डेढ़ वर्ष होना चाहिए था, लेकिन वह समय भी पार कर चुका है। अब इसकी सतह पर गर्म प्लाज्मा विस्फोट का होना, इसकी तीव्र सक्रियता का प्रमाण है। साथ ही इससे उठे सौर तूफान की आशंका भी बनी हुई है, जो पृथ्वी तक पहुंच सकता है। बहरहाल सूर्य पर आधा दर्जन सौर कलंक बने हुए है, जो बड़े विस्फोट कर सकते है।

## सिटी ब्रीफ

### भगत ने जिलाधिकारी का जताया आभार

**हल्द्वानी :** विधायक प्रतिनिधि और भाजपा प्रवक्ता विकास भगत और ब्लाक प्रमुख हल्द्वानी मंजू गौड़, ब्लाक प्रमुख कोटाबाग मनीषा जंतवाल ने डीएम ललित मोहन रयाल से मुलाकात की। विकास भगत ने जिला अधिकारी से पनियाली में बाघ के खतरे को देखते हुए 10 लाख रुपये की सोलर लाइट उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त किया और सोलर फैंसिंग दुरस्त करने का अनुरोध किया।

### युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**रामनगर :** रामनगर में एक युवती ने उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती ने पुलिस को तहरीर में बताया कि बीते 9 फरवरी को रामपुर, उत्तर प्रदेश निवासी बख्शे अली पुत्र नन्हे शाह ने घर में जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल सुशील कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### राजस्व गांव बनाने की मांग

**हल्द्वानी :** बागजाला में किसान महासभा की बैठक में बागजाला व वन भूमि पर बसे अन्य गांवों को राजस्व गांव का दर्जा देने की मांग उठाई गई। कहा गया कि बागजाला, बिंदुखत्ता, दानी बंगर, आदि सभी गांवों को राजस्व गांव बनाने का प्रस्ताव 9 मार्च से गैरसैण में शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में पारित किया जाए।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया होलिका दहन

## अधर्म पर धर्म की जीत के रूप में शहर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया होलिका का दहन

- अग्नि प्रज्वलन होते ही भक्त प्रह्लाद दी जय हो का हुआ उद्घोष
- गायक विवेक शर्मा ने भजनों से जमाया रंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक 'होलिका दहन' सोमवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सोमवार देर शाम साढ़े आठ बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होलिका का दहन किया गया। जैसे ही अग्नि प्रज्वलित हुई, पूरा शहर 'भक्त प्रहलाद की जय' और होली के जयघोष से गूंज उठा।

नवाबी रोड से लेकर राजपुरा तक, हर चेहरा आस्था के रंग में सराबोर नजर आया। शहर के मुख्य आयोजन स्थलों पर भक्तों का भारी सैलाब उमड़ पड़ा। होलिका ग्राउंड (मंगल पड़ाव) पर श्रीरामलीला कमेटी संचालन समिति की ओर से पुष्प सज्जा की गई थी, जहां पुरोहित गोपाल दत्त भट्ट ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। शाम को भजन गायक विवेक शर्मा ने भजन संध्या में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। वहीं,



होली ग्राउंड में होलिका का पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

नवाबी रोड चौराहा, मुखानी और राजपुरा में भी होलिका का पूजन किया गया। पर्वतीय उत्थान मंच (हीरा नगर) में कुमाऊंनी संस्कृति के अनूठे दर्शन हुए, जहां ढोल-दमाऊ की थाप पर पारंपरिक खड़ी होली और होलिका दहन संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिव मंदिरों में धूनी जलाकर होलिका दहन किया गया।

इधर सिटी मजिस्ट्रेट व कमेटी संरक्षक ने विधिवत पूजन संपन्न कराया। पूजन में मनोज गुप्ता, विवेक कश्यप, दिनेश गुप्ता, तनुज गुप्ता, अतुल अग्रवाल व भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समिति सदस्य भोलेनाथ केसरवानी, एनबी गुणवन्त, प्रदीप जनोटी, सौरभ अग्रवाल, विजय भट्ट, राजेंद्र बिष्ट, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना और सचिन जायसवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



मंगलपड़ाव होलिका ग्राउंड में होलिका दहन का दृश्य। ● अमृत विचार

### होलिका ग्राउंड में उमड़ी आस्था, विधि-विधान से पूजी गईं होलिका माता

**हल्द्वानी :** शहर के मंगल पड़ाव होलिका ग्राउंड में सोमवार सुबह से ही भक्ति और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने विधि-विधान के साथ होलिका माता का पूजन किया और अपने परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस वर्ष तिथियों के विशेष संयोग और आज मंगलवार को लगने वाले चंद्र ग्रहण के कारण होलिका दहन सोमवार देर शाम संपन्न किया गया। वहीं, मुख्य होली छलड़ी 4 मार्च को मनाई जाएगी। सोमवार सुबह से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर होलिका ग्राउंड में महिलाओं की लंबी कतारें पूजा-अर्चना के लिए लगी रहीं। महिलाओं ने कलावा, पुष्पमाला, अक्षत, रोली-सिंदूर और गुलाल अर्पित कर होलिका की परिक्रमा की। कुमाऊंनी परिवेश और पारंपरिक लोकगीतों के बीच संपन्न हुई। इस पूजा ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। बुजुर्गों के अनुसार, यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है, जो समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देती है। मान्यता है कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। पूजन करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि होलिका की पूजा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और सुख-समृद्धि का वास होता है। इस अवसर पर कई लोग अपने पैतृक स्थलों पर भी पूजा के लिए पहुंचे।

## आज होगा पूर्ण चंद्रग्रहण बंद रहेंगे मंदिरों के कपाट

**नैनीतालः** मंगलवार को पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना घटित होगी। चंद्रग्रहण दोपहर 3:20 बजे शुरू होगा और सायं 6:47 बजे चंद्रमा ग्रहण से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। भारत के अधिकांश हिस्सों में यह आंशिक रूप में दिखाई देगा, जबकि जापान, ऑस्ट्रेलिया, फिजी, अलास्का और चीन में पूर्ण चंद्रग्रहण देखा जा सकेगा।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान एवं शोध संस्थान (एरीज) विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. वीरेंद्र यादव के अनुसार भारत में पूर्ण चंद्रग्रहण असम, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश तथा अंडमान-निकोबार में कुछ ही मिनटों के लिए दिखाई देगा। इसके बाद इन क्षेत्रों में भी आंशिक ग्रहण नजर आएगा। ग्रहण का पूर्ण चरण सायं 5:03 बजे शुरू होकर 5:33 बजे तक रहेगा। इसके बाद पृथ्वी की छाया धीरे-धीरे चंद्रमा से हटनी शुरू होगी और सायं 6:47 बजे चंद्रग्रहण समाप्त हो जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां नयना देवी मंदिर के पंडित लक्ष्मी नारायण लोहनी ने बताया कि ग्रहण से नौ घंटे पूर्व सुबह 6:15 बजे सूतक काल शुरू हो जाएगा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। सायं 6:47 बजे बाद मंदिरों में दर्शन किए जा सकते हैं।

# होली पर रोडवेज बस स्टेशन पर उमड़ी भीड़

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** होली के त्योहार को लेकर सोमवार को रोडवेज स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ रही। सुबह से ही यात्रियों का स्टेशन पहुंचना शुरू हो गया और दोपहर तक भीड़ बढ़ती गई। हालांकि इस साल पिछले सालों की तुलना में प्रमुख रूटों पर भीड़ नियंत्रण में रही, जिससे परिवहन निगम को अतिरिक्त व्यवस्थाओं में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। परिवहन निगम की ओर से अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई। हल्द्वानी डिपो से प्रमुख रूटों पर बसें भेजी गईं। जिसमें

दिल्ली के लिए 28 बसें भेजी गईं। जबकि पिछले सालों में 32 से 34 बसों का संचालन होता था। बरेली के लिए 5 बसें, टनकपुर 4 बसें, पीलीभीत 2, देहरादून 7, चंडीगढ़ 3, जालंधर व कानपुर 1-1 बस का संचालन हुआ।

खासकर दिल्ली जैसे प्रमुख रूट पर इस बार यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। काठगोदाम डिपो से दिल्ली के लिए 26 बसें भेजी गईं। इसके अलावा देहरादून, नैनीताल सहित अन्य प्रमुख रूटों पर भी नियमित बसों का संचालन किया गया। डिपो के सहायक महाप्रबंधक गणेश पंत ने बताया कि इस बार होली सीजन में यात्रियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। सवारी नहीं मिलने के कारण जयपुर जाने वाली बस को निरस्त करना पड़ा, जबकि नैनीताल रूट की कुछ बसें खाली रवाना हुईं। देहरादून के लिए दो वॉल्वो बसों का संचालन किया जा रहा है।

## होली पर चलेगी किशनगंज लालकुआं विशेष ट्रेन

**हल्द्वानी :** होली के त्योहार पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने किशनगंज-लालकुआं (वाया गोरखपुर) होली विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है।

यह विशेष ट्रेन किशनगंज से 5 से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार और लालकुआं से 6 से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को कुल 4 फेरों के लिए चलाई जाएगी। यह गाड़ी प्रत्येक गुरुवार को सुबह 8:30 बजे किशनगंज से चलेगी और अलुआबाड़ी रोड, ठाकुरगंज, अररिया, फारबिसगंज, ललितग्राम, राघोपुर, झंझारपुर, शिशो, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, कप्तानगंज, गोरखपुर, गोंडा, सीतापुर जंक्शन, लखीमपुर, गोला गोरकर्णनाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत, भोजीपुरा, बहेड़ी और किच्छा होते हुए अगले दिन 4:55 बजे लालकुआं पहुंचेगी।

# बाजारों में रौनक, खरीदारी के लिए उमड़े लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** होली के पर्व को लेकर शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। मुख्य बाजार, रेलवे बाजार, मुखानी, तिकोनिया और आसपास के व्यावसायिक क्षेत्रों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। चिप्स, पापड़, गुझिया, मिठाई, फल, पिचकारी, रंग, अबीर-गुलाल और होली के नए कपड़ों की बिक्री में इस बार खासा उछाल आया है।

इस बार भद्रा के कारण होलिका दहन दो मार्च को किया जाएगा, जबकि रंग चार मार्च को खेला जाएगा। ऐसे में तीन मार्च यानी मंगलवार को बाजार में भारी भीड़ रहने का अनुमान जताया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि पिछले दो-तीन दिनों से खरीदारी का सिलसिला तेज हुआ है और त्योहार नजदीक आते-आते यह और



होली के अवसर पर दुकान से रंग और पिचकारियां खरीदते लोग। ● अमृत विचार

बढ़ेगा। मुख्य बाजार में सजावट की दुकानों पर रंग-बिरंगी पिचकारियों और हर्बल रंगों की विशेष मांग देखी जा रही है। बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं महिलाओं ने गुझिया, नमकीन और अन्य पारंपरिक पकवानों की सामग्री की खरीदारी शुरू कर दी है। मिठाई की दुकानों पर खोया, गुझिया, मठरी और अन्य व्यंजनों की अग्रिम बुकिंग भी हो रही है।

**कपड़ा बाजार में भी रौनकः** कपड़ा बाजार में भी होली स्पेशल ऑफर के बोर्ड लगे हुए हैं। युवा वर्ग सफेद कुर्ता-पायजामा और टी-शर्ट की खरीदारी में जुटा है, ताकि रंग खेलने के दौरान अलग अंदाज में नजर आ सकें। फल मंडी में भी सेब, केला और संतरा सहित अन्य फलों की बिक्री बढ़ी है। व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि इस बार होली पर कारोबार अच्छा है, जिससे स्थानीय व्यापारियों को राहत मिली है।

भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने की तैयारी की जा रही है।

### हर्बल रंगों की बढ़ी मांग पिचकारी का क्रेज

**हल्द्वानी :** होली के इस सीजन में हर्बल और स्किन-फ्रेंडली रंगों की मांग में खासा इजाफा हुआ है। लोग रासायनिक रंगों से दूरी बनाते हुए सुरक्षित विकल्प चुन रहे हैं। बाजार में गुलाल के छोटे-बड़े पैक उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत गुणवत्ता के अनुसार तय की गई है। बच्चों के बीच पानी की टैंक और बैटरी चलित पिचकारियों का खास क्रेज है। दुकानदारों का कहना है कि त्योहार के अंतिम दो दिनों में बिक्री और तेज होने की उम्मीद है।

# 82 चालान, एक वाहन किया सीज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** होली के त्योहार को लेकर सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और परिवहन विभाग ने जिलेभर में सघन संयुक्त प्रवर्तन अभियान चलाया। डीएम और आरटीओ हल्द्वानी के निर्देश पर एसडीएम कोश्याकुटौली (कैंची धाम), एसडीएम कालाढूंगी, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी और एआरटीओ हल्द्वानी के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर ज्वाइंट चेकिंग की गई।

इस दौरान प्रवर्तन कार्रवाई में 82 वाहनों के चालान किए गए, जबकि नियमों के उल्लंघन पर एक वाहन सीज किया गया। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग, खराब हालत में संचालित वाहनों, ओवरस्पीडिंग, रैश ड्राइविंग और नशे की हालत में वाहन चलाने




चेकिंग करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व एआरटीओ जितेंद्र सिंगवान। ● अमृत विचार

वालों पर विशेष नजर रखी गई। प्रशासन और परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हल्द्वानी संभाग सहित पूरे जिले में यह प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि त्योहार के दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

प्रवर्तन टीम में टीटीओ अपराजिता सिंह, टीटीओ पवन कुमार, परिवहन उपनिरीक्षक रामचंद्र पंवार और गिरीश कांडपाल सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

# बस से महिला कांस्टेबल और देवर का बैग गायब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सदन में तैनात हल्द्वानी निवासी महिला कांस्टेबल और जापान से भारत आए उसके देवर का सामान अनुबंधित एसी बस से गायब हो गया। रविवार रात जब बस काठगोदाम डिपो होते हुए हल्द्वानी पहुंची, तब डिग्गी में रखे गए दोनों लाल रंग के बैग नहीं मिले। इससे बस में हंगामा हो गया।

बताया गया कि यह अनुबंधित एसी बस दिल्ली से हल्द्वानी के लिए चली थी। यात्रियों को बैठने में असुविधा न हो, इसके चलते सभी सवारियों के बैग बस की पिछली डिग्गी में रखवाए गए थे। इन्हीं में महिला कांस्टेबल और उसके देवर के दो लाल रंग के बैग भी रखे गए थे। देवर हाल ही में जापान से भारत आया था और बैग में पासपोर्ट, वीजा, लैपटॉप समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। बस दिल्ली से हल्द्वानी के बीच कई स्थानों पर रुकी थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि बैग रास्ते में ही कहीं गायब हुआ।

हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने चालक और परिचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी हाथ नहीं लगी। काठगोदाम डिपो के एआरएम गणेश पंत ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और बस मालिक व चालक जांच में सहयोग कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता ने बताया कि चालक से पूछताछ की गई है।

# कौन ले गया अरुण का मोबाइल!

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के कारोबारी अरुण सिंह बिष्ट की मौत को तीन दिन गुजर चुके हैं और अब यह साफ हो चुका है यह न तो हत्या है और न ही आत्महत्या। बल्कि हार्ट अटैक की वजह से अरुण की मौत हुई हो। इस बीच अरुण का मोबाइल गायब है और यह पूरे मामले को पेचीदा बना रहा है। पुलिस भी बड़ी शिद्दत से गायब मोबाइल का पता लगाने में जुटी है, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ है।

तल्ली हल्द्वानी निवासी अरुण सिंह बिष्ट (46) की लाश बीते शनिवार को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के बाहर उन्हीं की कार में मिली थी। हालांकि उनकी मौत शुक्रवार को ही हो गई थी और उस दिन सुबह से ही उनकी लाश कार में अस्पताल के बाहर खड़ी थी, लेकिन पता लगभग 24 घंटे बाद लगा। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन पुलिस प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण हार्ट अटैक मान रही है।

हार्ट अटैक से मौत की बात समझ में आती है, लेकिन अरुण के गायब मोबाइल ने घटना को पेचीदा बना दिया है। क्योंकि साजिशन भी हार्ट अटैक को प्लांट किया जा सकता है। ऐसे में गायब मोबाइल ही गुत्थी को सुलझा सकता है, लेकिन मोबाइल बंद है और पुलिस उसे ट्रेस करने में जुटी है।

यह भी संभव है कि मौत के बाद मोबाइल चोरी हो गया या फिर मौत से पहले। मामले की जांच में जुटे कोतवाल विजय कुमार मेहता का कहना है कि मोबाइल फोन को अभी ट्रेस नहीं किया जा सका है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### कौन थे कार में झांकने वाले स्कूटी सवार

**हल्द्वानी :** डॉ .सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के बाहर जहां कार खड़ी थी, वहां एक सीसीटीवी भी लगा है। पुलिस ने जब सीसीटीवी खंगालने शुरू किए तो रुकने से पहले अरुण ने कार एक बार रोकने का प्रयास किया और दूसरी बार में कार को रोक दिया। इसके बाद स्कूटी सवार दो लोग पहुंचे। उन्होंने कार के अंदर झांका और चले गए। फिर एक और स्कूटी सवार आया, उसने कार का खुला दरवाजा बंद किया और वो भी चला गया। पुलिस अभी तक यह भी पता नहीं सकी है कि कार की रेकी करने वाले स्कूटी सवार लोग कौन थे।

होली का असर — सरकारी अस्पतालों की ओपीडी पर भी होली त्योहार का असर साफ नजर आ रहा है

# अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या आधी से भी कम

- बेस और एसटीएच में बनी हुई है सुनसानी, डॉक्टरों के केबिन खाली

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** होली पर्व के नजदीक आते ही शहर के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी पर भी त्योहारी असर साफ दिखाई देने लगा है। आम दिनों में मरीजों से भरी रहने वाली ओपीडी इन दिनों अपेक्षाकृत सूनी नजर आ रही है। शहर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) और बेस अस्पताल हल्द्वानी में मरीजों की संख्या घटकर आधे से भी कम रह गई है।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार



सामान्य दिनों में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 1800 से 2000 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, जबकि बेस अस्पताल में यह संख्या 1400 से 1600 के बीच रहती है। लेकिन होली के मद्देनजर इन दिनों मरीजों की आमद में उल्लेखनीय कमी आई है। कई विभागों में डॉक्टरों के सामने खाली कुर्सियां दिखाई दे रही हैं और पंजीकरण काउंटर पर भी भीड़ सामान्य से काफी कम है। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने बताया कि त्योहारी सीजन में अक्सर मरीज गैर-आपातकालीन समस्याओं के लिए अस्पताल आने से बचते हैं। लोग छोटे-मोटे रोगों के लिए घर पर ही उपचार कर लेते हैं या फिर त्योहार के बाद अस्पताल आने का निर्णय लेते हैं। इसी कारण ओपीडी में मरीजों की संख्या घट जाती है। वहीं एसटीएच के एमएस डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि होली के बाद मरीजों की संख्या फिर से बढ़ने की संभावना है। त्योहार के दौरान खानपान में बदलाव, रंगों के प्रयोग और लापरवाही के चलते त्वचा, आंख और पेट संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं, जिससे ओपीडी में दोबारा भीड़ देखने को मिल सकती है।

### नए न्यूरोसर्जन दो दिन देखेंगे मरीज

**हल्द्वानी :** एसटीएच में डॉ. अखिलेश जोशी बतौर नए न्यूरोसर्जन काम देखेंगे। डॉ. अमित देवल के जाने के बाद उनके आने से काफी राहत मिली है। अभी तक केवल डॉ. अभिषेक राज के जिम्मे ही न्यूरोसर्जरी विभाग की पूरी जिम्मेदारी थी। जबकि इस विभाग में ओपीडी के साथ ही मरीजों के ऑपरेशन भी किए जाते हैं। अब डॉ. जोशी मंगलवार और शनिवार को एसटीएच की ओपीडी में मरीजों को देखेंगे। एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि उनकी ओपीडी के लिए दो दिन निर्धारित किए गए हैं।

## शराब की तस्करी में दो तस्कर दबोचे

**हल्द्वानी :** मुखानी पुलिस ने गश्त के दौरान हरिपुर जमन सिंह तिराहा के पास से बहादुर सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी हरिपुर जमन सिंह देवलचौड़ को 51 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में 65 वर्षीय बहादुर सिंह ने बताया कि कट्टे में घर का राशन है, लेकिन तलाशी में शराब निकली।

दूसरे मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने गश्त के दौरान गौला पार्किंग स्थित यात्री विश्राम गृह के पास से शंकर दत्त पुत्र स्व. नरोत्तम दत्त निवासी संगम विहार कुसुमखेड़ा मुखानी को गिरफ्तार किया। 64 वर्षीय इस तस्कर के पास से पुलिस ने देसी शराब के 96 ट्रैटा पैक बरामद किए। आरोपी अपनी गरीबी का हवाला देना लगा और बोला, साहब शराब बेचकर अपना खर्च चलाता हूं।

# नेशनल हॉकी चैंपियनशिप के लिए राज्य की टीम घोषित

- 1 से 12 अप्रैल तक बिहार में प्रतियोगिता में लेगी भाग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** हॉकी उत्तराखंड ने आगामी 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप के लिए राज्य की टीम का ऐलान कर दिया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 1 से 12 अप्रैल 2026 तक बिहार के राजगीर में आयोजित की जाएगी।

हॉकी उत्तराखंड के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र सिंह बाफिला की ओर से जारी आधिकारिक सूची के अनुसार, टीम में 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में युवा प्रतिभा और फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया गया है। चयनित खिलाड़ियों की टीम में गुलशन, गौरव भट्ट, अमन कुमार, अंकुर गुप्ता, भरत सिंह कोरंगा, दक्ष प्रजापति, कृष्णा वर्मा, दिव्यांश जलाल, ध्रुव दोसे, गोविंद सिंह, मनीष सिंह कुंवर, मिहिर सिंह कुंवर, विक्की सिंह बोहरा, विकाश कश्यप, अजय, रजनीश, अंकित कुमार, अग्रिम डोभाल, गुंजीत भंडारी, रौनक यादव, हेम दाली, दीक्षांत जोशी, अनुराग सिंह और श्रेयांश बिजल्वाण शामिल हैं। महासचिव नरेन्द्र सिंह बाफिला ने उम्मीद जताई है कि उत्तराखंड की टीम बिहार में होने वाली इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करेगी।

अमृत विचार

हल्द्वानी , मंगलवार,3 मार्च 2026



## सिटी ब्रीफ



सैनिक स्कूल के लिए चयनित छात्र।

### तीन छात्रों का सैनिक स्कूल में चयन

**कालाढूंगी :** स्वर्णिम कोचिंग सेंटर छोटी हल्द्वानी के तीन छात्रों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। कोचिंग सेंटर के शिक्षिका भूमिका ने बताया कि कोचिंग सेंटर के चार बच्चों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा दी थी। जिनमें से तीन छात्रों ने सफलता प्राप्त की। परीक्षा में शिवम नेगी, कृष्णा जोशी व राज ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्रों के चयन पर तुषार, अमित व ग्रामीणों ने बधाई दी है।

### दो छात्र इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए चयनित



**हल्द्वानी :** बियरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक 2025-26 के अंतर्गत हुआ है। कक्षा 8 की छात्रा कनिका कनवाल ने उपकरणों के लिए संशोधित हैंडल शीर्षक और कक्षा 10 के छात्र आरुष सिंह गैड़ा ने गन्ना तना काटने की मशीन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। दोनों विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट के ब्लूप्रिंट जमा किए। योजना भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से चलाई जाती है। योजना के तहत चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए 10000 की वित्तीय सहायता दी गई। स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों ने इस सफलता के लिए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के ब्लॉक अध्यक्ष बने विक्रम

**हल्द्वानी :** शहर के युवा व्यवसायी विक्रम गौड़ को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने उन्हें हल्द्वानी ब्लॉक इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। हल्द्वानी महानगर और ग्रामीण इकाई के गठन के बाद अब ब्लॉक इकाई का भी गठन कर संगठन को मजबूत किया गया है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश अनुशासन अध्यक्ष डॉ. बालम सिंह बिष्ट, महामंत्री राजकुमार केसरवानी, प्रदेश सचिव रमेश जोशी, आफताब हुसैन आदि ने बधाई दी।

# मेहरा गांव के गंगनाथ मंदिर के पास जंगल में लगी आग

- स्थानीय लोगों ने वन विभाग को दी आग लगने की सूचना
- आग लगने से तेंदुए के आबादी में आने की आशंका से लोग भयभीत

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल क्षेत्र के मेहरा गांव में गंगनाथ मंदिर के आसपास जंगल में सोमवार देर शाम अचानक आग भड़क उठी। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। आग लगने से आसपास के गांवों के लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार शाम करीब 6:45 बजे अचानक जंगल से धुआं और आग की लपटें उठनी शुरू हो गईं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त जंगल में लंबे समय से तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी भी मिलती रही है। ऐसे में आग लगने के बाद तेंदुए के रिहायशी क्षेत्र की ओर आने की आशंका से लोग भयभीत हो गए और एहतियातन अपने-अपने घरों में चले गए।

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने वन विभाग को दे दी है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी को भी अवगत करा दिया गया है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। खबर लिखे जाने तक जंगल की आग जारी थी।

### उत्तराखंड बोर्ड सचिव से मिले शिक्षक संघ के सदस्य, त्रुटियों पर छात्रों को बोनस अंक देने की रखी मांग

# गणित के पेपर में पाठ्यक्रम से बाहर के सवाल आने का आरोप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के बीच गणित के प्रश्नपत्र को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। प्रश्नपत्र में त्रुटियां और पाठ्यक्रम से बाहर के सवाल पूछे जाने का आरोप लगाते हुए राजकीय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव वी.पी. सिमल्टी से मुलाकात कर छात्रों को बोनस अंक दिए जाने की मांग की है।

प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल के नेतृत्व में पहुंचे शिष्टमंडल ने बोर्ड सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि हाईस्कूल गणित प्रश्नपत्र संकेतांक 231 (एचआरजी)



रामनगर में बोर्ड सचिव को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

के प्रश्न संख्या 22 में "समतल आकृतियों के संयोजन के क्षेत्रफल" से संबंधित सवाल पूछा गया है, जो प्रश्नावली 12.3 पर आधारित है। शिक्षक संगठन का कहना है कि यह प्रश्नावली सत्र 2023-24 से परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम से हटा दी गई थी, ऐसे में यह प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर का माना जाएगा, जिससे छात्रों को असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ा।

इसी तरह इंटरमीडिएट गणित प्रश्नपत्र संकेतांक 428 (आईआरएस) में भी त्रुटियों का आरोप लगाया गया। संगठन के अनुसार प्रश्न संख्या 1 (ञ) में सही उत्तर ''ए गलत और आर सही'' होना चाहिए था, लेकिन दिए गए विकल्पों में यह उत्तर उपलब्ध ही नहीं था। प्रश्न संख्या 14 में भी प्रिंटिंग त्रुटि बताई गई है।

संगठन का कहना है कि प्रश्न में ''सी'' को 3गुणा3 का आव्यूह (मैट्रिक्स) दर्शाया जाना चाहिए था, तभी प्रश्न तार्किक रूप से सही बनता, गलत प्रिंटिंग के कारण विद्यार्थियों में भ्रम की स्थिति बनी रही। शिक्षक संगठन ने मांग की कि इन त्रुटिपूर्ण प्रश्नों की विषय विशेषज्ञों से निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और छात्र हित को देखते हुए सभी परीक्षार्थियों को समान रूप से बोनस अंक प्रदान किए जाएं, ताकि किसी भी विद्यार्थी का शैक्षणिक नुकसान न हो।

इस पर सचिव सिमल्टी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संबंधित प्रश्नपत्रों की विशेषज्ञों से जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्रों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और यदि त्रुटि सिद्ध होती है तो छात्रों के हित में निर्णय लिया जाएगा।

# बनभूलपुरा में रमजान और होली को लेकर विशेष सुरक्षा व्यवस्था

### समुदाय विशेष की आबादी के बीच होली खेलते हैं दर्जनों परिवार, पुलिस चौकस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रमजान के पाक महीने के बीच होली का त्योहार अपने चरम पर है। ऐसे में शहर के अन्य हिस्सों के साथ पुलिस का फोकस बनभूलपुरा पर ज्यादा है। सिर्फ बनभूलपुरा ही नहीं, काठगोदाम में भी बड़ी संख्या में मिश्रित आबादी के बीच होली का त्योहार शांतिपूर्ण निपटाना पुलिस के लिए चुनौती है। हालांकि पुलिस पहले ही सभी से अपील और हुड़दंगियों से अल्टीमेटम दे चुकी है।

बनभूलपुरा में दुर्गा मंदिर है और यहीं बड़ी संख्या में होली मनाने वाले परिवार रहते हैं। यहीं पर होलिका दहन होता है और रंगोत्सव भी जमकर मनाया जाता है। चूंकि होली मनाने वाले परिवारों के चारों ओर समुदाय विशेष के लोग रहते हैं, ऐसे में पुलिस ने इस इलाके में सुरक्षा के खास बंदोबस्त किए हैं। ऐसे रास्तों पर बेरीकेडिंग कर दी है, जो समुदाय विशेष के लोगों की



हल्द्वानी का बनभूलपुरा क्षेत्र। ● अमृत विचार

ओर जाते हैं। एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि इलाके में पुलिस बल के साथ पीएसी की भी तैनाती की गई है। इसके अलावा खुफिया हल पल हर हरकत पर नजर बनाए हुए है। सोशल मीडिया मॉनीटरिंग सेल भी सोशल मीडिया पोस्ट्स पर नजर रख रही है।

बहरहाल, बनभूलपुरा की ही तरह काठगोदाम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर समुदाय विशेष के लोग रहते हैं। ऐसे में काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा को भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

#### शहर की सीमाओं पर सघन चेकिंग, सीसीटीवी से नजर

**हल्द्वानी :** रमजान के बीच होली का त्योहार शांतिपूर्वक निपटे, इसके लिए पुलिस ने मुकम्मल इंतजाम कर लिए हैं। शहर के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील इलाकों के साथ ही जिले की सीमाओं पर पुलिस बल तैनात किया गया है, जो हर संदिग्ध की जांच कर रही है। इसके लिए पुलिस का हाईटेक सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भी पूरे शहर और जिले की सीमा पर नजर रखी जा रही है। पुलिस का मकसद है कि त्योहार पर किसी तरह का हादसा न हो। पुलिस ने शराब पीकर वाहन दौड़ाने वालों को खास चेतावनी दी है।

### मिताली जापान के संस्थान में इंटर्नशिप के लिए चयनित

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर की बीएससी छात्रा मिताली नेगी का जापान के प्रतिष्ठित जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में तीन माह की इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। यह इंटर्नशिप पूरी तरह से जापान सरकार के वित्तीय सहयोग से आयोजित होगी।

मिताली नेगी इस सप्ताह जापान के लिए रवाना होंगी।कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत के अनुसार, कुमाऊं विश्वविद्यालय और जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बीच लंबे समय से सशक्त अकादमिक संबंध रहे हैं। प्रो. रावत वर्तमान में उस संस्थान में विज़िटिंग प्रोफेसर हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यकाल के दौरान उन्होंने जापान के इस संस्थान के साथ शैक्षणिक सहयोग की नींव रखी थी। दिसंबर 2023 में जापान की यात्रा के दौरान कुमाऊं विश्वविद्यालय और जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। मिताली नेगी इस समझौते के तहत जापान जाने वाली पहली छात्रा हैं। विवि के जनसंपर्क अधिकारी रीतेश साह ने बताया कि यह उपलब्धि का श्रेय कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत की दूरदर्शी पहल और अंतरराष्ट्रीय अकादमिक नेटवर्क को जाता है।

# यूजीसी के समर्थन में बनी कमेटी, टम्टा बने संरक्षक





यूजीसी के समर्थन में दमुवाढूंगा में बैठक करते विभिन्न संगठन के पदाधिकारी।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** विभिन्न संगठनों ने दमुवाढूंगा में सभा का आयोजन किया और यूजीसी गाइडलाइन का समर्थन किया। यूजीसी के समर्थन में15 मार्च को निकाली जाने वाली रैली की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

जीआर टम्टा ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव को रोकने और समान अवसर सुनिश्चित करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद, यूजीसी ने 2012 के पुराने नियमों को मजबूत करने के लिए नए नियम बनाए। इन नियमों का उद्देश्य एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं और दिव्यांगों के खिलाफ भेदभाव को रोकना है। नफीस अहमद खान ने कहा कि इक्विटी कमेटी हर संस्थान में शिकायतों का निवारण करेगी। ईओसी समान अवसर प्रकोष्ठ को मजबूत किया जाएगा जो वंचित वर्गों के छात्रों को मदद करेगा। यूजीसी के समर्थन में कमेटी का भी गठन किया गया। जीआर टम्टा को कमेटी का संरक्षक बनाया गया। साथ ही तय हुआ कि यूजीसी के समर्थन में 15 मार्च को रैली निकाली जाएगी और लोगों को जागरुक किया जाएगा। इस दौरान शंकर लाल, सुंदरलाल बौद्ध, आरआर आर्य, गंगा प्रसाद, विनोद कुमार पिन्नू, एमआर आर्य, बीएल आर्य, जितेंद्र वर्मा, विनोद कुमार बौद्ध, योगिता दीप, वीरेंद्र टम्टा, दीप दर्शन, प्रेम राम, विकास, पंकज आंबेडकर, आकाश भारती, संजय कुमार, गजेंद्र पाल, रमेश चंद्र, चंद्र प्रकाश, नीरू कपूर थे।

# वन गांवों को राजस्व गांव बनाने का प्रस्ताव हो पारित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की बैठक धरना स्थल बागजाला में हुई। जिसमें पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने बागजाला, बिंदुखत्ता, सुल्ताननगरी, दानी बंगर, खोलिया बंगर समेत वन भूमि पर बसे सभी गांवों और खत्तों को राजस्व गांव बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव 9 मार्च से गैरसैंण में शुरू होने वाले विधानसभा सत्र से पारित किया जाए।

भाकपा माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि लालकुआं विधायक व भाजपा बार-बार वन भूमि पर बसे परिवारों को भूमि का मालिकाना हक देने के मुद्दे पर भ्रमित कर रही है। बिंदुखत्ता राजस्व गांव के मामले में 25 फरवरी की कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव लाने का झूठ उजागर होने के बाद वे मुख्यमंत्री की विलोपित घोषणा को पुनः प्रक्रिया में लाने की कार्यवाही की बात कह रहे हैं। कहा कि यदि उन्हें वास्तव में जनहित की परवाह है तो उन्हें बिंदुखत्ता के साथ-साथ लालकुआं विधानसभा के प्रतिनिधि होने के नाते लालकुआं विधानसभा में वन भूमि पर बसी बागजाला, बिंदुखत्ता, सुल्ताननगरी, दानी बंगर, खोलिया बंगर समेत पूरी आबादी और वन खत्तों के लिए राजस्व गांव का विधिसम्मत प्रस्ताव पारित करना चाहिए। विमला देवी, मीना भट्ट, गणेश राम, प्रेमसिह नयाल, पंकज चौहान, दीवान सिंह बर्गली, हेमा आर्य, हेमा देवी, ललिता देवी रहे।

### पुलिस भर्ती में सभी के परिणाम हों घोषित

**रामनगर :** चिह्नित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक एवं कांग्रेस प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने हाल ही में पुलिस भर्ती में राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को 10 प्रतिशत आरक्षण के तहत चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम राज्य सरकार द्वारा रोके जाने की कड़ी निंदा की है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि वर्षों के संघर्ष के बाद राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिलाया गया था, लेकिन अब चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम रोककर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि वे इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें। साथ ही, जो अभ्यर्थी चयनित हो चुके हैं, उनका परिणाम शीघ्र घोषित कर उन्हें पुलिस भर्ती में समायोजित किया जाए।

# ऑल सेंट्स कॉलेज में प्री-प्राइमरी विंग शुरू

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** ऑल सेंट्स कॉलेज में प्री-प्राइमरी विंग का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर नन्हें बच्चों की मधुर किलकारियों से सराबोर रहा। इस विशेष अवसर पर कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने नन्हें विद्यार्थियों का हस्तनिर्मित फूल एवं चॉकलेट भेंट कर स्नेहिल स्वागत किया। वरिष्ठ छात्रों का यह स्नेहपूर्ण प्रयास भविष्य की नई पीढ़ी के प्रति उनके अपनत्व और जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है।विद्यालय की प्रधानाचार्या एंजिना रिचड्र्स ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय परिसर को आकर्षक चित्रों और शिक्षण-सामग्री से सजाया गया था, जिससे वातावरण अत्यंत आनंदमय और आकर्षक प्रतीत हो रहा था।

नन्हें बच्चों के लिए खेल-आधारित शिक्षण गतिविधियों, कहानी-कथन, संगीत और रचनात्मक कार्यों का आयोजन किया गया, ताकि उनका पहला दिन सहज, रोचक और यादगार बन सके। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने छोटे बच्चों को कक्षाओं तक पहुंचाने में भी सहयोग किया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सुरक्षा का भाव विकसित हुआ।अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया। पूरे आयोजन में उत्साह, स्नेह और नई शुरुआत की आशा स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

# खाद्य पदार्थों के चार नमूने जांच को भेजे

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने रामनगर में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को विभाग की टीम ने अचानक छापेमारी कर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसा। कार्रवाई की भनक लगते ही कई दुकानदार दुकानें बंद कर मौके से हट गए, जिससे बाजार में हड़कंप मच गया।

अभियान की जानकारी देते हुए नैनीताल जिले के सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) अजब सिंह रावत ने बताया कि वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनगर असलम खान और खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी नंदकिशोर की संयुक्त टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान एक मावा फैक्ट्री से मावे का नमूना लिया गया, जबकि तीन अन्य



मिष्ठान भंडार में जांच करते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

दुकानों से भी खाद्य सामग्री के नमूने एकत्र किए गए। कुल चार नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक दुकानों का निरीक्षण किया गया। टीम ने दुकानदारों को स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त ने चेतावनी दी कि जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने टोल-फ्री नंबर जारी करते हुए कहा कि यदि किसी दुकान पर एक्सपायरी या मिलावटी सामान बेचा जा रहा हो तो उपभोक्ता तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

**सुविधा** | 11 वर्ष पहले तत्कालीन विधायक दान सिंह भंडारी ने विधायक निधि से डेढ़ लाख रुपये दे की थी शुरूआत

# भीमताल विकासखंड की पहचान बना ओपन थियेटर पिनरौ

- थियेटर के पास व्यू प्वाइंट भी विकसित किया गया है
- लोगों की सुविधा के लिए प्रसाधन केंद्र का हो रहा निर्माण

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार:** विकास की सोच हो तो स्थान और धन कहीं न कहीं से उपलब्ध हो ही जाता है। ऐसा ही उदाहरण भीमताल विकासखंड की ग्राम सभा पिनरौ में बने ओपन थियेटर ने प्रस्तुत किया है।

आज से करीब 11 वर्ष पहले तत्कालीन विधायक दान सिंह भंडारी ने अपनी विधायक निधि से डेढ़ लाख रुपये क्षेत्र की जनता के मनोरंजन के लिए ओपन थियेटर निर्माण के लिए उपलब्ध कराए



भीमताल का ओपन थियेटर। ● अमृत विचार

थे। बाद में तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख गीता बिष्ट ने इस योजना में रुचि दिखाई और मनरेगा के तहत 10 लाख रुपये स्वीकृत कराए, जिससे 35 मीटर लंबे ओपन थियेटर में बैठने की व्यवस्था तैयार की गई। जैसे-जैसे संरचना आकार लेती गई, गीता बिष्ट ने पुनः मंच निर्माण के लिए मनरेगा से 7 लाख रुपये और उपलब्ध कराए। इस धनराशि से एक व्यू प्वाइंट भी विकसित किया गया। जलागम विभाग की योजना के अंतर्गत पानी का टैंक भी बनाया गया।

वर्तमान में लोगों की सुविधा के लिए जहां एक ओर प्रसाधन केंद्र का निर्माण हो रहा है, वहीं जल निगम द्वारा पेयजल योजना भी क्षेत्र में शुरू कर दी गई है। मंडी परिषद द्वारा छह कमरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्मित ओपन थिएटर की खूबसूरती देखते ही बनती है। आदि कैलाश (छोटा कैलाश) जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, शिवरात्रि मेले के दौरान यातायात जाम से निजात दिलाने के लिए ओपन थियेटर के पास पार्किंग की सुविधा भी विकसित की जा रही है।



मेरा प्रयास है कि मेरी ग्राम सभा का यह स्थान न केवल जिले में एक मॉडल के रूप में स्थापित हो, बल्कि पूरे प्रदेश में एक मिसाल बने। इसके लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूं।
**-उमेश पलडिया,** ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख



उस समय स्थानीय जनता की मांग पर यह धनराशि मेरे द्वारा विधायक निधि से उपलब्ध कराई गई थी। भविष्य में अवसर मिला तो क्षेत्र को और विकसित किया जाएगा। **-दान सिंह भंडारी,** पूर्व विधायक



ब्लॉक में जब भी विकास के प्रस्ताव आते हैं तो हमारा प्रयास रहता है कि स्थायी संपत्ति का सृजन किया जाए। इसी उद्देश्य से इसका निर्माण किया गया है।
**-डॉ. हरीश सिंह बिष्ट,** ब्लॉक प्रमुख, भीमताल

### कराटे चैंपियनशिप में चेतन ने जीता स्वर्ण पदक

**हल्द्वानीः** नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित नेशनल सीनियर कराटे चैंपियनशिप में हल्द्वानी निवासी चेतन भट्ट ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। चेतन भट्ट की इस उपलब्धि पर कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के जनरल सेक्रेटरी संजीव कुमार जांगड़ा ने उन्हें बधाई दी है। केआईओ के जनरल सेक्रेटरी ने भी चेतन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके कोच वीरेंद्र राठौर, समस्त सपोर्टिंग स्टाफ, कोच दीपक अधिकारी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने भी चेतन भट्ट को इस उपलब्धि उन्हें बधाई दी। वहीं नैनीताल कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह किरोला, महासचिव राजेंद्र सिंह व सचिव देवेंद्र बिष्ट ने कहा कि चेतन की यह सफलता खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है।

# कांदला गोलीकांड में पांच के खिलाफ केस

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने रामनगर के ग्राम कांदला क्षेत्र में एक व्यक्ति के घर पर फायरिंग करने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है।

गुरमीत सिंह पुत्र जनरैल सिंह, निवासी ग्राम कांदला, रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते रविवार सुबह अर्जुन पुत्र गुरदास सिंह निवासी ग्राम कांदला, सुमित्रो कौर पुत्री गुरदास सिंह निवासी ग्राम कांदला, रोहित गुज्जर निवासी रामनगर, हितेश निवासी रामनगर तथा हिमांशु निवासी रामनगर तमंचे और तलवार जैसे हथियारों के साथ उसके घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से पिस्टल और तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार वह और उसके परिजन बाल-बाल बच गए तथा घर के अंदर छिपकर अपनी जान बचाई। विरोध करने पर आरोपियों ने तलवार से भी हमला किया। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपी उनसे पुरानी रंजिश रखते हैं और भविष्य में उनके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# होली जुलूस में उड़ा एक कुंतल गुलाल, रंग से सराबोर हुआ नगर

## श्री रामसेवक सभा भवन से शुरू हुआ जुलूस, रंगों की बौछार के बीच ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक होली गीतों ने वातावरण को बना दिया उत्सवमय

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** ऋतुराज बसंत के आगमन और प्रकृति के नवश्रृंगार के उल्लास के बीच श्री रामसेवक सभा द्वारा होली पर्व पर पारंपरिक होली रंग जुलूस का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग एक कुंतल रंग और गुलाल उड़ाकर पूरे नगर को होली के रंगों में सराबोर कर दिया गया। सभा परिवार की ओर से नगरवासियों एवं देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से सभी के जीवन में सुख, शांति और सकारात्मकता की कामना की गई।

रंग जुलूस सभा भवन से प्रारंभ होकर आर्य समाज मार्ग से होते हुए मल्लीताल के प्रमुख बाजारों में भ्रमण करता हुआ पुनः सभा भवन पहुंचा। जुलूस के दौरान रंगों की बौछार, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक होली गीतों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। नगरवासी, पर्यटक, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए होली का आनंद उठाया। जुलूस में होलियारों द्वारा पारंपरिक कुमाउनी होली गायन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कैलाश जोशी, हीरा रावत, भीम सिंह कार्की, भुवन बिष्ट, बिमल चौधरी, गिरीश जोशी, पारस और रक्षित सहित अन्य होलियारों ने बुराशी का फूला, हो हो सो नखरे होली लाग रे तथा हो मुबारक मंजर फूलों भरी, ऐसे होली खेले जनाबे अली" जैसे पारंपरिक गीत प्रस्तुत कर माहौल को रंगमय बना दिया। लोगों ने होलियारों के साथ जमकर नृत्य भी किया। रंगों के साथ फूलों की होली ने आयोजन की आकर्षकता और बढ़ा दी।

सभा पदाधिकारियों ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और नई शुरुआत का प्रतीक है। यह पर्व सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सामाजिक एकता को मजबूत बनाता है। विभिन्न रंगों के आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि लाल रंग प्रेम और ऊर्जा, पीला ज्ञान और प्रसन्नता, नीला शांति एवं भगवान कृष्ण का प्रतीक, हरा प्रकृति और नवजीवन, गुलाबी स्नेह, नारंगी उत्साह तथा बैंगनी रचनात्मकता का प्रतीक माना जाता है। शाम को विधि-विधान के साथ होलिका दहन पूजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने भाग लिया। पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्य, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल, डॉ. कपिल जोशी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के संरक्षक एवं अध्यक्ष मनोज लाल साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी, प्रबंधक विमल चौधरी, उपाध्यक्ष अशोक शाह, पूर्व महासचिव राजेंद्र लाल साह, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी 'मंटू' सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।


नैनीताल में सोमवार को होली जुलूस में होली गीतों पर झूमते होल्यार। ● अमृत विचार


लॉंग व्यू पब्लिक स्कूल में आयोजित होली कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### सिटी ब्रीफ

### मंडलायुक्त और डीएम ने दी होली की बधाई

**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त दीपक रावत व जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी लोग होली शांतिपूर्ण वातावरण और मर्यादाओं का पालन करते हुए मनाएं। वहीं जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा, यह पावन अवसर हमें प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। इसका ख्याल रखते हुए होली मनाएं।

### विद्यार्थियों ने खेली फूलों की होली

**हल्द्वानी :** वुडलैंडस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होली का त्योहार मनाया गया। स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने फूलों की होली खेलकर प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे, प्रेम और एकता का संदेश दिया। स्कूल प्रशासन ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक मूल्यों, पर्यावरण जागरूकता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।

### गन्ना समिति में उत्साह से मनाई गई होली

**हल्द्वानी :** गन्ना समिति हल्द्वानी में होली का आयोजन किया गया। अध्यक्ष प्रताप सिंह सिद्ध ने होली के अवसर सभी लोगों को रंग लगाया। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी एलएम रयाल भी रहे। भाजपा की ओर से जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, रंजन बर्गली भी पहुंचे।

### सेंट जॉन्स विद्यालय में मनाया गया होली उत्सव

**नैनीताल :** नगर के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स विद्यालय में सोमवार को रंगों के पर्व होली का उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कार्यालय स्टाफ ने मिलकर होली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों ने हर्बल रंगों के साथ सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली खेलते हुए जमकर आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती विनीता रावत द्वारा बच्चों को पिचकारियां वितरित कर की गई, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं दौड़ों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं नगर की प्रसिद्ध समाजसेविका श्रीमती कविता गंगोला द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बच्चों को होली पर्व के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया।

### लॉंग व्यू पब्लिक स्कूल ने मनाया होली महोत्सव

**नैनीताल :** लॉंग व्यू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सोमवार को वार्षिक होली फेस्ट एवं होली महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने विभिन्न रागों पर आधारित मनमोहक होली गायन प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा पारंपरिक कुमाउनी होली गायन और राधा-कृष्ण नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत होली फेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों एवं अतिथियों को पारंपरिक होली व्यंजन परोसे गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चन्द्र त्रिपाठी, उपप्रधानाचार्या कविता सनवाल, प्रभात साह गंगोला, राजेन्द्र कण्डपाल, जया पाठक, प्रवीण उप्रेती, पंकज साह, आनन्द बिष्ट, शर्मिष्ठा बिष्ट सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण रहे।


लायंस क्लब के होली कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### लायंस क्लब की होली में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**हल्द्वानी :** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी की ओर से सोमवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, सचिव निशुल अग्रवाल, मुकेश गुप्ता और कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही अंक कार्ड प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किए गए। बच्चों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें आरुष गुप्ता (प्रथम), क्रियांस गुप्ता (द्वितीय) और अक्षत अग्रवाल (तृतीय) को पुरस्कार दिए गए। इस दौरान विजय श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रेक्षा, अभिनव बिश्नोई, कनक अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, रचना अग्रवाल, बिना वर्मा, सुमन जैन, विनीता शर्मा, रेणुका गर्ग, अजय कृष्ण गोयल रहे।

# पर्वतीय उत्थान मंच में कुमाऊंनी होली की धूम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** सोमवार को पर्वतीय उत्थान मंच में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के नागरिकों एवं वरिष्ठ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

होली महोत्सव के अवसर पर कुमाऊंनी बैठकी होली और खड़ी होली की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुर-साधना लोहरिया साल मल्ला की महिला मंडली, गौरी माहेश्वरी समिति सीएमटी डहरिया (हल्द्वानी) की महिला मंडली व मधुबन महिला समिति जज फार्म की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कुमाऊं की खड़ी व बैठकी होली की पुरुष टोली के कृष्णानंद उपाध्याय, पीसी जोशी, पीएस मेहता, जगदीश चंद्र डालाकोटी सहित अन्य कलाकारों ने पारंपरिक होली गायन से समां बांध दिया। विशेष आकर्षण सुर-साधना समिति की ओर से प्रस्तुत बॉर्डर पर तैनात सैनिक की व्यथा पर आधारित नृत्य-नाटिका रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया। सभी कार्यक्रम अत्यंत मनोरंजक, उत्साहवर्धक व सुरुचिपूर्ण रहे।

कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति हल्द्वानी के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे, महामंत्री डीके पांडे, उपाध्यक्ष भगवती बिष्ट, कोषाध्यक्ष पीएस जन्तवाल, संरक्षक डीके बल्यूटिया मौजूद रहे।


पर्वतीय उत्थान मंच में होली गाते महिला व पुरुष होल्यार। ● अमृत विचार

### एचएन स्कूल में मनाई होली

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड स्थित एचएन स्कूल में शिक्षक-छात्रों के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें महिला मंडली उत्तराखंडी और पूर्व छात्रों ने होली गायन किया।

इस मौके पर 2025-26 की जेईई मुख्य परीक्षा में 99.69 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र नरेश सिंह कैडा को स्कूल के प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत ने स्कूल की ओर से 10000 रुपए और एलआईसी अधिकारी राजीव पंत ने 1100 रुपए देकर सम्मानित किया। तथा पूर्व प्रधानाचार्य डीसी जोशी और आईएएस अधिकारी जीवेंद्र त्रिपाठी आदि ने भी छात्र को सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे

# पतंजलि योग समिति ने उत्साह से मनाया रंगपर्व

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** सोमवार को रामनगर में पतंजलि योग समिति की तहसील इकाई द्वारा भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माता बाल सुंदरी मंदिर परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें योगाचार्यों, योग साधकों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। वातावरण होली गीतों और रंगों से सराबोर नजर आया। उपस्थित लोग होली के गीतों पर जमकर थिरकते दिखाई दिए और पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। योगाचार्य डॉ. संतोष कोटिया ने कहा कि पतंजलि योग समिति लंबे समय से विभिन्न योग क्रियाओं के माध्यम से लोगों को निरोग जीवन जीने का प्रशिक्षण दे रही है। उन्होंने बताया कि समिति के नियमित योग शिविरों में बड़ी संख्या में लोग भाग लेते हैं और योग के माध्यम से कई साधकों ने गंभीर बीमारियों से भी राहत पाई है। डॉ. कोटिया ने कहा कि यदि व्यक्ति अपने जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाए तो वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो तन और मन दोनों को संतुलित रखती है।

# बाल संस्कार केंद्रों में मनाई होली

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा इकाई सेवा भारती की ओर से सोमवार को विभिन्न बाल संस्कार केंद्रों में होली का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद बच्चों ने होली गीत और सेवा गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय व रंगोत्सवमय बना दिया।

होली उत्सव मां सरस्वती बाल संस्कार केंद्र, डॉ. भीमराव अंबेडकर बाल संस्कार केंद्र राजपुरा, जिया रानी बाल संस्कार केंद्र हिम्मतपुर ब्लॉक, गौरा देवी बाल संस्कार केंद्र डेहरिया व अहिल्याबाई बाल संस्कार केंद्र जीतपुर नेगी सहित अन्य केंद्रों में आयोजित किया गया।



बच्चों के साथ होली मनाते सेवा भारती के लोग। ● अमृत विचार

इस दौरान बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही गुब्बारे, फल और गुजिया वितरित कर बच्चों के साथ पर्व की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर सेवा भारती जिला अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, केंद्र पालक विशंभर कांडपाल, मंत्री सुदर्शन राणा, नगर सेवा प्रमुख गिरीश, गौरव गुप्ता, हेम अवस्थी, उमेश मेहता, कुंदन रावत, शिक्षिका ज्योति बिष्ट, रिया आर्य, रुद्राक्षी रंधावा, हेमा आर्य और मोनिका सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने बच्चों के साथ रंग खेलकर मिठाइयां बांटी।

### वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया

**टनकपुरः** पंकज शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर शिशु वाटिका में वार्षिकोत्सव एवं शिशु नगरी कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष जानकी कठायत व मुख्य अतिथि हेमा जोशी ने संयुक्त रूप से किया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने देश गीत, पंजाबी और कुमाऊनी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिशु वाटिका की जिला संयोजिका सरोज द्वारा शिशु नगरी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष कांति बल्लभ जोशी द्वारा आशीर्वचन दिया गया। वि प्रधानाचार्य शांति भट्ट ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रेखा पांडेय ने किया।

# आदर्श बाल एकेडमी ने वार्षिकोत्सव मनाया



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** आदर्श बाल एकेडमी इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया।

मंच पर गणपति वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद पंजाबी डांस, नंदा-सुनंदा डोला, कव्वाली, इंडियन डांस तथा कुमाऊंनी-गढ़वाली लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन-कीर्तन, होली गायन एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी सशक्त बना दिया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी तथा पूर्व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश मेहरा भी मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा अतिथियों को बैज अलंकरण एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा मुख्यमंत्री उदीयमान योजना के अंतर्गत प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों ने होली के रंगों का आनंद भी लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों की प्रस्तुतियों को अभिभावक अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए। विद्यालय के पूर्व मेधावी छात्र-छात्राओं को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी ने विद्यालय को वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय प्रबंधक मिलोक चंद बलोदी, निदेशक पुष्पा बलोदी एवं प्रधानाचार्य मनोज सिंह रावत ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सोनिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य टांडा बबीता कश्यप, समन्वयक पुष्पा बलोदी तथा भाजपा नेता नरेंद्र रावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रंगपर्व

### उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कुमाऊं कमिश्नर और डीएम की जुगलबंदी ने बांधा समां

# होली के रंगों में रंगे पत्रकार, नेता और अफसर, जमकर थिरके

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकार, राजनेता और प्रशासनिक अधिकारी एक ही रंग में रंगे नजर आए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल का गायन रहा, जिन्होंने अपनी सुरीली आवाज से होली की महफिल में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कुमाऊंनी होली गीतों के साथ हुई। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने जब ''''जल कैसे भरूं यमुना गहरी'''' और अन्य पारंपरिक होली गीत गाए। तो वहीं, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने भी अपनी मधुर आवाज में होली गाकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोनों अधिकारियों की इस कलात्मक छवि ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। होली के गानों पर पत्रकार, नेता और अधिकारी खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। निष्पक्ष खबरों के लिए पहचाने जाने वाले पत्रकारों ने आज कलम छोड़कर जमकर गुलाल उड़ाया। कार्यक्रम में उपस्थित राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और पत्रकार यूनियन के इस प्रयास की सराहना की। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न स्तंभों के बीच आपसी सौहार्द और प्रेम को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कहा कि होली का यह त्योहार हमें अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ता है। पत्रकारों के साथ होली के गीतों को साझा करना एक सुखद अनुभव रहा। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, सूचना अधिकारी गिरजा शंकर जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, योगेश शर्मा, मनोज जयवसाल, दलजीत सिंह दल्ली, प्रेम चौधरी, अतुल गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता, विकास भगत, राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, मंडी अध्यक्ष डा.अनिल कपूर डब्बू, प्रकाश हर्बोला, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, रंजन बर्गली, ललित जोशी, आनंद सिंह दरम्वाल, प्रमोद तोलिया, मोहिन रावत, राधा आर्य, विनोद कुमार, विजय यादव, डा. विपिन चन्द्रा, अनुज सक्सेना, अंकुर शर्मा, सर्वेश तिवारी, संजय प्रसाद, दीपक भंडारी, विजेन्द्र मेहता, अरविंद मलिक, गणेश जोशी, गोविन्द सनवाल, संतोष जोशी, ललित मोहन बेलवाल, चयन राजपूत, उदय सेठ, शाहवेज खान, देवेन्द्र रौतेला, महेन्द्र नेगी, सरताज आलम, ऋषि कपूर, श्रुति तिवारी रहे।



उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में गीतों पर थिरकते पत्रकार व अन्य।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

# उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी
33/11 के०वी० उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)
ई-मेल: erddh@yahoo.co.in, फोन नं0-(05946) 292040, फैक्स नं0-(05946) 298318

पत्रांक : 1032/वि०वि०ख० (ग्रा०),ह० दिनांक : 02.03.26

## शिविर सूचना

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड, कमलुवागांजा, लालकुआं एवं टी०पी० नगर के समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित स्थानों पर उनके सम्मुख अंकित तिथियों में उपभोक्ता सेवा शिविर लगाये जायेंगे। जिसमें विद्युत बिलों का भुगतान एवं विद्युत बिल सम्बन्धी, स्मार्ट मीटर एवं अन्य शिकायतों / समस्याओं/ सुझावों आदि कार्यों को निष्पादित किया जायेगा। एवं प्रत्येक कार्यदिवस (कार्यालय समय) में सभी कैश काउन्टरों पर अपने विद्युत बिलों का भुगतान करा सकते हैं।

अतः सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि उक्त शिवर में पधारकर अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान करें।

| क्र० सं० | दिनांक | श्री संजय चौहान, उपखण्ड अधिकारी, कमलुवागांजा मो०नं०-9412093111/श्री विनोद कुमार शाह, अवर अभियन्ता, कमलुवागांजा मो०नं०-9917474863 श्री पंकज पंत, अवर अभियन्ता, अनुभाग मुखानी, ऊँचापुल, मो०नं०-9412087737/श्री कुंदन आर्या, अवर अभियन्ता, कठघरिया, मो०नं०-9412086324/श्री रजनीश कुमार, अवर अभियन्ता, अनुभाग ब्लॉक, बिठौरिया, मो०नं०-9412087181/श्री विनोद चन्द्र जोशी, अवर अभियन्ता, अनुभाग दमुवादूंगा, मो०नं०-9412087736 | श्री संजय प्रसाद, उपखण्ड अधिकारी, लालकुऑं, मो०नं०-9412093123/श्री नीरज आर्या, अवर अभियन्ता, लालकुआँ, मो०नं०-9412093126/श्री पुष्कर सिंह मेहरा, अवर अभियन्ता, धौलाखेड़ा, मो०नं०-9411107896 | श्रीमती शुभा जोशी, उपखण्ड अधिकारी, टी०पी० नगर (फूलचौड़). मो०नं०-9411113010/श्री धीरज पंत, अवर अभियन्ता, टी०पी० नगर, मो०नं०-9412093125/श्री हरीश कुमार, अवर अभियन्ता, फुटकुआं, मो०नं०-9412087243/श्री सुरेश काण्डपाल, अवर अभियन्ता, फूलचौड़, मो०नं०-9411113062 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05-03-2026 | पंचक्की चौराहा | आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | 33/11 के०वी० उपसंस्थान फूलचौड़ |
| 2 | 06-03-2026 | प्राईमरी स्कूल पनियाली कठघरिया | भट्ट कॉमप्लैक्स हाथीखाल | ग्रामीण बैंक, एस मोड़ छडैल के पास |
| 3 | 07-03-2026 | बावन डॉठ फतेहपुर | 2 कि०मी० बिन्दुखत्ता/ आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | सिद्धेश्वर मंदिर |
| 4 | 09-03-2026 | रामलीला ग्राउण्ड ऊँचापुल | धौलाखेड़ा | शिवाशीष कॉलोनी |
| 5 | 10-03-2026 | बिष्ट कॉमप्लैक्स गैस गोदाम चौराहा | बंगाली कॉलोनी, लालकुऑ | 33/11 के०वी० उपसंस्थान टी०पी० नगर |
| 6 | 11-03-2026 | चौफुला चौराहा | दुम्काबंगर उमापति काण्डपाल जी की चक्की | आम का बगीचा |
| 7 | 12-03-2026 | लामाचौड़ इंटर कॉलेज लामाचौड़ | भट्ट कॉमप्लैक्स हाथीखाल | पुरानी आई०टी०आई० बरेली रोड |
| 8 | 13-03-2026 | कठघरिया चौराहा | हाथीखाना | धनपुरी चौराहा |
| 9 | 14-03-2026 | गाँधी आश्रम कठघरिया | जयपुर बीसा प्राईमरी स्कूल | गन्ना सेंटर |
| 10 | 16-03-2026 | हनुमान मंदिर कुसुमखेड़ा | इन्द्रपुर चौराहा | पंचमुखी हनुमान मंदिर |
| 11 | 17-03-2026 | लामाचौड़ चौराहा | बंगाली कॉलोनी, लालकुआं | पंचायत घर चौराहा |
| 12 | 18-03-2026 | अंबेडकर पार्क दमुवादूंगा | धौलाखेड़ा | प्रेमपुर लोशज्ञानी |
| 13 | 19-03-2026 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान कमलुवागांजा | हनुमान मंदिर, बिन्दुखत्ता | बेलबाबा मंदिर |
| 14 | 20-03-2026 | पंचक्की चौराहा | आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | 33/11 के०वी० उपसंस्थान फूलचौड़ |
| 15 | 21-03-2026 | गैस गोदाम रोड (नेगी जी के घर के पास) | जयपुर बीसा प्राईमरी स्कूल | वार्ड नं-56 मानपुर पश्चिम |
| 16 | 23-03-2026 | बावन डॉठ फतेहपुर | 2 कि०मी० बिन्दुखत्ता/ आदर्श नर्सरी के समीप फत्ताबंगर | सिद्धेश्वर मंदिर |
| 17 | 24-03-2026 | गुजरौड़ा फतेहपुर | इन्द्रपुर चौराहा | नई आई०टी०आई० |
| 18 | 25-03-2026 | प्राईमरी स्कूल पनियाली कठघरिया | भट्ट कॉमप्लैक्स हाथीखाल | ग्रामीण बैंक, एस मोड़ छडैल के पास |
| 19 | 26-03-2026 | बेडीखत्ता दमुवाढुंगा | हनुमान मंदिर, बिन्दुखत्ता | जीः मॉल, धान मिल के पास |
| 20 | 27-03-2026 | बसानी ग्राम प्रधान जी के घर पर | देवरामपुर | आम का बगीचा |
| 21 | 28-03-2026 | संकल्प बैंकट हॉल पीलीकोठी | टूटी पुलिया | शिवाशीष कॉलोनी |
| 22 | 30-03-2026 | पंचायत घर मीठाऑवला | दौलिया | गन्ना सेंटर |
| 23 | 31-03-2026 | अमृता आश्रम ऊँचापुल | खुरियाखत्ता 12 नं० | 33/11 के०वी० उपसंस्थान टी०पी० नगर |

कृपया बिल तिथि से 10 दिनों के भीतर बिजली का ऑनलाईन भुगतान करें, ऑनलाईन भुगतान पर 1.5% की छूट और वर्तमान बिल राशि पर 100 रूपये तक के कर को छोड़कर सभी ऑफलाईन भुगतान पर 1% की छूट प्राप्त करें।

**Customer Care Toll Free No. 1912**
**"Pay Electricity bill Online 24 X 7 from www.upcl.org"**
**"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"**
**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**
**"बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें"**

**अधिशासी अभियन्ता**

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद नशा माफिया गिरफ्तार

## रुद्रपुर में एसओजी और नशा माफिया के बीच मुठभेड़, सिपाही पर हमला करने वाले नाजिम के पैर में लगी गोली, अस्पताल में कराया गया भर्ती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर पुलिस की एसओजी और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सिपाही पर जानलेवा हमला करने और नशे का काला कारोबार करने वाला कुख्यात माफिया नाजिम उर्फ नदीम रविवार देर रात्रि पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली नाजिम के पैर में लगी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटनाक्रम की शुरुआत 2 जनवरी को हुई थी, जब एसओजी और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने सुभाष कॉलोनी में भारी मात्रा में हेरोइन की सूचना पर नाजिम के घर दबिश दी थी। उस वक्त नाजिम के परिजनों और स्थानीय महिलाओं-पुरुषों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया था। संकरी गली का फायदा उठाकर भीड़ ने पुलिस की पिस्टल छीनने की कोशिश की और सिपाही भुवन पांडेय को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

इस हमले के बाद से ही मुख्य आरोपी नाजिम फरार चल रहा था, जबकि उसकी भाभी और तीन अन्य सहयोगियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी थी।

फरार नाजिम पर पुलिस का भारी दबाव था और उसके खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई (भगोड़ा घोषित करना) भी की जा चुकी थी। 1 फरवरी की रात करीब 11:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नाजिम बिदुखेड़ा मोड़ के पास बिना नंबर की बाइक से देखा गया है। घेराबंदी के दौरान नाजिम ने भागने का प्रयास किया और बाइक फिसलने पर पुलिस टीम पर तमंचे से दो राउंड फायर झोंक दिए। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीन गोलियां चलीं और एक गोली नाजिम के पैर में जा लगी।



मुठभेड़ के बाद घायल का हालचाल जानने पहुंचे एसएसपी अजय गणपति।

### बड़े स्तर पर नेटवर्क चला रहा था नाजिम

पुलिस ने घायल अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। नाजिम का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। उस पर पूर्व में हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट और एनडीपीएस के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने बताया कि नाजिम क्षेत्र में बड़े स्तर पर नशे की सप्लाई का नेटवर्क चला रहा था। फिलहाल पुलिस अभिरक्षा में उसका उपचार चल रहा है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस मुठभेड़ के बाद पुलिस प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि क्षेत्र में नशा माफियाओं और पुलिस पर हमला करने वाले अराजक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### खाकी को चुनौती नहीं होगी बर्दाश्त

**रुद्रपुर:** ऊधमसिंह नगर के एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने नाजिम मुठभेड़ के बाद अपना इरादा बिल्कुल साफ कर दिया है। बदमाशों की गोली का जवाब पुलिस गोली चला कर देगी। कहा कि नाजिम एक शातिर नशा तस्कर है और एक मार्च की रात्रि को पुलिस टीम पर गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने काफी ललकारा, लेकिन अभियुक्त नहीं माना। उन्होंने कहा कि जिले की कानून व्यवस्था बरकरार रखना ही मकसद है। खाकी को चुनौती देने वाले को गोली का सामना करना पड़ेगा।

# मणिकांत के ऑपरेशन लंगड़ा को जारी रखेंगे अजय

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर के कप्तानों के कार्यकाल पर नजर डालें तो उत्तराखंड गठन के बाद वर्ष 2024 में जिले की कमान संभालते ही ऑपरेशन लंगड़ा का अभियान चलाया गया था। उसको जारी रखते हुए कार्यभार ग्रहण करने वाले नये कप्तान ने 16वें दिन ही पहली मुठभेड़ कर अपने इरादों को साफ कर दिया है। मणिकांत के ऑपरेशन लंगड़ा की मुहिम जारी रहेगी और अपराधी कोई भी हो उसको पुलिस की गोली का सामना करना पड़ेगा।

9 सितंबर 2024 को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जिले की कमान संभाली थी। उसके 25 सितंबर 2024 की रात्रि को जसपुर में लूट प्रकरण के अभियुक्त मोहम्मद दिलशाद की पहली मुठभेड़ हुई थी और अभियुक्त पुलिस की गोली का शिकार हुआ। इसी दिन से मणिकांत मिश्रा की कप्तानी में ऑपरेशन लंगड़ा की शुरुआत हुई। शुरुआत भी ऐसी हुई कि करीब 14 माह के कार्यकाल में तत्कालीन एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने नशा माफिया, हत्या, बलात्कार, लूटपाट जैसी संगीन घटनाओं पर सख्त दिखे और ताबड़तोड़ 37 मुठभेड़ हुई। जिसमें 34 बदमाशों को घायल कर दबोचा गया। वहीं 14 फरवरी को एसएसपी का ट्रांसफर हुआ और 14 फरवरी को नये कप्तान अजय गणपति कुंभार ने कार्यभार संभाला। अभी कार्यभार को 16वां दिन ही बीता था कि एसओजी ने नशा माफिया नाजिम को पुलिस मुठभेड़ में घायल कर दबोच लिया। चर्चा यह है कि जिले के कप्तान अजय गणपति ने संकेत दिए हैं कि ऑपरेशन लंगड़ा जारी रहेगा और अपराधी कोई भी पुलिस की गोली का शिकार होना ही पडेगा।

**आखिर क्या है 16 वें का राज:** सितंबर माह 2024 को जिस वक्त एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जिले की कमान संभाली थी और कार्यभार के ठीक 16वें दिन ही जसपुर में मुठभेड़ के बाद ऑपरेशन लंगड़ा का ऐलान किया था। ठीक उसी प्रकार 14 फरवरी को अजय गणपति कुंभार ने कार्यभार ग्रहण किया और अपने 16वें दिन के कार्यकाल के भीतर नशा माफिया नाजिम को मुठभेड़ में घायल कर दिया।

### कब-कब हुई मुठभेड़

- 25 सितंबर 2024 की रात्रि जसपुर में हुई लूट प्रकरण में धर्मपुर रायपुर रोड गन्ने के खेत से मोहम्मद दिलशाद की गिरफ्तारी।
- 26 दिसंबर रात मोहम्मद दिलशाद के फरार साथी लुटेरे साजिद उर्फ कल्लन को बैतवाला तिराहा कुंडा से दबोचा।
- 26 अक्टूबर की रात्रि पुलभट्टा थाना के शक्तिफार्म रोड में वन तस्कर जसपाल सिंह उर्फ टिंकू दबोचा।
- छह नवंबर की रात गदरपुर के गोपालनगर श्मशान घाट रोड पर वन तस्कर संगत सिंह उर्फ संगी को दबोचा।
- 8 नवंबर को रात रुद्रपुर में झपट्टामार के अभियुक्त आकाश कुमार और नासिर को दबोचा।
- 3 दिसंबर को किच्छा में आम का बगीचा कलकत्ता फार्म में गोवंश तस्कर तस्लीम को दबोचा।
- 17 दिसंबर देर रात्रि काशीपुर में स्मैक तस्कर को बाबरखेड़ा कुंडा निवासी मुनाजिर को पकड़ा।
- 28 दिसंबर को नशा तस्कर सुखिंदर सिंह उर्फ बिट्टा को दबोचा।
- एक जनवरी 2025 को 25 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर रिफाकम को पकड़ा।
- 21 जनवरी की सुबह एक्सिस बैंक से चोरी कर रहे शातिर चोर बिलासपुर यूपी निवासी भूप सिंह को दबोचा।
- 27 जनवरी की देर रात्रि नानकमत्ता के पसैनी में स्मैक तस्कर कुलविंदर सिंह उर्फ किंदु को दबोचा।
- एक फरवरी की रात्रि को वन कर्मियों पर फायरिंग कर घायल करने के अभियुक्त मडैया हटटू केलाखेड़ा निवासी जसविंदर सिंह उर्फ छिंदर को गिरफ्तार किया।
- 3 फरवरी रात्रि नानकमत्ता ग्राम शहदौरा में गौ तस्कर शकील को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।
- 3 फरवरी की रात्रि सितारगंज में हल्द्वानी निवासी लुटेरा विकास पाल को दबोचा।
- 4 फरवरी 2024 की दोपहर शहदौरा में गौ तस्कर शकील को दबोचा।
- 6 फरवरी 2024 की तड़के यूपी व उत्तराखंड का वांछित अभियुक्त फुरकान मुठभेड़ में गिरफ्तार।
- 6 फरवरी को ही रात्रि खटीमा के मझौला में स्मैक तस्कर तारीक को गिरफ्तार किया।
- 14 फरवरी 2025 को लुटेरे जुबैर व अली जमा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया।
- 27 मार्च को काशीपुर के आईटीआई थाना इलाके में चर्चित बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के शूटर सर्वजीत सिंह को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। अभियुक्त द्वारा पुलिस कस्टडी से फरार होने की कोशिश कर रहा था।
- 12 जुलाई 2025 की तड़के कोतवाली पुलिस एवं एसओजी ने दरोगा पर तमंचा तानकर धमकी देने वाले मुख्य अभियुक्त रिशु श्रीवास्तव, खुशनूद अंसारी और वीरेंद्र साहनी को गिरफ्तार किया।

## ब्रीफ न्यूज

### शोरूम से छह एसी कॉपर के पाइप चोरी

**काशीपुर:** लिवाइस शोरूम के मैनेजर चरन सिंह ने सोमवार को पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि रामनगर रोड पर टूरिस्ट होटल के सामने लिवाइस ब्रांड का शोरूम है। वह शोरुम में मैनेजर के पद पर नियुक्त हैं। बीती फरवरी की सुबह जब उसने शोरुम खोला और उसमें लगे 6 एसी को चालू किया तो उसमें से गर्म हवा आने पर उसने छत पर जाकर देखा। तब पता चला कि छह एसी कॉपर के पाइप चोर चोरी कर ले गए हैं। चरन सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### गुम हुए 11 मोबाइल पुलिस ने किए बरामद

**बाजपुर:** कोतवाली पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल और सर्विलांस की मदद से गुमशुदा हुए 11 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए हैं। बरामद किए गए मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2.61 लाख रुपये आंकी गई है। निरीक्षक नरेश चौहान और कांस्टेबल इंद्र सिंह की टीम ने विशेष अभियान के तहत इन फोनों को ट्रेस किया। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर कनक गुप्ता, रवि नय्यर और श्यामलाल मंडल समेत सभी 11 लोगों ने पुलिस प्रशासन की प्रशंसा की। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल सूचना दें।

### जसपुर में स्कूल की भूमि से कब्जा हटवाया

**जसपुर:** डीएम के आदेश पर स्थानीय प्रशासन ने स्कूल की भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराया। साथ ही भूमि पर शिक्षा विभाग को कब्जा दिला दिया। एसडीएम राहुल शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम भोगपुर के खसरा संख्या 403 की भूमि पर किसी ग्रामीण ने अवैध कब्जा कर रखा था। मामले में शिकायत के बाद डीएम ने कब्जा हटवाने के आदेश जारी किए हैं। डीएम के आदेश पर तहसीलदार दलीप सिंह सोमवार को प्रभारी बीईओ हरिबाबू निरंजन, राजस्व कर्मी तथा पुलिस टीम समेत भोगपुर स्थित स्कूल पहुंचे। वहां टीम ने स्कूल की भूमि से अवैध कब्जा हटाकर शिक्षा विभाग को कब्जा दिलवाया। एसडीएम ने बताया कि शासकीय भूमि की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है।

### दो घंटे में बच्चा ढूंढ कर परिजनों को सौंपा

**जसपुर:** रिश्तेदारी में आया एक आठ साल का बच्चा गुमशुदा हो गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल खोजबीन कर दो घंटे में गुमशुदा बच्चे को उसके परिजनों को सौंप दिया। काशीपुर के रसूलपुर का आठ वर्षीय शादाब उर्फ सद्दू पुत्र रियासत रविवार को अपने फूफा मोहसिन के घर जसपुर आया था। यहां से बालक कहीं गुम हो गया। परिजनों ने बालक के गुमशुदा होने की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने करीब दो घंटे बाद बच्चा सक्कों वाली मस्जिद के पास से सकुशल बरामद हो गया। कोतवाल राजेन्द्र सिंह डांगी ने बताया कि बच्चा खेल खेल में घर से दूर निकल गया और घर का रास्ता भूल गया था।

### पूर्व सेनानियों की विशाल रैली 7 को

**खटीमा:** गौरव सेनानी संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने कहा कि आगामी सात मार्च को बनबसा आर्मी हेड क्वार्टर और 26 राजपूत के तत्वाधान में पूर्व सैनिकों की विशाल रैली और मेले का आयोजन किया जा रहा है। सेनानी अध्यक्ष धामी ने बताया कि स्टेशन कमांडर/कमान अधिकारी 26 राजपूत कर्नल आकाश अशोक कपाड़िया, उप कमान अधिकारी से वार्ता के बाद कार्यक्रम संबंधित व्यवस्था किया गया है। उन्होंने समस्त सेनानियों से रैली में पहुंचने की अपील की है।

# हादसे में कैंटर चालक की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** भूसे से भरे ट्राले व कैंटर की टक्कर में कैंटर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उत्तर प्रदेश के ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ईलर निवासी राहुल (28) पुत्र राम प्रसाद कैंटर चालक है। वह बीती 1 मार्च की रात को अपना कैंटर रुद्रपुर लेकर जा रहा था। इसी दौरान गदरपुर के पास भूसे से भरे ट्राले से कैंटर की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से कैंटर चालक राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल राहुल को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार की सुबह राहुल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि राहुल रविवार को कैंटर लेकर रुद्रपुर जा रहा था। देर रात पुलिस ने घटनाक्रम की उन्हें जानकारी दी। तब परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### लकड़ी से लदी बाइक के नीचे दबकर युवक की मौत

**जसपुर:** लकड़ियों से लदी हुई अपनी ही बाइक के नीचे दबकर एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मामले में पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम सीपक निवासी 35 वर्षीय जगप्रीत सिंह रविवार तड़के 4 बजे के करीब अपनी बाइक पर लकड़ी लादकर कहीं बेचने जा रहा था। बाइक पर अत्यधिक वजन होने के कारण घर से कुछ ही दूरी पर उसकी बाइक फिसल गई। बाइक के साथ ही जगप्रीत भी नीचे गिर गया। लकड़ियों से लदी बाइक भी उसके ऊपर गिर गई। बाइक के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। सुबह जब ग्रामीण उधर से गुजरे तो उन्होंने उसे बाइक के नीचे दबा देखा। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना जगप्रीत के परिजनों को दी। जगप्रीत की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसका दाह संस्कार कर दिया। जगप्रीत ने अपने पीछे भरा पूरा परिवार को रोते बिलखते छोड़ा है। मामले में पतरामपुर पुलिस चौकी इंचार्ज गोविंद मेहता ने बताया कि उन्हे घटना की जानकारी नहीं है।

## भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**बाजपुर:** एनएनटोपा क्षेत्र में सोमवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा टोपा कॉलोनी स्थित एक चक्की के पास हुआ, जहां मजदूरी कर लौट रहे 18 वर्षीय ध्रुव (पुत्र राजू सिंह) और बुलेट सवार 18 वर्षीय बबलू (पुत्र नन्हे सिंह) की बाइकें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को तत्काल उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल ध्रुव की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# बेमौसमी धान से प्रतिबंध हटाएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मौसमी धान और ग्रीष्मकालीन मक्के में हो रहे नुकसान को लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है। इससे नाराज किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया और प्रदर्शन किया। साथ ही एडीएम कौस्तुभ मिश्रा के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया और ग्रीष्मकालीन धान से प्रतिबंध हटाने के लिए विचार करने का अनुरोध किया।

सोमवार को धरने के दौरान भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान पर प्रतिबंध से पहले जिलाधिकारी और मुख्य कृषि अधिकारी के साथ बैठकें हो चुकी हैं। इसमें सीलन वाली भूमि की प्रतिबंध से बाहर रखा गया था। इसके अलावा कहा था कि जिसकी नमी 25 प्रतिशत होगी उस पर कटौती कर एमएसपी पर खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि धान तो प्रतिबंधित कर दिया है, लेकिन किसानों की इन मांगों को सौ फीसदी पूरा नहीं किया गया। जिससे मौसमी धान भी किसानों को 1600 रुपये प्रति कुंतल से 2000 प्रति कुंतल में बेचना पड़ा जिससे किसानों को 600 रुपये प्रति कुंतल के करीब आर्थिक नुकसान हुआ। इसको देखते हुए ग्रीष्मकालीन धान पर विचार करने की मांग की। इस अवसर पर अमन बाटला, अमनदीप सिंह, जगदीप सिंह सुरेंद्र सिंह जगरूप सिंह, सुरजीत सिंह बलदीप सिंह, संतोष सिंह मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

# बाथरूम में युवक ने ब्लेड से गला काटकर दी जान

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भूड़ महोलिया में एक युवक ने खुद को बाथरूम में बंद कर ब्लेड से गला काटकर जान दे दी। परिजनों ने बताया सुबह भी छत से कूदकर सुसाइड का प्रयास किया था।



दीपक सिंह। (फाइल)

सोमवार दोपहर करीब एक बजे भूड़ महोलिया वार्ड नंबर 12 निवासी अविवाहित दीपक सिंह (32) पुत्र बहादुर सिंह ने स्वयं को खुद को बाथरूम में बंद कर लिया और ब्लेड से गला काट लिया। चीख पुकार सुनकर परिजनों ने खून से लथपथ दीपक को बाहर निकाला और पुलिस को 112 पर सूचना दी। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। अत्यधिक खून बहने से युवक की मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई प्रकाश सिंह ने बताया कि दीपक सिंह ने सुबह छत से कूदकर आत्म हत्या करने का प्रयास भी किया था। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह बड़ा भाई प्रकाश सिंह, कमल सिंह व माता देवकी देवी, पिता बहादुर सिंह को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# मंदिर में मांस मिलने पर किया हंगामा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** किच्छा में रविवार देर रात हनुमान मंदिर के गेट पर मांस के टुकड़े मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना फैलते ही हिंदूवादी संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ता महाराणा प्रताप चौक स्थित मंदिर पर जमा हो गए और जमकर नारेबाजी की।

स्थिति को तनावपूर्ण देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने तत्काल मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। फुटेज खंगालने पर पता चला कि एक आवारा कुत्ता कहीं से मांस खाकर आया था और उसने मंदिर के गेट के सामने उल्टी कर दी थी, जिससे मांस के टुकड़े वहां बिखर गए। सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। कार्यकर्ताओं ने स्वयं मंदिर गेट की सफाई की और मामला शांत हुआ। हालांकि, सीओ धोनी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों को चिह्नित कर नोटिस जारी किया जाएगा।



किच्छा में हंगामा कर रहे लोगों को शांत करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

# नामी मार्केटिंग कंपनी का नाम लेकर हड़पे 68 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना भीमताल के रेस्टोरेंट कारोबारी को नामी मार्केटिंग कंपनी का नाम लेकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। साइबर ठग ने कम निवेश पर ज्यादा मुनाफा देने का प्रलोभन दिया और साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया। साइबर क्राइम थाना सेल ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बोहरा गांव नौकुचियाताल भीमताल के रहने वाले राजेंद्र कुमार पंत ने बताया कि भीमताल में उनका छोटा सा रेस्टोरेंट है। अक्टूबर 2025 को सोशल मीडिया फेसबुक से रिचा सचदेवा नाम की महिला से बातचीत हुई। जिस पर अज्ञात महिला ने एक नामी ट्रेडिंग हेड टेक मार्केटिंग कंपनी का नाम लेकर कम निवेश कर ज्यादा मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया। बातों पर विश्वास करते हुए उसने 23 अक्टूबर 2025 से 13 फरवरी 2026 तक 11 बार बताए खाते में 68 लाख रुपये का भुगतान किया। जब कई दिन बाद भी मुनाफा नहीं आया तो कॉलर को कॉल की, लेकिन मोबाइल नंबर बंद आने लगा।

उत्साह

## पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की उपस्थिति में ली सदस्यता, शक्तिफार्म को 50 लाख की सौगात

# निर्दलीय चेयरमैन सुमित मंडल समर्थकों संग भाजपा में शामिल

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** नगर पंचायत शक्तिफार्म की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। निर्दलीय चुनाव जीतकर नगर की कमान संभालने वाले चेयरमैन सुमित मंडल ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान चेयरमैन और कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में 5 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम में भावुक क्षण तब आया जब सुमित मंडल की माता उमा मंडल ने अपने बेटे का हाथ नेताओं के हाथ में सौंपते हुए उसे सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने चुटकी लेते हुए कहा कि क्षेत्र में राजनीतिक विरोध का जो 'कांटा' सुमित के रूप में था, वह अब निकल गया है और वे उनके परिवार के नमक का कर्ज विकास के जरिए अदा करेंगे।

चेयरमैन की मांग पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने तारकेश्वर धाम के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने बाईपास निर्माण और बस अड्डे जैसी मांगों को जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया। इस मिलन समारोह से क्षेत्र में भाजपा का कुनबा और मजबूत हुआ है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, पूर्व चेयरमैन अजय जायसवाल, विधान सरकार, रामचंद्र राय, तारक मंडल, संजय बाछाड़, गोविंद पोखरिया, देवाशीष पोद्दार, विक्रम सिंह भंडारी, गोविंद सरकार, सुखदेव सिंह, खतीब अहमद, विक्की राय, शिखा हालदार, देबू मंडल, मयंक अग्रवाल, नारायण सरदार, मोहित मंडल, मीना देवी, सुनीता सरकार, रविंद्र अग्रवाल, अजीत हालदार, सुबीर सरकार, राजेंद्र डसीला, राजा हालदार, जगदीश डालमिया मौजूद रहे।



भाजपा में शामिल होने के बाद मंच पर एक साथ पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, चेयरमैन सुमित मंडल, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा व अन्य।


HINDUJA HOUSING FINANCE

**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**

कॉर्पोरेट कार्यालय: नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेल: auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- अनिल कुमार, 9927028507

**भौतिक कब्जा सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/HDW/HDWN/A000000614 श्री. मोहम्मद साहिल अंसारी हाउस नंबर 6 महाराजा रोड, 0, लालपुर,, सेमीअर्बन, किछा, उत्तराखंड, भारत – 263148 और श्रीमती सीमा इकबाल हाउस नंबर 6, 0, लालपुर,, सेमीअर्बन, किछा, उत्तराखंड, भारत – 263148 | 08-05-2025 / 28-02-2026 भौतिक | ₹ 19,05,689 दिनांक 05-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता नंबर 60, खेत नंबर 204, ग्राम मिटौरा, सीतारगंज, सेमीअर्बन, सीतारगंज, उत्तराखंड, भारत – 262405, सीमाएं: उत्तर: ज्योति अरोड़ा की सम्पत्ति, दक्षिण: 14 फीट रोड पूर्व: नवाब अहमद का मकान, दक्षिण : सायमा का प्लॉट |
| 2 | UP/HDW/HDWN/A000000569 श्री विक्रम रावत माजरा शिला गदरपुरा, गदरपुर, अर्धशहरी, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263152 श्रीमती मोहनी मोहनी माजरा, शिला गदरपुरा, गदरपुर, अर्धशहरी, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत – 263152 | 21-11-2024 / 27-02-2026 भौतिक | ₹ 10,29,461 दिनांक 12-11-2024 तक + ब्याज इत्यादि | खसरा नंबर 87, एनए,सीला माजरा गदरपुर,काशीपुर रोड,यूएस नगर,रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153 वर्गफुट-720, सीमाएं: उत्तर-40 फीट फिर अन्य की खाली भूमि दक्षिण-40 फीट फिर रवि रावत की पत्नी विमेलेश का मकान पूर्व : 18 फीट फिर 22 फीट सड़क पश्चिम -18 फीट फिर अन्य की खाली भूमि |

दिनांक : 02-03-2026, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

## सिटी ब्रीफ

### बाजार में भीड़ देखकर कारोबारियों में खुशी

**रुद्रपुर :** होली पर्व से एक दिन पहले बाजार में लोगों की काफी भीड़ नजर आयी। भीड़ को देखकर कारोबारियों के चेहरे भी खुशी से खिल गये। इस दौरान लोगों ने अबीर, गुलाल के साथ ही पिचकारी और अन्य खाद्य सामग्री की जमकर खरीद की। इस दौरान अबीर, गुलाल की दुकानों के साथ ही कपड़ों की दुकानों और मिठाई की दुकानों में लोगों की काफी भीड़ नजर आयी। रंग बेच रहे रम्पुरा निवासी प्यारे लाल ने बताया कि वे पिछले 15 साल से अबीर, गुलाल बेचने का काम कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में इतनी भीड़ नजर नहीं आयी जितनी आज नजर आ रही है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि पिछले कई दिनों से बाजार सुस्त पड़ा हुआ था। वहीं होली का पर्व आते ही बाजार में रौनक लौट आयी है।

### रंगों से गुलजार हुआ बाजार, स्टॉल सजे

**सितारगंज :** होली में चंद दिन शेष हैं। सितारगंज क्षेत्र में रंगों के पर्व होली की तैयारियों को लेकर बाजार सज गया है। बाजार क्षेत्र में जगह-जगह दुकानों में अबीर-गुलाल, पिचकारी सहित अन्य सामग्री खूब बिक रही है। सितारगंज में रामलीला मार्केट, किच्छा रोड, खटीमा रोड, सिडकुल रोड के बाजार में दुकानें सज चुकी हैं। व्यवसायी संस्कार रस्तोगी बताते हैं कि होली को लेकर बच्चों में सबसे अधिक उत्साह नजर आ रहा है। बच्चे विभिन्न प्रकार के मुखौटे, स्प्रे और पिचकारियों को खरीदना पसंद कर रहे हैं। मिठाई के कारोबार में भी इजाफा हुआ है।

### पार्षद के घर पंजाब पुलिस की दबिश

**रुद्रपुर :** पंजाब में एक कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में युवक की मौत के मामले में रुद्रपुर के वार्ड-14 (भदईपुरा) के पार्षद जॉनी भाटिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सोमवार सुबह पंजाब पुलिस की टीम ने रुद्रपुर कोतवाली में आमद दर्ज कराने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ पार्षद के आवास पर दबिश दी। कोतवाल मनोज रतूड़ी के अनुसार, पार्षद का नाम हत्या के मामले में सामने आया है, लेकिन दबिश के दौरान उनके घर पर ताला लटका मिला।

### बरेली-पीलीभीत मार्ग पर रही यात्रियों की भीड़, रुद्रपुर डिपो प्रबंधन ने हरिद्वार की बसों को भेजा दोनों मार्ग पर

# होली पर्व को लेकर रुद्रपुर बस स्टेशन पर उमड़ी भीड़

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** होली पर रुद्रपुर बस स्टेशन में सुबह के समय अचानक यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सबसे अधिक भीड़ पीलीभीत और बरेली मार्ग पर रही। डिपो प्रबंधन ने हरिद्वार रूट की बसों को इन मार्गों पर संचालित कर यात्रियों को गंतव्य की ओर रवाना किया।

यहां बता दें कि 04 मार्च को होली खेली जाएगी। इसके चलते लोगों को घरों को जाने का


रुद्रपुर स्टेशन पर गंतव्य की ओर रवाना होने से पहले खड़े यात्री। ● अमृत विचार

सिलसिला शुरू हो गया है। कारण औद्योगिक नगरी होने के चलते यहां हजारों की संख्या में बाहरी राज्यों के लोग काम करते हैं। इसी के चलते रविवार के साथ सोमवार की सुबह भी यात्रियों की काफी भीड़ स्टेशन परिसर में नजर आयी। इसके बाद यात्रियों की भीड़ थोड़ी कम हो गयी।

डिपो प्रबंधन के अधिकारियों के सोमवार को होलिका दहन के चलते कई यात्री रविवार की सुबह और सायं को चले गये हैं। सोमवार की सुबह बरेली और पीलीभीत मार्ग पर यात्रियों की संख्या अधिक रही। यात्रियों की संख्या को देखते हुए हरिद्वार रूट की बसों को पहले बरेली और पीलीभीत मार्ग पर भेजा गया। इसके बाद इन बसों को हरिद्वार रवाना किया गया।

> होलिका दहन सोमवार को होने के कारण कई लोग रविवार को चले गये। वहीं सोमवार की सुबह बरेली और पीलीभीत पर यात्रियों की भीड़ अधिक रही। यात्रियों की भीड़ को देखते इन मार्गों पर हरिद्वार रूट की आठ बसों को संचालित किया गया। इसके बाद इन बसों को हरिद्वार भेजा गया। हालांकि सायं के समय यात्रियों की संख्या काफी कम रही। विगत दिवस डिपो की लक्ष्य 15 लाख 79 हजार के सापेक्ष 12 लाख 39 हजार रुपये रही।
> **-मधुसूदन मिश्रा**, महाप्रबंधक, रुद्रपुर डिपो


काशीपुर में होली के गीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### फगुनवा रंग भर आयो रे कहां से...

**काशीपुर :** काशीपुर में कुमाऊंनी महिला बैठकी होली की धूम रही। महिला होल्यारों ने पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सोमवार को जसपुर खुर्द में स्मिता पाठक के आवास पर महिला बैठकी होली का आयोजन किया गया। होल्यारों ने 'फागुनवा रंग भर आयो रे कहां से..,' 'बोल राधा बोल, होली खेलुल तेरे डगर आज' 'कान्हा जो खेल ऐसी निराली फाग' आदि होली गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं महिला होल्यारों ने विभिन्न वेशभूषा में स्वांग प्रस्तुत किये। इस मौके पर हंसी कपकोटी, सुजाता नेगी, दीपा पाठक, ज्योति जोशी, काव्या, मंजू, सुमन, मेघा रावत आदि मौजूद रहीं। वहीं चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय प्राचार्या कीर्ति पंत के आवास पर होली का आयोजन किया गया।

# मुझे मिल गया नंद का लाल रसिया होलिन में...पर झूमे लोग

### महापौर विकास शर्मा ने अधिकारियों, पार्षदों, पर्यावरण मित्रों के साथ उड़ाया अबीर-गुलाल, कुमाऊंनी और ब्रज की होली रही मुख्य आकर्षण का केंद्र

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** नगर निगम परिसर में महापौर विकास शर्मा की विशेष पहल पर भव्य होली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान महापौर ने निगम के अधिकारियों, पार्षदों और विशेषकर पर्यावरण मित्रों के साथ जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया और पारंपरिक होली गीतों पर थिरकते नजर आए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं की टोलियों ने पारंपरिक कुमाऊंनी और ब्रज की होली रही।

सोमवार को निगम परिसर में महिलाओं ने मुझे मिल गया नंद का लाल रसिया होलिन में, मेरा झुमका हो गया लाल रसिया होलिन में' और जल कैसे भरूं जमुना गहरी जैसे गीतों से पूरे परिसर को भक्ति और आनंद के रंग में सराबोर कर दिया। इसके साथ ही आज ना छोड़ेंगे, होली खेले रघुवीरा और होली के दिन दिल खिल जाते हैं जैसे सदाबहार बॉलीवुड गीतों पर महापौर और निगम कर्मियों ने सामूहिक नृत्य



नगर निगम में राधा-कृष्ण के साथ ब्रज की होली खेलते महापौर विकास शर्मा और निगम कर्मचारी। ● अमृत विचार

कर उत्सव का आनंद लिया।

इस दौरान महापौर शर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का यह पावन पर्व सामाजिक समरसता और एकजुटता का प्रतीक है। होली का यह पर्व केवल गुलाल उड़ाने का नहीं, बल्कि आपसी दूरियों को मिटाकर एक-दूसरे के गले मिलने का है।

इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडेय, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पियूष रंजन, पार्षद प्रमोद शर्मा, राजेश जग्गा, सुशील चौहान, सौरभ बेहड़, राधेश शर्मा, निमित शर्मा, गौरव खुराना, पवन राणा, सौरभ शर्मा, विष्णु, देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष सोनू मुल्तानी, महामंत्री अंकित कुमार, संदीप आजाद, लक्ष्मण चौहान, मुकेश राजौरिया, रंजीत कुमार, अशोक राजपाल, मुकेश सिंह, राजपाल सिंह, विनोद उपस्थित रहे।

### जनता इंटर कॉलेज के छात्रों ने खेली होली

**रुद्रपुर :** जनता इंटर कॉलेज में परीक्षा के बाद होली की छुट्टियां पड़ गई हैं। इससे पहले स्कूल के छात्रों ने स्कूल परिसर में जमकर होली खेली। इस दौरान छात्रों ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर बधाई दी।

### हर्षोल्लास से मना होलिका दहन का पर्व

**रुद्रपुर/सितारगंज :** ऊधमसिंह नगर में जगह-जगह होलिका दहन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने होलिका दहन से पूर्व होलिका दहन से पूर्व पूजा अर्चना की और नारियल, उपल (गोबर के कंडे), गन्ना, मिठाई, रोली, हल्दी आदि चढ़ाया। सोमवार को सुबह से गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में उमड़ने शुरू हो गये थे। सुबह के समय महिलाओं ने होलिका की पूजा अर्चना की। देर सायं साढ़े छह बजे से होलिका दहन का कार्यक्रम शुरू हो गया था। आठ बजे होलिका दहन किया गया। श्री खाटू श्याम मंदिर पंडित सुनील शर्मा बताया कि 4 मार्च रंगों की होली खेली जाएगी। सितारगंज में भी लोगों ने भक्त प्रहलाद की पूजा के साथ रात करीब 8 :30 बजे होलिका का दहन किया।


गल्ला मंडी में श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में होलिका दहन करते लोग।


किच्छा में शोभायात्रा के दौरान उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

### फूलों की होली व गीतों से गुलजार हुआ नगर

**किच्छा :** भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के कार्यालय पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में गायकों की मंडली ने पारंपरिक गीतों से समां बांध दिया, जहां तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी सहित तमाम गणमान्य लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।दूसरी ओर, सांसद प्रतिनिधि धर्मराज जायसवाल की अगुवाई में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। पुरानी गल्ला मंडी से शुरू हुई इस यात्रा में राधा-कृष्ण के स्वरूपों ने फूलों की होली खेलकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि निर्भय सिंह पुत्र जोगेन्दर सिंह से संपत्ति के उद्देश्य से कैनरा बैंक, सिविल लाईन शाखा रूद्रपुर जिला उधमसिंहनगर से श्रण (लोन) के लिये आवेदन किया हैं। मेरी रम्पुरा के पंजीकरण नं - 2213 खाता नं.-633 खसरा नं.-333/12 रकवा 76.67 वर्गमीटर प्लाट पंजीकरण दिनांक. 21/05/2005 सुषमा देवी पत्नी अशोक कुमार के जरिये विक्रय किया था। मूल प्रति खो गई है। निर्भय सिंह पुत्र जोगेन्दर सिंह वार्ड-एक, विन्तीमझरा, , उधमसिंह नगर। जिनकी मूल प्रतियाँ आवश्यक हैं, जो की खो गई हैं। यदि किसी व्यक्ति बैंक संस्था आदि को आपत्ति हैं या यदि किसी को उक्त विक्रय विलेख प्राप्त होते हैं, तो कृपया हमें 7 दिनों के भीतर सूचित करें। उपरोक्त खोई हुई विकय विलेख का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध और गैरकानूनी होगा।

**बसीममो०बा० 7500030845**

# कैलै मारी पिचकारी भीगी मोरी सारी...

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचारः** पर्वतीय समाज के लोगों की बैठकी व खड़ी होली गायन यौवन पर है। पुरुष व महिलाओं की टीम ने घर-घर जाकर होली गायन कर परिवार की सुख-शांति व समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इस दौरान होल्यारो ने पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों का आनंद लिया।

सोमवार को महिला होल्यारों से वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू के आवास ललपुरी में गिरिजा सुत गणपति विध्न हरो..... आदि से शुरू कर बैठकी व खड़ी होली की शुरूआत की। महिला होल्यार मंजू त्रिपाठी ने तू कर ले सोलह सिंगार राधिका तेरे......और नेहा चौहान ने मेरो रंगीलो देवर घर ऐरौछ ...., अंबा पानू ने कन्हैया न दो मोहे गारी, सुनत गांव के लोग......., मनीषा पानू ने श्याम मुरली को तरसे लोग......., नेहा चौहान ने कैलै मारी पिचकारी भीग गई मोरी सारी....., आदि होली गीत गाकर होल्यारों ने रंग जमाया। इस मौके पर समाजसेविका रेखा रावत, सीमा राठौर, आरती शाह, कविता गड़िया, आशा त्रिपाठी, सोनी देवराड़ी, राधा चौहान, सरला पानू, शशि पटवाल, पार्वती सती, पुष्पा मनराल, गीता शाह, सोनी देवराड़ी, लछूली गड़िया, राधा चौहान, दीपा मनराल, चंद्रा पटवाल, राजेश्वरी राठौर, चंपा देवी, अनीता रावत, मधु पटवाल आदि मौजूद रहीं।

# फूलों की होली की शोभायात्रा निकाली

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचारः** शहर में धूमधाम से फूलों की होली की शोभायात्रा निकाली गई।

सोमवार को शहर में राधा कृष्ण महोत्सव कमेटी की तरफ से पुरानी सब्जी मंडी के पास राधा कृष्ण मंदिर से फूलों की होली की शोभायात्रा निकाली गयी। जिसका आगाज गंगे बाबा मंदिर के पास स्थित चाचा की बगिया से हुआ। जिसके बाद शोभायात्रा किला बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, नगर निगम रोड, कोतवाली रोड, महाराणा प्रताप चौक, जेल रोड माता मंदिर मोड़, रतन सिनेमा रोड से होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा वापस देर शाम को वापस चाचा की बगिया पर आकर समाप्त हुई।


काशीपुर में फूलों की होली की शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण काशी की भोले बाबा की मसाने की होली, राधा कृष्ण का डोला, भगवान गणेश, मां सरस्वती, भगवान श्री कृष्ण, शंकर जी की प्रतिमाओं कि झांकियों के अलावा बाहुबली हनुमान और गोरिल्ला आकर्षण का केंद्र रहे।

आयोजकों के मुताबिक वह पिछले कई सालों से रंग से एक दिन पूर्व फूलों की होली का आयोजन करते हैं। फूलों की होली की शोभायात्रा में बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इसमें कई क्विंटल फूल खर्च होते हैं।

### रॉयल पंजाबी लेडीज ने मनाया होली उत्सव

**काशीपुरः** रॉयल पंजाबी लेडीज ग्रुप द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह बड़े उत्साह, हर्षोल्लास और रंगों की बौछार के साथ संपन्न हुआ।

रॉयल पंजाबी लेडीज ग्रुप की स्थापना उर्वशी दत्त बाली द्वारा की गई है। उनके नेतृत्व में यह समूह लगातार सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान विशेष सम्मान प्रदान कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। ग्लैमरस गुलाल क्वीन का खिताब मन्नू ढिल्लों को मिला। मोस्ट कलरफुल पर्सनालिटी के रूप में नीलम छाबड़ा को सम्मानित किया गया। मिस फेसटिव बाइव का सम्मान किरणलीन सेठी को प्रदान किया गया। इस मौके पर विन्नी सेठी, नीरू अरोड़ा, साक्षी छाबड़ा, ईशा भल्ला, अनु सेठी एवं मनीषा मौजूद रहीं।

**भारतीय स्टेट बैंक** State Bank of India Branch Ramnagar
हर भारतीय का बैंक (The Banker to Everyh Indian)

**कब्जा नोटिस (स्थावर सम्पत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरित ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति करण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूमिहीत का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामनगर प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूमि हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग अरते हुए उधार लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को 12.11.2025 तारीख को एक मांग नोटिस तथा उसमे उल्लिखित निम्न ऋण सूचना की प्राप्ति तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की माँग करने के लिए जारी की थी। उधार लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले जन साधारण को उक्त सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरित ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम कि धारा 13 (4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करने हेतु नीचे वर्णित संपातियों का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वालों को और विशिष्ट रूप से जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह संपति के संबंध में किसी भी प्रकार का व्यवहार (क्रय विक्रय) बकाया ऋण और उस पर ब्याज आदि के लिए भारतीय स्टेट बैंक, कोसी रोड, शाखा रामनगर के अधीन होगा।

| क्र. सं | बकायेदार व गारंटर का नाम व पता | खाते का विवरण | संपति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | आस्थान हैबिटेट सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड -डाइरेक्टर / गारंटर श्री राजीव अग्रवाल, श्रीमति संगीता अग्रवाल, श्री सतनाम सिंह, श्री दिनेश अग्रवाल, श्रीमती स्नेह लता अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल रामनगर | खाता सं - 36479798564 सूचना तिथि 12.11.2025 कब्जा तिथि 02.03.2026 बकाया धनराशि- 28,29,904.49/-+ ब्याज एवं अतिरिक्त खर्चे | बंधक संपत्ति – 1 वणिज्यिक भवन प्लॉट नंबर 574, मोहल्ला लखनपुर टेढ़ा रोड रामनगर, 244715 क्षेत्रफल -490.53 वर्ग मीटर एसआरओ रामनगर बुक संख्या 1 जिल्द 1050 पेज। 11-12 क्रं सं 3180 2 वणिज्यिक भवन प्लॉट नंबर 215 (प्लॉट का हिस्सा), मोहल्ला लखनपुर टेढ़ा रोड रामनगर, 244715 क्षेत्रफल -234.11 वर्ग मीटर एसआरओ रामनगर बुक संख्या 1 जिल्द 1049 पेज 395-412 क्रं सं 3184 3 वणिज्यिक भवन प्लॉट नंबर 215 (प्लॉट का हिस्सा), मोहल्ला लखनपुर टेढ़ा रोड रामनगर, 244715 क्षेत्रफल -655.43 वर्ग मीटर एसआरओ रामनगर बुक संख्या 1 जिल्द 1050 पेज 269-290 क्रं सं 3212 |

नोट - उपरोक्त नोटिस 4,8 और 9 के अंतर्गत बिक्री के लिए 30 दिन का नोटिस भी समझा जाए।
संपर्क सूत्र शाखा रामनगर
स्थान - रामनगर

**प्राधिकृत अधिकारी**
**भारतीय स्टेट बैंक रामनगर**

### साहित्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बने डॉ. पंत

**खटीमा :** साहित्यकार डॉ. जगदीश पंत कुमुद को राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा साहित्य और संगठन के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र की मौजूदगी में साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल द्वारा डॉ.जगदीश पंत कुमुद को प्रदेश अध्यक्ष और सौरभ पांडेय को प्रदेश महामंत्री घोषित किया गया। डॉ. पंत पीएचसी चकरपुर में फार्मेसी अधिकारी के पद पर सेवारत हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम भूलवश गुड़िया (Guddiya) गलत दर्ज हो गया है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का सही व वास्तविक नाम गुड़िया (Gudiya) दर्ज है। अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में भी मेरी पत्नी का नाम गुड़िया (Gudiya) दर्ज करना न्यायसंगत होगा। नं.- 14854508P नायक/एसएचटी शेषराम, 5119 कम्पनी ए.एस.सी. (कम्पो) पिन 905119

# तू कर ले सोलह श्रृंगार राधिका, तेरे आंगन....

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचारः** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्वतीय समाज की खड़ी व बैठकी होली पूरे शबाब पर है। पुरुष व महिला होल्यारों ने होली गीत गाकर देर शाम तक समा बांधा। इस दौरान होली मिलन समारोह में लोगों ने पारंपरिक पहाड़ी होली गीतों का आनंद लिया।

रविवार को रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में होली मिलन समारोह में पुरुष व महिला होल्यारो ने होली गीत गाकर लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। होल्यार पूर्व सैनिक गोविंद सिंह चौहान ने "वृंदावन में उड़े रे गुलाल, कह दो राधा रानी से ......" और समाजसेवी राजेंद्र सिंह मेहरा ने "जल कैसे भरूं जमुना गहरी....", होली गीत प्रस्तुत किया। दीपा पपोला ने "हाल क्या है दिलों का ना पूछो कान्हा तेरा होली में आना गजब हो गया," और कविता नेगी ने तू कर ले सिंगर राधिका तेरे आंगन में ..........'', आदि होली गीत गाकर समां बांधा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, पूर्व सूबेदार मेजर विक्रम सिंह रावत, जिपंस भावना कोरंगा, मीडिया प्रभारी कैलाश पाठक, विधायक पत्नी मनविंदर पांडेय, जिपंस प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह कोरंगा, अतुल पांडेय, नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू, दीपू धर्मशक्तू, योगेश पानू, बीरेंद्र सिंह पवार, दान सिंह बड़ती, गोपाल सिंह ठठोला, दीपा बोरा, प्रयाग कांडपाल, रमेश कोश्यारी, दीपा खानका, जीवन त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह पानू, महेंद्र सिंह पपोला, राजेंद्र सिंह कोरंगा, राजेंद्र सिंह रावत, चंचल सिंह देऊपा, राजेंद्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में होली गीतों पर थिरकते लोग। ● अमृत विचार


बाजपुर में रामू उपाध्याय के निवास पर होली गायन कर नृत्य करतीं महिलाएं।

### पर्वतीय समाज ने पारंपरिक उल्लास के साथ मनाई होली

**बाजपुर :** नगर के पर्वतीय समाज द्वारा होली का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। रामू उपाध्याय के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कुमाऊंनी और गढ़वाली संस्कृति की झलक देखने को मिली। ढोलक-मंजीरे की थाप पर महिलाओं ने "जय हो नंदा सुनंदा माता" और "फागुन की आई बहार" जैसे बैठकी व खड़ी होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया।इस अवसर पर नंदी देवी, शोभा कोठारी और नेहा उपाध्याय सहित अनेक महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विरासत को संजोने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं। अंत में प्रसाद वितरण के साथ भक्तिमय वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।

ब्रीफ न्यूज

### 5.36 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी को दबोचा

**बनबसा :** बनबसा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने 5 .36 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले कर दिया गया है। कमान अधिकारी मनोज कुमार के निर्देशन में 57वीं वाहिनी की सीमा चौकी बनबसा को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शारदा बैराज के समीप सीमा पार करने का प्रयास करेगा। सूचना के आधार पर विशेष टीम गठित कर निगरानी बढ़ाई गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 5 .36 ग्राम स्मैक (पॉलीथीन सहित) बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम समीर भंडारी (20 वर्ष), निवासी नेपाल बताया। उसने स्वीकार किया कि वह स्मैक भारत से खरीदकर नेपाल ले जा रहा था। जब्ती की कार्रवाई में निरीक्षक लाल चंद सहित अन्य जवान शामिल रहे।

### अग्निवीर भर्ती रैली में दिखा राष्ट्रभाव

**बनबसा :** बनबसा सैन्य परिसर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में युवाओं का उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। सैकड़ों अभ्यर्थियों की उपस्थिति, देशभक्ति नारों की गूंज और तिरंगे की छांव में चल रही प्रक्रिया ने माहौल को गौरवपूर्ण बना दिया। मीडिया से बातचीत में एडीजी मुख्यालय, रिक्रूटिंग ज़ोन लखनऊ के प्रमुख मेजर जनरल मनीष कुमार ने बताया कि भारतीय सेना की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी है। सीसीटीवी निगरानी, डिजिटल टाइमिंग सिस्टम, बायोमेट्रिक सत्यापन, आरएफआईडी और फोटो-वीडियो रिकॉर्डिंग से निष्पक्षता सुनिश्चित की गई। उन्होंने कहा कि युवा 'कंट्री फर्स्ट' की भावना के साथ सेना में आते हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बहुआयामी कौशल प्रदान किया जाता है। रैली को सफल बनाने में प्रशासन और सेना का बेहतर समन्वय रहा।

### चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा पुलिस ने 522 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने निर्देश पर अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बेस तिराहा के पास चेकिंग अभियान के दौरान कार संख्या यूके 01 टीए 4129 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार राकेश कुमार पुत्र मधन राम, निवासी गौना, जलना जिला अल्मोड़ा के कब्जे से 522 ग्राम चरस बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने चरस को सीज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बरामद चरस की कीमत करीब एक लाख से अधिक आंकी गई। गिरफ्तारी टीम में एसआई आनन्द बल्लभ कश्मीरा, हेड कांस्टेबल आसिफ हुसैन शामिल रहे।

### 38 बच्चों ने सैनिक स्कूल परीक्षा पास की

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म के 38 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल लिखित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रवेश परीक्षा पास करने वालों में श्रेयस उप्रेती, प्रिया भट्ट, आराध्या चंद, कृष मनोला, अवनी चंद, शिवानी कापड़ी, नव्या, गौरव कोरंगा, दक्ष कुमार, पार्थ राय, प्रियांशु, मयंक भंडारी, हर्षित जोशी, अनमय मोहन, ऋषभ, प्रशांत, लाव्या रौतेला, प्रियांशु, रचित, लक्षिता, भरत, आरव जोशी, लोकेश चंद, हर्षित जोशी, जय सिंह, पूर्णिमा पांडेय, मानवी राना, मानवी, गौरीशा राना, जनव सिंह मनोला, दिव्या सामंत, दक्षित ज्याला, आलोक सिंह ज्याला, कनिका राना, नक्श जोशी, आरुषि बोरा, दिया चंद, निलय भट्ट शामिल हैं। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### पर्वतीय क्षेत्रों में होली चतुर्दशी का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया

# होली चतुर्दशी के मौके पर मंदिरों में गूंजा पारंपरिक होली गायन

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** जनपद में होली चतुर्दशी का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के होल्यार समूह बनाकर बागनाथ मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में पहुंचे और भगवान को अबीर-गुलाल अर्पित कर विधिवत होली गायन किया।

सुबह से ही मंदिर परिसर में होल्यारों का आना-जाना लगा रहा। "सिदिध को दाता, विघ्न विनाशन, होली खेले गिरजापति नंदन" जैसे पारंपरिक होली गीतों के माध्यम से भगवान शिव और गणेश की स्तुति की गई। ढोलक और मंजीरों की थाप पर होल्यारों ने देर तक होली गीत प्रस्तुत किए,


बागनाथ मन्दिर में होली गायन करते होल्यार। ● अमृत विचार

जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। होली गायन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद होल्यार अपने-अपने गांवों की ओर लौटे और वहां भी घर-घर जाकर होली गीतों की प्रस्तुति दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पारंपरिक होली का रंग देखने को मिला। इधर, गरूड़ क्षेत्र के कत्यूर घाटी के विभिन्न गांवों से आए होल्यारों ने बैजनाथ मंदिर और कोट भ्रामरी मंदिर में पहुंचकर होली गायन किया। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि होली चतुर्दशी पर मंदिरों में होली गायन की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जो सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करती है।

### दो फिजिशियन ने सेवा देने में असमर्थता जताई

**बागेश्वर :** जिला अस्पताल में वर्तमान में कार्यरत दोनों फिजिशियन डॉ. सीएमएस भैसौड़ा और डॉ. प्रीति यादव ने आगे सेवा देने में असमर्थता जताई है। ऐसे में यदि शीघ्र उक्त पदों पर नये फिजिशियनों की नियुक्ति नहीं की गई तो मरीजों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिला चिकित्सालय पर जनपद की तीन लाख से अधिक आबादी निर्भर है। इसके अलावा पिथौरागढ़ जिला के बेरीनाग, चौकोड़ी तथा चमोली जिला के ग्वालदम और थराली क्षेत्रों के मरीज भी इलाज के लिए इसी अस्पताल में पहुंचते हैं। ऐसे में फिजिशियन न होने से दिक्कत हो सकती है। जानकारी के अनुसार, डा. सीएमएस भैसौड़ा ने करीब तीन माह पूर्व चिकित्सा प्रशासन को विधिवत नोटिस सौंप दिया था। वहीं, डॉ. प्रीति यादव ने भी हाल ही में त्यागपत्र देने की मंशा से संबंधित पत्र प्रशासन को सौंपा है। दोनों प्रकरणों को निदेशालय भेज दिया गया है। प्रमुख चिकित्साधीक्षक डा. तपन शर्मा ने बताया कि नए फिजिशियन की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों से अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रयासरत है, लेकिन फिलहाल कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है।

### 'एक ओर हर खेलें होली एक ओर नंदलाला' पर झूमे लोग

**बैरती:** क्षेत्र में जगह जगह होली आयोजन के चलते फाल्गुनी बयार बह रही है। आज चतुर्दशी तिथि पर परंपरानुसार सेलागढ़ी गांव में होली बैठक उपरांत पान- बैरती की होलियों का समागम हुआ। इसके बाद बैरती, बैनर, सेलागढ़ी, गैराड़, चितैली, ककनर एवं उलैनी आदि गांवों के होलियार सामूहिक होली गायन, चलो हो सदा शिव परसन जाएं, गाते हुए शिव मंदिर चित्रेश्वर को रवाना हुए।

मंदिर में भगवान भोलेनाथ को अबीर-गुलाल लगाकर सभी होलियारों ने एक ओर हर खेलें होली, एक ओर नंदलाला के स्तुतिगान में भागीदारी कर अबीर-गुलाल लगाया । रात्रि में बैरती और पान में निर्धारित स्थलों पर होलिका दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# होली के रंग में सराबोर हुई सांस्कृतिक नगरी, थिरके होल्यार

### अल्मोड़ा में खड़ी होली के साथ ही जगह-जगह जम रही होली की महफिलें, महिलाओं से लेकर बुजुर्ग तक होली गायन में हैं मस्त, बच्चों में भी उत्साह

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** होली अपने पूरे शवाब में है। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पुरुषों व महिलाओं की होली महफिलें सज रही है। एक ओर जहां महिलाएं घर-घर में बैठकी होली कर रही है। वहीं, पुरूषों की खड़ी होली में श्रृंगार रस की धूम मच रही है।

सोमवार को नगर के हुक्का क्लब में होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि अल्मोड़ा को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं में विशेषकर अल्मोड़ा की संस्कृति देश भर में प्रसिद्ध है। इसको संरक्षित करने के लिए ऐसे आयोजन कारगर सिद्ध होंगे। इसके बाद लोक कलाकारों की टीम ने राधा-कृष्ण और फूलों की होली की शानदार प्रस्तुति से पूरा क्षेत्र सराबोर हो उठा। वहीं, विभिन्न सांस्कृतिक छटाएं भी देखने को मिली। होल्यारों ने शिव के मन माही बसे काशी..., जल कैसे भरूं जमुना गहरी, फागुनवा रंग भर लायो रे...., नंद का लाल रसिया होलिन..., आज नंद लाल संग खेलूंगी होली..., गजानन शंभू के नंदन तेरी जय हो और होली की आई बहार फागुन महीने में..., आदि होली गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों की खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर यहां मेयर अजय वर्मा, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, महामंत्री दर्शन रावत, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, देवेंद्र भट्ट, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, नवीन बिष्ट, मनीष जोशी, नीरज सांगा आदि लोग मौजूद रहे।



अल्मोड़ा के धारानौला में होली गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### फागुनवा रंग भर लायो रे,खेलन आई राधिका गोरी...

**अल्मोड़ा :** सोमवार को नगर से सटे ग्राम पंचायत खत्याड़ी के देवी मंदिर में महिला होली का आयोजन हुआ। इस दौरान महिला होल्यारों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और होली गायन कर स्वांग भी किया। महिलाओं ने गजानन शंभू के नंदन तेरी जय हो और होली की आई बहार फागुन महीने में गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। महिलाओं ने शिव के मन माही बसे काशी..., जल कैसे भरूं जमुना गहरी, झुकि आयो शहर में व्यापारी..., फागुनवा रंग भर लायो रे, खेलन आई राधिका गौरी...,नैनवा रसके भरे,पिया आओगे कौन घड़ी...,तू कर ले सोलह श्रंगार, तेरे अंगना होली आयी रही.., आदि होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

### रारौ घाटी में भी होली की धूम

**अल्मोड़ा :** बौरारौ घाटी में होली महोत्सव की शुरुआत चीर बंधन और मंदिरों में देव होलियों के गायन के साथ हो गई है। क्षेत्र के सभी गांवों में खड़ी होलियों में होल्यारों ने बृज और मथुरा के प्राचीन और परम्परागत होलियों का गायन ढोल और मंजीरों आदि वाद्य यंत्रों की थाप पर किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर महिला होल्यारों की टोलियां भी होली का घर-घर गायन कर रही हैं। खीराकोट गोलू मंदिर, कालिका मंदिर और हरज्यू मंदिर और घर-घर शानदार खड़ी होलियों का गायन किया गया। सोमेश्वर, मनसा घाटी, लोद घाटी, रनमन, मनान, ताकुला और बसौली के सभी गांवों में प्रत्येक वर्ष होली पर्व एकादशी से होलिका दहन तक धूमधाम से मनाया जाता है।

## हुड़दंगियों पर रहेगी सीसीटीवी से नजर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** होली पर्व पर पुलिस विभाग ने हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखना शुरू कर दिया गया है। पुलिस जवानों की तैनाती के साथ ही शहर में लगे सीसीटीवी से भी पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। जिससे होली पर्व पर शांति व्यवस्था के साथ ही किसी भी प्रकार से कोई अप्रिय घटना ना हो सके।

एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने स्थानीय जनता से होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाए जाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए है।

इसके अलावा पुलिस कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार मानीटरिंग कर चप्पे-चप्पे पर संदिग्ध व्यक्तियों, अराजक तत्वों व हुड़दंगियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। होली पर्व पर किसी भी व्यक्ति के अराजकता, हुड़दंग कर शांति व कानून व्यवस्था प्रभावित की जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


चंद्रशेखर घोड़के, एसएसपी अल्मोड़ा।

- पुलिस ने सौहार्द और शांतिपूर्वक तरीके से होली मनाने की अपील की
- भ्रामक खबरें और अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी

### चीर बंधन की टोलियां घर-घर दे रहीं आशीर्वाद

**रानीखेत :** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में होली मिलन समारोह उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन दिनों बैठकी होली और सामूहिक होली गायन की विशेष धूम है। पारंपरिक परंपराओं को निभाते हुए चीर बंधन की टोलियां घर-घर जाकर लोगों को आशीर्वाद दे रही हैं। रानीखेत क्षेत्र में शास्त्रीय संगीत पर आधारित बैठकी होली की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। पलायन के बावजूद बुजुर्गों के सहयोग से युवा पीढ़ी इसे आगे बढ़ा रही है। ग्रामीण इलाकों में चीर बंधन के साथ टोलियां लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रही हैं, जिससे क्षेत्र में सांस्कृतिक माहौल बना हुआ है।

### खोए मोबाइल स्वामियों को लौटाए

**अल्मोड़ा :** पुलिस ने खोए हुए मोबाइल को तलाशकर लोगों को लौटाया। इससे लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया। बीते कुछ समय से पुलिस को मोबाइल गुम होने की शिकायत मिल रही थी। इस पर एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने साइबर टीम को अलर्ट कर मोबाइलों की लोकशन ट्रेस करने और बरामदगी के निर्देश दिए थे। साइबर सेल के प्रयासों के बाद टीम ने मोबाइलों को अल्मोड़ा उत्तराखंड के अलावा दिल्ली, बिहार, राजस्थान, यूपी के मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर आदि से बरामद किया। अभियान में टीम ने कुल 76 मोबाइल बरामद किए। सोमवार को एसएसपी ने मोबाइलों को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया।

## हल्द्वानी शाखा को किया सम्मानित

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू ने सेवा संस्कार में उत्कृष्ट योगदान करने में हल्द्वानी, रुद्रपुर, खटीमा, काशीपुर, रामनगर और काठगोदाम की शाखाओं को सम्मानित किया।

सोमवार को सितारगंज बाईपास स्थित रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू, संयुक्त मंत्री नरेश अरोड़ा, प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय और प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. विनय खुल्लर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में रुद्रपुर, रामनगर, खटीमा, टनकपुर, काशीपुर, हल्द्वानी, काठगोदाम सहित करीब 15 शाखाओं के भारत विकास परिषद के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। वहीं, राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू ने लोगों को समाज एवं देश के प्रगति में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज में दुर्बल वर्ग के लोगों को जो किन्हीं कारण मुख्य धारा से शामिल नहीं हो सकें। उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने में मदद करें। मंच का संचालन पार्टी महासचिव हरीश शर्मा ने किया।

इस मौके पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नरेश कंसल, सचिव मनीष मित्तल, हिमांशु सिंघल, अनंत प्रकाश शुक्ला, राकेश त्यागी, पवन बड़सीवाल, महेश मित्तल, प्रियंका सिडाना, सरोज कंसल, सीमा गोयल, राजू हरियाणवी, अविनाश, हरीश जोशी, आनंद अग्रवाल, दुर्गेश मोहन, प्रीति अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


राष्ट्रीय समन्वयक संधू को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के सदस्य।

### बच्चे की मौत पर अस्पताल में हंगामा

**काशीपुर:** एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में सोमवार को एक वर्षीय बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा।

ठाकुरद्वारा निवासी सलमान अपने पुत्र अलीरजा को गंभीर हालत में इमरजेंसी लेकर पहुंचे थे।परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों ने समय पर इलाज नहीं किया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। वहीं, अस्पताल स्टाफ के अनुसार बच्चे को गंभीर दस्त की शिकायत थी और उसे हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी गई थी। परिजन जब दोबारा बच्चे को लेकर लौटे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन बिना कानूनी कार्रवाई के शव घर ले गए।

## शराब की भट्ठियां तोड़ीं, लहन नष्ट

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में 120 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कुण्डेश्वरी क्षेत्र में एक स्टोन क्रेशर के पीछे छापेमारी कर पुलिस ने राजा निवासी जगतपुर को शराब बनाने की चालू भट्ठी और उपकरणों के साथ दबोचा। मौके पर 3500 लीटर लहन नष्ट किया गया। दूसरी कार्रवाई में सुरेंद्र सिंह को 60 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### कच्ची शराब और स्मैक समेत पांच गिरफ्तार

**जसपुर :** पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भोगपुर डाम जंगल में छापेमारी कर कच्ची शराब की तीन भट्ठियां नष्ट कीं और मौके पर करीब 7,000 लीटर लहन बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान राजीव कुमार, विनोद कुमार, नन्हे सिंह और सरजीत सिंह को भारी मात्रा में कच्ची शराब के पाउच के साथ दबोचा। वहीं, पुलिस ने मझरा रोड से तुषार कुमार को 4 .30 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा।

### कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**सितारगंज :** पुलिस ने अलग-अलग स्थान से तीन आरोपियों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। रविवार को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने वार्ड नंबर- 11 निवासी सतपाल सिंह को गांव गोठा के जंगल से 20 लीटर शराब, वार्ड नंबर -1 निवासी मलकीत सिंह को मिनी ट्रक यूनियन सिडकुल रोड के सामने खाली प्लाट के पास से 37 पाउच कच्ची शराब, गांव पहाड़ी उकरौली निवासी अंग्रेज सिंह को सिडकुल से 58 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

सतर्कता

### द्रोण से होगी इलाके की निगरानी, एसएसपी बोले-होगी कड़ी कार्रवाई

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, हुड़दंगियों पर कड़ी नजर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** होली त्यौहार को देखते हुए एसएसपी के आदेश पर जिले के अति संवेदनशील इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने का आह्वान किया। हिदायत दी कि यदि कोई भी हुड़दंगी ने शांति व्यवस्था में खलल डाली तो पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

सोमवार को एसएसपी अजय गणपति कुंभार के आदेश पर जिले के सभी थाना-चौकी पुलिस प्रभारियों की मौजूदगी में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने उन इलाकों पर ज्यादा निगरानी बढ़ाई है जो अति संवेदनशील इलाके घोषित हो चुके हैं। पुलिस ने सभी लोगों को सुरक्षित और सौहार्द के साथ होली मनाने का आह्वान किया। एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि इस बार कोतवाली, थाना व चौकी पुलिस द्वारा अतिसंवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर लिया है। उन्होंने कहा कि इन सभी इलाकों में द्रोण कैमरा उड़ाकर हुड़दंगियों पर निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई भी व्यक्ति अराजकता करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च निकालने का उद्देश्य भी


फ्लैग मार्च करती पुलिस की टीम। ● अमृत विचार

### आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस का फ्लैग मार्च

**बाजपुर :** होली और रमजान माह को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी विभव सैनी के नेतृत्व में कोतवाली परिसर से शुरू हुआ यह मार्च मुख्य मार्गों और संवेदनशील गली-मोहल्लों से होकर गुजरा।सीओ विभव सैनी और कोतवाल नरेश चौहान ने नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पुलिस हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख रही है। इस मार्च में एसएसआई विक्रम सिंह धामी सहित भारी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा, जिससे आमजन में सुरक्षा का भाव बढ़ा।

### काशीपुर और जसपुर में किया फ्लैग मार्च

**काशीपुर/जसपुर :** होली पर्व के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को काशीपुर और जसपुर कोतवाली पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च किया। सोमवार को काशीपुर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी और जसपुर कोतवाली परिसर से प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च नगर के मुख्य मार्गों से होकर संवेदनशील, घनी आबादी क्षेत्र से गुजरा।

### दिनेशपुर में भी पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, शांति का संदेश

**दिनेशपुर :** होली को लेकर पुलिस व पीएसी के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस क्षेत्राधिकारी डीआर बर्मा ने कहा होली पर्व शांतिपूर्ण मनाने के लिए क्षेत्र में पुलिस व पीएसी के जवानों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया है। सोमवार की शाम सीओ डीआर बर्मा ने थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि होली पर्व के दिन हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखे, यातायात व्यवस्था में सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करवाए, जिससे सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। उन्होंने क्षेत्र की जनता से पुलिस को सहयोग करने की अपील की। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने अभिभावकों से नाबालिक बच्चों को दुपहिया वाहन न देने, तेज आवाज पर डीजे (डिस्क जांकी) न चलाने, रंग के स्थान पर केमिकल प्रयोग न करने, कोई भी घटना होने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की।



काशीपुर में कोच के साथ विजेता खिलाड़ी।

### छह खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**काशीपुर :** राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में काशीपुर के छह खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीते हैं। इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है। हरिद्वार में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में काशीपुर के 14 खिलाड़ियों ने पदक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस दौरान छह खिलाड़ियों का आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। एक मार्च को हरिद्वार में अंडर-10, अंडर-13, अंडर-15 राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप हुई। इसमें केडीएफ आर्चरी सेंटर काशीपुर के 14 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने बताया कि सानिध्य हरबोला, अंश हरबोला, देव, अथर्वा अग्निहोत्री, रुद्र प्रताप, ऐश्वर्या कड़ाकोटी ने स्वर्ण पदक जीते हैं। इन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। जो 26 मार्च से 7 अप्रैल तक गुंटूर आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## खामेनेई के बाद युद्ध

खामेनेई मारे गए, उनके के साथ ही देश के रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख और कई सैन्य कमांडर समेत शासन से संबंधी कुछ महत्वपूर्ण लोग भी खेत रहे। खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता होने के नाते शासन व्यवस्था के केंद्र और सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ थे। किसी युद्धरत देश के लिए हमले के पहले ही दिन इतनी बड़ी क्षति उसे घुटने पर ला देने के लिए बहुत है। सामान्य धारणा यह कि इससे ईरान कमजोर पड़ेगा और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा, पर फिलहाल ऐसा नहीं दिख रहा। बेशक, ईरान के नेता असमंजस में होंगे कि इस युद्ध को कैसे झेला जाए, इसके व्यापक विनाश से कैसे बचा जाए, लेकिन उनके बयान और दूसरे तथ्य इस ओर इशारा करते हैं कि युद्ध शीघ्र समाप्त नहीं होगा। संभव है कि यह कुछ हफ्ते या महीनों लंबा खिंचे।

ऐसे में यह बहुत से देशों को सीधे और कई को परोक्षतः बुरी तरह प्रभावित करेगा। सच तो यह है कि ईरान का इस्लामी शासन एक व्यक्ति पर निर्भर व्यवस्था नहीं है। सर्वोच्च नेता खामेनेई के मारे जाने के बाद उनकी जगह जो भी दूसरा धार्मिक नेता आयेगा उसके लिए राष्ट्रवाद के नाम पर जनसमर्थन हेतु युद्ध जारी रखना जरूरी होगा और इसके नाम पर उसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कोर का समर्थन भी मिलता रहेगा, जो पारंपरिक सेना के साथ-साथ काम करते हुए देश के भीतर और बाहर से आने वाले खतरों से शासन की रक्षा करने का विशेष दायित्व संभालती है।

ट्रंप और नेतन्याहू की राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी यह युद्ध आवश्यक है। साल के अंत में नेतन्याहू को आम चुनाव का सामना करना है, उनका मानना है कि युद्ध से उनकी राजनीतिक स्थिति मजबूत होती है, उधर ट्रंप को टैरिफ मसले पर यूरोपीय देशों और कोर्ट द्वारा उनकी भद पिटने के बाद सुर्खरू होने के लिए राष्ट्र सुरक्षा के नाम पर युद्ध एक बेहतर सियासी उपाय है। दोनों की यह दलील बहुत खोखली है कि उनसे कमजोर ईरान उनके लिए खतरा है और यह आक्रमण किसी आशंकित खतरे के खिलाफ उठाया गया है, बल्कि यह एक सोचा-समझकर छेड़ा गया नियोजित युद्ध है। इसराइल और अमेरिका का आकलन है कि ईरान का इस्लामी शासन इस समय कमजोर स्थिति में है। वह गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा इसलिए उसे ध्वस्त करने के इस सुनहरे अवसर को गंवाया नहीं जाना चाहिए। अब जबकि खामेनेई मारे जा चुके हैं, तब उनके के लिए बेहतर अवसर है कि वह इसी दौर में अपने सभी मंसूबे पूरे कर लें, इसलिए भी वे युद्ध को तब तक खींचेंगे जब तक ईरान पूरी तरह तबाह होकर हथियार न डाल दे। पर सवाल यह भी है कि क्या वे अपनी मंशा में जल्द कामयाब होंगे, क्या उनकी इच्छापूर्ति तमाम दूसरे देशों को संकट में नहीं डाल देगी? क्या शांति की भी कोई सूरत नजर आती है? खामेनेई की मौत के बाद अंतरिम कौंसिल कल परसों तक 88 धर्मगुरु के मत से नया सुप्रीम लीडर चुन ही लेंगे। अब देखना यह होगा कि ईरान का नवनिर्वाचित सुप्रीम लीडर तथा देश के अन्य सियासी गुट इस युद्ध के बारे में क्या रुख अपनाते हैं?

### प्रसंगवश

## दुनिया में वन्यजीवों के अस्तित्व पर बढ़ता संकट

यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि वन्य जीवों के अस्तित्व पर संकट लगातार गहराता जा रहा है। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की नवीनतम 'लिविंग प्लैनेट' रिपोर्ट (एलपीआर) 2024, जो 2025 तक के रुझानों को समेटती है, यह चिंताजनक तथ्य सामने रखती है कि 1970 से अब तक वैश्विक स्तर पर वन्यजीव आबादी में औसतन 73 प्रतिशत की कमी आ चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र में जैव विविधता सबसे अधिक प्रभावित हुई है। मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में 85 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। प्रवाल भित्तियों का निरंतर विरंजन, अमेजन वर्षावन और उपध्रुवीय गाइरे का पतन तथा ग्रीनलैंड और पश्चिमी अंटार्कटिका की बर्फ चादरों का पिघलना गंभीर संकेत हैं। रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन को इन परिस्थितियों का प्रमुख कारण मानते हुए चेतावनी देती है कि पृथ्वी खतरनाक मोड़ के निकट पहुंच रही है और अगले पांच वर्ष निर्णायक साबित हो सकते हैं।




अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ लेखक


यह पहली बार नहीं है जब वन्यजीवों की घटती संख्या को लेकर वैश्विक चिंता व्यक्त की गई हो। गत वर्ष नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि पृथ्वी छठे व्यापक विनाश काल में प्रवेश कर चुकी है। उनका शोध प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ, जिसमें बताया गया कि पिछले सौ वर्षों में 200 कशेरुकी प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं, जबकि सामान्य परिस्थितियों में इतनी हानि हजारों वर्षों में होती। अनुमान है कि यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही तो आगामी दशकों में 75 प्रतिशत तक प्रजातियां समाप्त हो सकती हैं।

जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और अवैध शिकार वन्यजीव संकट के प्रमुख कारण हैं। हाथी, गोरिल्ला, गिद्ध और अनेक सरीसृप तेजी से घटे हैं। आर्कटिक लोमड़ी इसका उदाहरण है, जिसकी गर्म फर के कारण व्यापक शिकार किया जाता है। फिनलैंड की संस्था जस्टिस फॉर एनिमल ने चेताया है कि लक्जरी उद्योग के लालच ने इनका अस्तित्व संकट में डाल दिया है। यूरोप के कुछ देशों में इनकी संख्या अत्यंत सीमित रह गई है। ब्रिटेन में रॉयल सोसायटी फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ बड्र्स के सर्वेक्षण के अनुसार हेन हैरियर की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। इसी प्रकार अफ्रीका में अवैध हाथीदांत व्यापार के कारण प्रतिवर्ष भारी संख्या में हाथियों का शिकार होता है। भारत में भी अवैध शिकार, शहरीकरण, प्रदूषण और कृषि विस्तार के चलते वन्यजीवों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जलीय जीव भी इससे अछूते नहीं हैं। औद्योगिक प्रदूषण, फफूंद संक्रमण और अवैध मत्स्य शिकार के कारण सैकड़ों प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं। यूरोप के समुद्रों में व्हेल और डॉल्फिन की संख्या घट रही है। दक्षिण-पूर्व एशिया में पशुओं के उपचार में प्रयुक्त हानिकारक दवाओं के कारण गिद्धों की संख्या में भारी गिरावट आई है। भारत में पिछले दशकों में गिद्धों की संख्या में 97 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई, जिससे पारिस्थितिक संतुलन प्रभावित हुआ है।

विश्व में ज्ञात प्रजातियों की संख्या लगभग 18 लाख है, जो वास्तविक जैव-विविधता का एक छोटा हिस्सा मात्र है। भारत में लगभग 75 हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। संरक्षण हेतु कानून मौजूद हैं, पर प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। जैव विविधता को बचाने के लिए जलवायु परिवर्तन की रोकथाम, प्रदूषण नियंत्रण और वनों के संरक्षण की दिशा में ठोस, सामूहिक और दीर्घकालिक प्रयास अनिवार्य हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## इस्लामिक देशों का कथित भाईचारा आया सामने







विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार


मुंबई के मोहम्मद अली रोड पर रमजान की रौनक अपने चरम पर थी। मीनारा मस्जिद के आसपास की गलियों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही थी। इसी हलचल के बीच एक होटल में बैठे कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवी, पत्रकार और कारोबारी गहरी चिंता के साथ मुस्लिम देशों के संगठन, इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) की निष्क्रियता पर चर्चा कर रहे थे। उनका सवाल सीधा था, अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद भी ओआईसी की आवाज इतनी धीमी क्यों है?

57 मुस्लिम देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह संगठन अक्सर फिलिस्तीन जैसे मुद्दों पर मुखर रहता है, प्रस्ताव पारित करता है और कड़े बयान जारी करता है, लेकिन जब मामला ईरान जैसा प्रभावशाली और क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन में अहम देश हो, तब उसकी प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत नरम क्यों दिखाई देती है? यह प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि राजनीतिक और कूटनीतिक जटिलताओं से जुड़ा है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कोई नया अध्याय नहीं है। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से दोनों देशों के संबंधों में अविश्वास और टकराव बना हुआ है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम, उस पर लगाए गए प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया में उसकी बढ़ती भूमिका ने इस तनाव को और गहरा किया है। जब भी हालात बिगड़ते हैं, पूरी दुनिया की निगाहें इस क्षेत्र पर टिक जाती हैं। ऐसे समय में उम्मीद की जाती है कि इस्लामिक देश एकजुट होकर शांति, संवाद और न्याय की वकालत करेंगे। पर व्यवहार में तस्वीर अधिक जटिल दिखती है। ओआईसी का गठन मुस्लिम देशों के बीच सहयोग, एकता और साझा हितों की रक्षा के उद्देश्य से हुआ था। सिद्धांततः यदि किसी सदस्य देश पर संकट आए, तो बाकी देश उसका समर्थन करें और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी आवाज बनें, लेकिन व्यावहारिक राजनीति में यह संगठन अक्सर औपचारिक बयानों तक सीमित रह जाता है। ईरान के मामले में भी कई देशों ने सावधानी भरे वक्तव्य दिए, कुछ ने चुप्पी साध ली और कुछ ने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रुख के प्रति सहमति जताई।

इस विभाजन के पीछे सबसे बड़ी वजह मुस्लिम दुनिया के भीतर मौजूद वैचारिक और रणनीतिक मतभेद हैं। पश्चिम एशिया में ईरान और सऊदी अरब के बीच लंबे समय से प्रभाव की प्रतिस्पर्धा रही है। एक ओर शिया नेतृत्व वाला ईरान है, तो दूसरी ओर सुन्नी बहुल खाड़ी देश। यह प्रतिस्पर्धा केवल धार्मिक पहचान तक सीमित नहीं, बल्कि क्षेत्रीय प्रभुत्व, सुरक्षा और राजनीतिक प्रभाव से भी जुड़ी है। परिणामस्वरूप, किसी भी सामूहिक मंच पर सर्वसम्मति बनाना कठिन हो जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण कई मुस्लिम देशों के अमेरिका के साथ गहरे आर्थिक और सुरक्षा संबंध हैं। खाड़ी देशों की सुरक्षा संरचना काफी हद तक अमेरिकी सैन्य सहयोग पर आधारित है। ऊर्जा व्यापार, हथियार सौदे और निवेश संबंध भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में वे खुलकर अमेरिका की आलोचना करने से बचते हैं।

इसके अलावा, कुछ अरब देशों का मानना है कि क्षेत्रीय तनाव के लिए ईरान की नीतियां भी जिम्मेदार रही हैं। यमन, सीरिया और इराक में उसकी सक्रियता को लेकर कई देशों में असंतोष है। इसलिए वे इस टकराव को केवल "मुस्लिम देश बनाम अमेरिका" के रूप में नहीं देखते, बल्कि इसे व्यापक भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में आंकते हैं। यही सोच ओआईसी के भीतर साझा बयानबाज़ी को सीमित कर देती है। ओआईसी की कार्यप्रणाली भी एक बाधा है। संगठन अक्सर सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय प्रक्रिया अपनाता है। जब सदस्य देशों के हित, गठबंधन और प्राथमिकताएं अलग-अलग हों, तब कठोर और स्पष्ट निर्णय लेना कठिन हो जाता है। कई बार तीखे शब्दों वाले प्रस्ताव पारित तो हो जाते हैं, लेकिन उनके अनुपालन या ठोस कूटनीतिक कदमों का अभाव रहता है। इससे संगठन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं।

दूसरी ओर, आम मुस्लिम समाज की अपेक्षाएं अलग हैं। वे चाहते हैं कि इस्लामिक देश अन्याय या बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ एकजुट स्वर में बोलें। सोशल मीडिया पर भी यह भावना दिखाई देती है कि कम से कम कूटनीतिक स्तर पर मजबूत और स्पष्ट रुख अपनाया जाना चाहिए था, लेकिन सरकारें भावनात्मक आवेगों की बजाय रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा गणनाओं के आधार पर निर्णय लेती हैं। इस स्थिति का व्यापक प्रभाव भी है। यदि 57 देश सचमुच एक मंच पर संगठित होकर बोलें, तो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर वे एक मजबूत दबाव समूह बन सकते हैं। पर आपसी अविश्वास और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण यह संभावना अक्सर साकार नहीं हो पाती।

> यदि 57 देश सचमुच एक मंच पर संगठित होकर बोलें, तो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में उनका प्रभाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर वे एक मजबूत दबाव समूह बन सकते हैं। पर आपसी अविश्वास और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा के कारण यह संभावना अक्सर साकार नहीं हो पाती।

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते टकराव न एक बार फिर इस्लामिक दुनिया की आंतरिक सीमाओं को उजागर किया है। ओआईसी के सामने चुनौती यही है कि वह केवल औपचारिक वक्तव्यों तक सीमित न रहे, बल्कि सदस्य देशों के बीच भरोसा, पारदर्शिता और साझा रणनीति विकसित करे। यदि इस्लामिक देश वैश्विक मंच पर प्रभावशाली भूमिका निभाना चाहते हैं, तो उन्हें अपने मतभेद कम कर व्यापक सामूहिक हितों को प्राथमिकता देनी होगी। अन्यथा हर बड़े संकट में उनकी बंटी हुई प्रतिक्रिया निराशा को ही जन्म देती रहेगी। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने



भाजपा को यह स्वीकार करना चाहिए कि हां, उन्होंने षड्यंत्र किया, उन्होंने छोटापन दिखाया और देश के संस्थानों का गलत इस्तेमाल किया। भाजपा को देश से माफी मांगनी चाहिए कि अब वे आगे ऐसा नहीं करेंगे। भाजपा को फिर से उसी लड़ाई-झगड़े में जाने के बजाय, अब माफी मांगने वाली मुद्रा में जाना चाहिए।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली

### सामने



आप पार्टी को थोड़ी सी भी राजनीतिक जगह मिलती है, वे भाजपा को लेकर देश और इजराइल व अमेरिका तक के मुद्दों के लिए दोषी ठहराते हुए बयानबाजी शुरू कर देते हैं। 11 साल का कार्यकाल शून्य विकास, भ्रष्टाचार, घोटालों व 'शीश महल' से भरा रहा, जबकि भाजपा का एक साल का कार्यकाल विकास से परिपूर्ण रहा है। - वीरेंद्र सचदेवा भाजपा अध्यक्ष, दिल्ली

## नेपाल चुनावः बालेन को लेकर खौफजदा पुरानी पार्टियां




यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार


इस बार के चुनाव में नेपाल को कैसी सरकार नसीब होती है, इसके कयास लगाए जाने लगे है। किसी एक दल की पूर्ण बहुमत की सरकार को लेकर सभी के मन में शंका है। भारत में नेपाल के राजदूत रहे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीप कुमार उपाध्याय का साफ कहना है कि नेपाल के नसीब में किसी एक दल की स्थाई सरकार न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद से यह स्थिति बनी हुई है और यही कारण है कि नेपाल में लोकतंत्र को मजबूती नहीं मिल पा रही है।

इस सबके बीच विकट परिस्थितियों में हो रहे इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के तीन बड़े चेहरों पर लोगों की निगाह टिकी हुई है। नंबर एक पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह हैं। दूसरे पर नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीसरे नंबर पर एमाले के केपी शर्मा ओली हैं। चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा, बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसें अटकी हुई हैं। सवाल उठता है कि यदि किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला, तो किस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इसमें कौन-कौन दल शामिल हो सकते हैं? यदि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में नहीं आ पाती तो उसकी भूमिका क्या होगी?

> चुनाव आगामी पांच मार्च को है। मतों की गिनती सात मार्च को है। आठ या नौ मार्च तक नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा, बालेन शाह को लेकर पुरानी राजनीतिक दलों की सांसें अटकी हुई हैं।

जेन जी आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के नेतृत्व में हो रहे इस चुनाव में सुडान गुरूंग के साथ काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह भी रवि लामी छाने के साथ आ गए। सुडान गुरूंग जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में जाने जाते हैं, वहीं बालेन शाह की पहचान एक रैपर और इंजीनियर की है। उन्होंने निर्दल लड़कर काठमांडू नगर निगम के मेयर पद का चुनाव जीता था। बतौर मेयर उन्होंने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का मानचित्र लगाकर राष्ट्रवादी नेता की छवि धारण करने की कोशिश की थी। जेन जी आंदोलन के बाद जब अंतरिम सरकार के गठन की नौबत आई तो जेन जी का एक धड़ा बालेन को प्रधानमंत्री बनाने के पक्ष में था जो फलीभूत नहीं हो सका। अब जब बालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में झापा क्षेत्र संख्या पांच से एमाले अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, तो संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनकी चर्चा लाजिमी है।

नेपाल के इस चुनाव का परिणाम वैश्विक स्तर पर भी खास है, क्योंकि पूर्व की परंपरावादी राजनीतिक दलों की हालत बहुत बेहतर नहीं है। पुरानी पार्टी में एक नेपाली कांग्रेस है, जिसके ठीक-ठाक प्रदर्शन की उम्मीद है, लेकिन यह पार्टी भी अब नए नेतृत्व के अधीन है। भारी अंतर्विरोध के बीच वरिष्ठ नेता गगन थापा को नया अध्यक्ष चुना गया है। गगन थापा अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। नेपाली कांग्रेस के भी अकेले दम पर सत्ता में आने की संभावना नहीं है फिर भी इस पार्टी के नए अध्यक्ष के रुख को लेकर चर्चा होती रहती है। हालांकि उन्होंने साफ कहा है कि नेपाल भारत और चीन के मध्य स्थित है इसलिए इसे दोनों देशों से संतुलन बनाकर ही आगे बढ़ना होगा। गगन थापा के इस कथन को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सकारात्मक दृष्टि से देखा गया। भारत और चीन दोनों के लिए गगन थापा का बयान मायने रखता है, लेकिन शेर बहादुर देउबा अथवा कोइराला परिवार के बिना चुनाव मैदान में उतरी नेपाली कांग्रेस का प्रदर्शन इस चुनाव में कैसा होता है, यह देखना जरूरी होगा। 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटें जीत कर सबसे बड़े दल के रूप में उभरकर सामने आई थी।

आज जिन परिस्थितियों में यह चुनाव हो रहा है, उसे देख ऐसा नहीं लगता कि नेपाली कांग्रेस 2022 के चुनाव परिणाम को दोहरा पाएगी? और यदि ऐसा हो पाया तो निस्संदेह यह गगन थापा की बड़ी कामयाबी होगी और तब उनकी सरकार की संभावना बढ़ सकती है। नेपाल में मतदान के बहुत कम दिन शेष है। ऐसे में जब सरकार गठन की बात चलती है, तो मध्य नेपाल अर्थात मैदान और पहाड़ के बीच के हिस्से में एमाले की चर्चा भी खूब हो रही है। एमाले अध्यक्ष केपी शर्मा ओली गठबंधन की ही सही चार बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इस बार राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेन शाह से उनका मुकाबला बेहद कड़ा है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अंदरूनी सर्वे में यह सीट बालेन शाह जीत रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र के लोगों की मानें तो यह इतना आसान भी नहीं है।

2022 में एमाले को 78 सीटों पर जीत मिली थी। वह दूसरा सबसे बड़ा दल था। इसके बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली माओवादी केंद्र था, जिसके 32 सदस्य चुने गए थे। 2022 के प्रतिनिधि सभा में रवि लामी छाने की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी 20 सीटों के साथ तीसरे नंबर की बड़ी पार्टी थी और सरकार में हिस्सेदारी के तौर पर इस पार्टी को एक उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद आया था, इन दोनों पदों पर पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने स्वयं काबिज थे। जहां तक प्रधानमंत्री पद का सवाल है, तो यह शेर बहादुर देउबा, ओली और प्रचंड के हिस्से में आता रहा। इस बार बेशक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की धूम है, लेकिन प्रतिनिधि सभा के 165 और उच्च सदन के 110 यानी 275 सीटों में से बहुमत का आंकड़ा जुटा पाना किसी के लिए भी आसान नहीं जान पड़ता। फिर भी चाहे नेपाली कांग्रेस हो, एमाले हो या माओवादी केंद्र, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लेकर खौफजदा तो हैं, इनमें इस बात को लेकर खौफ है कि खुदा न खास्ता राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सत्ता में आ गई तो उक्त तीनों पार्टियों के ढेर सारे बड़े नेताओं का जेल जाना तय है क्योंकि भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े मामले में उनके हाथ सने हुए हैं। बीच चुनाव खबर यह भी है कि इस खौफ से उबरने के लिए नेपाली कांग्रेस, एमाले और माओवादी केंद्र के अंदरखाने कुछ और ही खिचड़ी पक रही है, जिसका प्रकटीकरण चुनाव परिणाम के बाद ही संभव है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## छोटे फैसले, बड़ा भविष्य

कभी-कभी लगता है समय नदी नहीं, कुम्हार है। हर दिन हमें थोड़ा-थोड़ा घुमाता है, दबाता है, आकार देता है। हम सोचते हैं हम भाग रहे हैं, पर सच यह है कि हम गढ़े जा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कौन मिट्टी बना रहता है और कौन आकार लेने की हिम्मत करता है। पिछले दिनों में आपने कितनी बार खुद को टाला? और कितनी बार खुद को पकड़ा? यह सवाल किसी और के लिए नहीं है। दुनिया आपकी उपलब्धियों की तालिका देखती है, पर असली कहानी उन क्षणों में लिखी जाती है, जब आपने आसान रास्ता छोड़कर सही रास्ता चुना या कम से कम कोशिश की। जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम बड़े अवसरों का इंतजार करते रहते हैं, जबकि असली बदलाव छोटे फैसलों में छिपा होता है।




मनोज अभिज्ञान
अधिवक्ता


कई लोग कहेंगे कि समय तेज भाग रहा है। सच तो यह है कि समय हमेशा अपनी रफ्तार से चलता है। बेचैनी हमारी है। हम तुलना में उलझे रहते हैं। किसी की नौकरी, किसी की गाड़ी, किसी की लोकप्रियता, लेकिन किसी की शांति? वही सबसे बड़ी पूंजी है। अगर कुछ छूटा है, तो उसे बोझ मत बनाइए। उसे बीज बना दीजिए। हर छूटा हुआ काम संकेत है कि उसमें अब भी संभावना बची है, जो खत्म हो गया, वह सिर्फ एक अध्याय था। किताब अभी बाकी है। जिंदगी स्प्रिंट नहीं, लंबी बातचीत है। खुद से, अपने लोगों व विचारों से। अगर कुछ अधूरा रह गया है, तो वह आपकी अक्षमता का प्रमाण नहीं, यात्रा का संकेत है। अधूरापन ही हमें आगे बढ़ने की वजह देता है। पूरी हो चुकी कहानी में उत्साह नहीं बचता, जो करना है, वह धीरे और लगातार करना है। बड़े पेड़ भी एक दिन में नहीं बढ़ते, पर रोज बढ़ते हैं।

समय किसी के लिए रुकता नहीं, वह हर उस व्यक्ति के साथ चलता है, जो चलने का निर्णय लेता है। सवाल यह नहीं कि कितना समय बीत गया। सवाल यह है कि आपने उसमें कितना जीवन जोड़ा। अब अगला कदम आपका है। घड़ी चल रही है, पर कहानी भी चल रही है। कहानी तब तक जिंदा है, जब तक आप उसे आगे लिखने का साहस रखते हैं। कभी-कभी घड़ी उतारकर मेज पर रख देनी चाहिए, ताकि समय का शोर थोड़ा कम हो सके। स्क्रीन की रोशनी से बाहर भी दुनिया है, जो धीरे-धीरे बुलाती रहती है। लोग जो सन्नाटे की भाषा पढ़ लेते हैं, वे जानते हैं कि अनुपस्थिति भी एक तरह की उपस्थिति होती है, जो लोग 'बिटवीन द लाइंस' पढ़ लेते हैं, वे जानते हैं कि कुछ यात्राएं शोर से दूर तय होती हैं। बाकी सब ठीक है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## ईरान-अमेरिका टकराव और इतिहास की वापसी

मध्य-पूर्व एक बार फिर इतिहास के सबसे खतरनाक मोड़ पर खड़ा है। सदियों पुरानी सभ्यताओं की यह भूमि पिछले सौ वर्षों से राजनीतिक प्रयोगशाला बनी हुई है, लेकिन फरवरी 2026 के अंतिम सप्ताह की घटनाओं ने क्षेत्र को सीधे वैश्विक युद्ध की दहलीज पर ला खड़ा किया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान के भीतर कई ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए। इस अभियान को "ओपरेशन एपिक फ्यूरी" नाम दिया गया। दावा किया गया कि निशाना परमाणु और मिसाइल संरचनाएं थीं, पर इसके राजनीतिक अर्थ कहीं अधिक गहरे हैं।




जयदेव राठी
अधिवक्ता


इन हमलों में ईरान की सैन्य कमान, मिसाइल साइटों और रणनीतिक प्रतिष्ठानों को लक्ष्य बनाया गया। सबसे विस्फोटक खबर यह रही कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हमले में मृत्यु की पुष्टि की गई। यदि यह तथ्य दीर्घकालिक रूप से प्रमाणित रहता है, तो यह केवल एक सैन्य घटना नहीं बल्कि ईरान की सत्ता संरचना में भूकंपीय बदलाव है। इस्लामी गणतांत्रिक व्यवस्था में सर्वोच्च नेता का पद राजनीतिक ही नहीं, धार्मिक-वैधानिक अधिकार का केंद्र है। ऐसे में नेतृत्व का अचानक शून्य पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है। ईरान ने हमलों का तीखा जवाब दिया। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने मिसाइल और ड्रोन हमले कर खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजराइली लक्ष्यों को निशाना बनाया। बहरीन, कतर, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में हाई-अलर्ट घोषित किया गया। कई देशों ने अस्थायी रूप से अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर व्यापक असर पड़ा। दुबई और अबू धाबी जैसे हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द हुईं। यह संकेत है कि यह संघर्ष दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया को प्रभावित करेगा।

ईरान-अमेरिका टकराव केवल परमाणु कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, यह क्षेत्रीय प्रभुत्व की लड़ाई भी है। इजराइल ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को अस्तित्वगत खतरे के रूप में देखता है, वहीं ईरान स्वयं को अमेरिकी सैन्य उपस्थिति और इजराइली नीतियों से घिरा मानता है। लेबनान में हिज्बुल्लाह, गाजा में हमास और सीरिया में विभिन्न मिलिशिया समूहों के माध्यम से वर्षों से छाया-युद्ध चलता रहा है, जो अब प्रत्यक्ष सैन्य भिड़ंत में बदलता दिख रहा है। आर्थिक आयाम भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। खाड़ी क्षेत्र वैश्विक तेल आपूर्ति का केंद्र है। तनाव बढ़ते ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और शेयर बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बना। भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देश सीधे प्रभावित होंगे। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसैनिक तनाव बढ़ता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर गंभीर असर पड़ सकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तीखी बहस हुई है। यूरोपीय देशों ने संयम की अपील की है, रूस और चीन ने अमेरिकी कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं, जबकि अमेरिका ने इसे "पूर्व-निवारक सुरक्षा कदम" बताया है। प्रश्न यही है- क्या यह कदम शांति लाएगा या नए युद्ध चक्र की शुरुआत करेगा? 2003 के इराक युद्ध का अनुभव चेतावनी देता है कि त्वरित सैन्य कार्रवाई दीर्घकालिक अस्थिरता में बदल सकती है। फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती युद्ध को व्यापक क्षेत्रीय टकराव में बदलने से रोकना है। कूटनीतिक वार्ता और मध्यस्थता ही स्थायी रास्ता प्रतीत होती है। मध्य-पूर्व आज फिर इतिहास की प्रयोगशाला बना है और इस बार इसके परिणाम पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा।)

# अंतस्



जब फाल्गुन की बयार और फिजाओं में अबीर-गुलाल की सुगंध घुलने लगती है, तब बरेली के आंगन में एक अद्भुत दृश्य जीवंत होता है। यहां की हवा में केवल केसरिया रंग नहीं, बल्कि उस साझी तहजीब और अटूट श्रद्धा की खुशबू भी महकती है, जिसे बरेलीवासी "फाल्गुनी रामलीला" के नाम से जानते हैं। जहां पूरा देश शारदीय नवरात्रि के बाद दशहरे पर रामलीला देखता है, वहीं बरेली के बमनपुरी (ब्रह्मपुरी) में होली के हुड़दंग के बीच मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को जिया जाता है। यह महज एक रामलीला का मंचन नहीं, बल्कि रुहेलखंड की अस्मिता और पिछले 166 वर्षों से चली आ रही एक ऐसी जीवंत परंपरा है, जिसने अपनी सांस्कृतिक गहराई से यूनेस्को जैसे वैश्विक पटल पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है। बरेली की इस अनूठी परंपरा से रु-ब-रू करा रही - *रतन सिंह गुर्जर की रिपोर्ट...*

# फाल्गुनी रामलीला : होली के रंगों में राम भक्ति का अनूठा संगम

## 166 वर्ष पुरानी परंपरा

ब्रह्मपुरी में स्थानीय श्रद्धालुओं ने मिलकर 1860 के आसपास श्रीरामलीला सभा की शुरुआत की। श्रीरामलीला सभा से जुड़े पंकज मिश्रा पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताते हैं कि पूर्वजों ने मिलकर इस परंपरा की नींव रखी। इसके बाद ये आयोजन पूरे शहर के लिए आस्था का प्रतीक बन गया। आयोजन को यहां तक पहुंचाने में पूर्वजों का अपार त्याग भी रहा है। एक दौर वह था, जब उन सबके पास संसाधन शून्य थे, गैस लालटेन की रोशनी में रामलीला मंचन होता था और राम बरात को श्रद्धापूर्वक कंधों पर उठाकर निकाला जाता था। फाल्गुन माह में होने वाला ये आयोजन विश्वभर की रामलीलाओं की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है। रामलीला सभा के उपाध्यक्ष महेश पंडित बताते हैं कि यह रामलीला तुलसीदास की कृति "विनय पत्रिका" से ली गई है। होली पर आयोजित होने वाली रामलीला का इतिहास लगभग 166 वर्ष पुराना है। यह परंपरा ब्रिटिश काल से अनवरत चली आ रही है। फाल्गुन शुक्ल नवमी से शुरू होकर चैत्र कृष्ण त्रयोदशी तक चलने वाला यह आयोजन धार्मिक आस्था और लोक-संस्कृति का एक ऐसा समागम है, जिसे देखने के लिए समूचा रुहेलखंड उमड़ पड़ता है। इस रामलीला की सबसे बड़ी खूबी और आकर्षण का विषय इसकी लीलाओं का बहु-स्थलीय मंचन है। लीला में अगस्त्य मुनि संवाद छोटी ब्रह्मपुरी के आश्रम में होता है। केवट प्रसंग के लिए साहूकारा की गलियां गवाह बनती हैं। वहीं, मेघनाद यज्ञ ब्रह्मपुरी में और लंका दहन का रोमांचक दृश्य मलूकपुर चौराहे पर जीवंत होता है। अध्यक्ष राजू मिश्रा बताते हैं कि समय के साथ कुछ बदलाव भी आए हैं। पहले स्थानीय लोग ही इसके पात्र बनते थे, लेकिन अब बाहर से मंझे हुए कलाकारों की मंडलियां बुलाई जाती हैं। इसके बावजूद, रामलीला सभा इसके मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस ऐतिहासिक परंपरा के प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृति विभाग को पत्र भी लिखकर अनुरोध कर चुके हैं। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा का कहना है कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। वे और उनकी समिति लगातार शासन-प्रशासन और संस्कृति विभाग के संपर्क में हैं ताकि इस प्राचीन धरोहर का दस्तावेजीकरण हो सके और आने वाली पीढ़ियां भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहें। रामलीला से जुड़े स्थानीय लोग बताते हैं कि रामलीला से कई बड़े विद्वान भी जुड़े। वे पंडित रामकिशोर शर्मा जैसे दिग्गजों को याद करते हैं, जिन्होंने हनुमान की भूमिका निभाते हुए लंका दहन के दौरान अपनी पीठ तक झुलसा ली थी, पर अभिनय नहीं छोड़ा। राधेश्याम रामायण के रचयिता पंडित राधेश्याम कथावाचक और शिवनाथ बिस्मिल जैसे बड़े विद्वानों का जुड़ाव इस रामलीला की बौद्धिक और आध्यात्मिक नींव को और मजबूत करता है। ब्रह्मपुरी (बमनपुरी) की यह ऐतिहासिक "फाल्गुनी रामलीला" अपनी प्राचीनता, परंपरा और वैश्विक पहचान के कारण दुनियाभर में अद्वितीय है।





## होली पर राम के जयकारों की गूंज

होली की मस्ती के बीच जब राम-लक्ष्मण और सीता के जयकारे गूंजते हैं, तो यह अहसास होता है कि बमनपुरी फाल्गुनी रामलीला समाज को सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे का संदेश दे रही है। यह आस्था की वह अखंड ज्योति है, जो 166 वर्षों से बुझी नहीं और अपनी चमक से विश्व पटल को आलोकित कर रही है।

## यूनेस्को की वैश्विक धरोहर में शुमार

श्रीरामलीला सभा की रामलीला की महत्ता केवल स्थानीय नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय है। रामलीला सहअध्यक्ष विवेक शर्मा बताते हैं कि इसकी सांस्कृतिक गहराई को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने इसे "विश्व धरोहर" के रूप में मान्यता प्रदान की है। साल 2008 में इसे यूनेस्को की सूची में शामिल किया गया और 2015 में इसे औपचारिक रूप से वैश्विक पहचान मिली। यह बरेली के लिए गौरव की बात है कि यहां की गलियों में होने वाला मंचन मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

# नकारात्मकता को जलाकर आस्था को जागृत करने का पर्व होली



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

होली का आध्यात्मिक अर्थ रंगों, उत्सवों और समारोहों से कहीं अधिक व्यापक है। हालांकि अधिकांश लोग होली को 'रंगों का त्योहार' मानते हैं, लेकिन इसका गहरा सार आंतरिक शुद्धि, अहंकार का नाश, भक्ति और आध्यात्मिक परिवर्तन में निहित है। होली से मिलने वाले आध्यात्मिक ज्ञान से हमें यह संदेश मिलता है कि जीवन केवल बाहरी उत्सवों के बारे में नहीं है, बल्कि नकारात्मकता को जलाकर, आस्था को जागृत करके और सचेत जीवन को अपनाकर ही संभव है।

## अंतरात्मा की शुद्धि होली का उद्देश्य

हिंदू धर्म में होली का त्योहार केवल ऐतिहासिक ही नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक महत्व भी रखता है। यह अधर्म (होलिका) और धर्म (प्रहलाद) के बीच आंतरिक संघर्ष और धर्म के विजय का प्रतीक है। भगवान नरसिंह अवतार की कथा दैवीय न्याय और ब्रह्मांडीय संतुलन का प्रतीक है। होली का वास्तविक उद्देश्य है अंतरात्मा की शुद्धि। हमें नित्य अपने जीवन में त्याग, संयम और साधना का अभ्यास करना चाहिए, लेकिन होली के दिन एक विशेष भावना के साथ अपने जीवन के अच्छे-बुरे सभी कर्मों को परमात्मा की विवेक रूपी अग्नि में अर्पित करना चाहिए। यह अग्नि हमारे भीतर जल रही आत्मचेतना है, जो हमें देह-बोध से ऊपर उठाकर आत्मबोध की ओर ले जाती है।

## होली का आध्यात्मिक अर्थ

होली का आध्यात्मिक अर्थ है अहंकार पर भक्ति की, बुराई पर अच्छाई की और अंधकार पर प्रकाश की विजय। होलिका दहन और प्रहलाद की कथा के माध्यम से यह त्योहार आंतरिक शुद्धि, क्षमा, भावनात्मक उपचार और आध्यात्मिक परिवर्तन की शिक्षा देता है। आमजन मानस में एक प्रश्न रहता है कि जिस होलिका ने प्रहलाद जैसे प्रभु भक्त को जलाने का प्रयत्न किया, उसका हजारों वर्षों से हम पूजन किसलिए करते हैं? होलिका-पूजन के पीछे एक बात है। जिस दिन होलिका प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठने वाली थी, उस दिन नगर के सभी लोगों ने घर-घर में अग्नि प्रज्वलित कर प्रहलाद की रक्षा करने के लिए अग्निदेव से प्रार्थना की थी। लोकहृदय को प्रहलाद ने कैसे जीत लिया था, यह बात इस घटना में प्रतिबिंबित होती है। अग्निदेव ने लोगों के अंत :करण की प्रार्थना को स्वीकार किया और लोगों की इच्छा के अनुसार ही हुआ। होलिका नष्ट हो गई और अग्नि की कसौटी में से पार उतरा हुआ प्रहलाद नरश्रेष्ठ बन गया। प्रहलाद को बचाने की प्रार्थना के रूप में प्रारंभ हुई घर-घर की अग्नि पूजा ने कालक्रमानुसार सामुदायिक पूजा का रूप लिया और उससे ही गली-गली में होलिका की पूजा प्रारंभ हुई।

## नियम और पूजा विधि

हिंदू शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन भद्रा रहित काल या विशेष स्थिति में पुच्छ काल में पूर्णिमा तिथि के प्रबल होने पर ही किया जाना चाहिए। घर में सुख-शांति और समृद्धि के लिए दहन से पहले होलिका पूजा का विशेष महत्व होता है। होलिका पूजन करते समय अपना मुंह पूर्व या उत्तर की ओर करके बैठे। पूजन की थाली में पूजा समाग्री जैसे : रोली, पुष्प, माला, नारियल, कच्चा सूत, साबूत हल्दी, मूंग, गुलाल और पांच तरह के अनाज, गेहूं की बालियां व एक लोटा जल होना चाहिए। होलिका के चारों ओर सहपरिवार सात परिक्रमा करके कच्चा सूत लपेटना शुभ होता है। इसके पश्चात विधिवत तरीके से पूजन के बाद होलिका को जल का अर्घ्य दें और सूर्यास्त के बाद भद्रा रहित काल में होलिका का दहन करें। होलिका दहन की राख बेहद पवित्र मानी जाती है। इसलिए होलिका दहन के अगले दिन सुबह के समय इस राख को शरीर पर मलने से समस्त रोग और दुखों का नाश किया जा सकता है। होली हमें सिखाती है कि बाहरी रंगों से पहले अंतरात्मा को रंगना जरूरी है और जब अहंकार जलता है और भक्ति जागती है, तभी जीवन में सच्चा उत्सव आता है। यही होली का वास्तविक संदेश है।



# बृज की होली: भक्ति रस का आनंद उत्सव

बृज की होली बृजवासियों के लिए केवल एक पर्व नहीं है, अपितु भक्ति एवं प्रेम का जीवंत उत्सव है। बृज राधा-कृष्ण की एक पावन भूमि है, जहां ठाकुर की बाल लीलाएं, रास एवं प्रेम क्रीड़ा आज भी बृजवासियों के हृदय में धड़कती है। यहां होली रंगों से पहले भावों से खेली जाती है। राधा कृष्ण तो बृज के कण-कण में विराजमान हैं। बृज की होली की सबसे बड़ी विषेशता इसकी विविधता है- यहां रंग और गुलाल केवल उड़ाया ही नहीं जाता, बल्कि प्रेम के विभिन्न स्वरूपों में जिया जाता है। बृज में होली रंगों से नहीं- भावों से खेली जाती है। यहां गुलाल वायुमंडल में नहीं उड़ता अपितु आत्मा पर उतरता है। फागुन की बयार कालिंदी के तट से उठकर राधा के मान एवं कृष्ण की मुस्कान के साथ बहने लगती है। बृज की होली रंगों का नहीं रस का पर्व है।



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

**चालीस दिन का होलिकोत्सव-** बृज का होली उत्सव वसंत पंचमी से प्रारंभ होकर रंग पंचमी तक लगभग 40 दिन तक चलता है। सारे भारत में बृज की होली अद्वितीय होती है-"सब जग होरी, जा बृज होरी" बृज के मंदिरों में वसंत पंचमी से ही फाग गायन प्रारंभ हो जाता है-'आज बिरज में होरी रे रसिया, होरी रे रसिया, बरजोरी रे रसिया घर-घर से आई बृज के नारी कोई श्यामल, कोई गोरी रे रसिया'। बृज की होली में मुख्यतया- बरसाना की लट्ठमार होली, वृंदावन की फूलों की होली, गोकुल की छड़ीमार होली और दाऊजी का कपड़ा फार होरंगा प्रसिद्ध है। परंतु भक्तों में विशेष चाव तो बरसाने की होली का ही होता है। बरसाने की होली के बिना तो बृज की होली का चित्रण अधूरा और रसहीन है। बरसाने की होली एक सप्ताह पूर्व अष्टमी से प्रारंभ हो जाती है। सारे भारत से राधा रानी के भक्त अष्टमी से जुटने शुरू हो जाते हैं। फागुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी को राधारानी के महल में लड्डू होली होती है। परंपरा के अनुसार राधारानी के पिता वृषभान जी ने बरसाने से नंदगांव नंद बाबा को खेलने का निमंत्रण भेजा, जो बाबा ने स्वीकार कर लिया और इसकी सूचना अपने पुरोहित को बरसाने भेजकर दी कि कृष्ण ग्वाल बालों सहित बरसाने होली खेलने आएंगे। इस सुखद समाचार से बरसाने में खुशी की लहर दौड़ गई और बरसाने वालो ने पुरोहित जी को थाल भरकर लड्डू खिलाए। प्रेम की अधिकता में गोपियों ने पुरोहित जी पर लड्डू फेंकने प्रारंभ कर दिए। पुरोहित जी ने भी उनके साथ लड्डूओं की होली खेली। इसी परंपरा को आज भी निभाते हुए भारी मात्रा में लड्डू मंगाए जाते हैं और श्रद्धालु इन लड्डूओं को प्रसाद के रूप में लूटते हैं- बरसाने के लोग पंडा नृत्य करते हुए उत्सव मनाते हैं और नवमी की होली की तैयारी करते हैं।



## श्रीबांके बिहारी की होली

वृंदावन की होली-अर्थात श्रीबांके बिहारी की होली। यद्यपि होली उत्सव तो वसंत पंचमी से शुरू हो जाता है। बांके बिहारी सहित सप्त देवालयों में ठाकुर को गुलाल अर्पण किया जाता है। परंतु बांके बिहारी की प्रसिद्ध फूलों की होली फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी आमल की एकादशी से प्रारंभ होती है। इसे रंगभरी एकादशी कहते हैं। वाराणसी में बाबा विश्वनाथ की होली भी इसी दिन प्रारंभ होती है। वृंदावन में होली का असली रंग एकादशी के बाद ही चढ़ना शुरू होता है। वृंदावन में जब गुलाल उड़ता है, तो उसका रंग आंखों में नहीं अपितु हृदय में भरता है। प्रत्येक आए हुए श्रद्धालु का मन करता है कि कोई बृजवासी उस पर रंग डाल दे। बांके बिहारी मंदिर में टेसू के फूलों से बने रंग से जो भीग जाता है- वह अपना जन्म सफल समझता है। यहां प्रेम ही सबसे गहरा रंग है। यहां राधे-राधे के उच्चारण से मन का मैल धुलता है और अहंकार गल जाता है। वृंदावन की गलियों में साधु, गृहस्थ और विदेशी भक्त भी एक साथ रंग में भीगते हैं।

## छड़ीमार होली

गोकुल की छड़ीमार होली में बाल कृष्ण के भाव में लाठियों की जगह छोटी छड़ियों का प्रयोग होता है। बृज की होली उत्सवों में दाऊजी का होरंगा भी प्रसिद्ध है, जिसे देखने दूर-दूर से भक्त आते हैं। बृज की होली में 'समाज गायन' एक अत्यंत प्राचीन शास्त्रीय और अनुशासित परंपरा है। समाज गायन बृज की होली की आत्मा है। यह एक संगीतमय आध्यात्मिक गोष्ठी है, जिसमें सभी आमने-सामने बैठकर राधा-कृष्ण की लीलाओं का गायन करते हैं। समाज गायन पूरी तौर पर शास्त्रीय रागों पर आधारीत होता है। इसमें मुख्य गायक पद की एक पंक्ति गाता है और पूरा समूह उसे उच्च स्वर में दोहराता है। समाज गायन के पदों की रचना मध्यकालिन संत कवियों- सूरदास, कुंभनदास, श्री भट्ट और हरिवंश महाप्रभु द्वारा की गई। समाज गायन मुख्यतया नंदगांव और बरसाने में होली और राधाष्टमी के अवसर पर किया जाता है। समाज गायन का एक प्रसिद्ध अंश- "खेलन आए हैं होरी कुंवर कन्हाई। वृषभान की पौरी पे, मच रही आज धमा चैकड़ी आई।।"

बृज की होली हमें संदेश देती है कि प्रेम में कोई भेदभाव नहीं कोई ऊंच-नीच नहीं। न स्त्री पुरुष और न ही भक्त-भगवंत का अंतर। होली पर भगवान स्वयं भक्त बन जाते हैं। यहां भक्त स्वयं को गोपी या सखा मानकर ईश्वर के साथ एकाकार होने का प्रयास करता है- सारा भेदभाव मिट जाता है और चहुं ओर केवल राधे-राधे की गूंज सुनाई पड़ती है। बृज की होली और फाग भारतीय संस्कृति की एक अनमोल धरोहर है, जो हमें प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है।

**पौराणिक कथा**

# धर्म और भक्ति की जीत



प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नामक असुर राजा था। उसने कठोर तपस्या कर वरदान प्राप्त किया कि वह न दिन में मरेगा, न रात में, न घर के भीतर, न बाहर, न किसी मनुष्य से, न पशु से और न किसी अस्त्र-शस्त्र से। इस वरदान के बल पर वह अहंकारी हो गया और स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा। उसने अपने राज्य में विष्णु-भक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया और प्रजा को भयभीत कर दिया। उसका पुत्र प्रह्लाद बचपन से ही भगवान विष्णु का परम भक्त था। गुरुकुल में भी वह अपने साथियों को भक्ति, करुणा और सत्य का पाठ पढ़ाता था। पिता के अनेक समझाने, डांटने और दंड देने पर भी प्रह्लाद की भक्ति अटल रही। क्रोधित होकर हिरण्यकशिपु ने उसे अनेक यातनाएं दीं। कभी ऊंचे पर्वत से गिरवाया, कभी विषैले सर्पों के बीच डलवाया, कभी विष पिलाया, तो कभी हाथियों से कुचलवाने का प्रयास किया। परंतु हर बार विष्णु-कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गया और उसका विश्वास और दृढ़ होता गया। अंतत: हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका को बुलाया, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था। योजना बनी कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठेगी, जिससे प्रह्लाद जल जाएगा। अग्नि प्रज्वलित हुई। होलिका प्रह्लाद को लेकर अग्नि में बैठ गई, परंतु ईश्वर की कृपा से वरदान निष्फल हो गया। होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित बाहर निकल आया।

इस घटना के बाद लोगों के मन में विश्वास जगा कि सच्ची भक्ति की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं। तभी से बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रूप में होलिका दहन की परंपरा प्रचलित हुई। इस घटना से क्रुद्ध होकर हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद से पूछा-"तेरा विष्णु कहां है?" प्रह्लाद ने निडर होकर उत्तर दिया- "वे कण-कण में विद्यमान हैं।" यह सुनकर उसने महल के एक स्तंभ पर प्रहार किया। उसी क्षण स्तंभ से भगवान नरसिंह प्रकट हुए न आधे मनुष्य, न पूर्ण पशु। संध्या समय, महल की दहलीज पर, अपने नखों से हिरण्यकशिपु का वध किया, इस प्रकार वरदान की सभी शर्तें भंग हो गईं। प्रह्लाद को राज्य का उत्तराधिकारी बनाया गया। उसने न्याय, धर्म और दया के मार्ग पर चलकर प्रजा का कल्याण किया। यह कथा अटूट आस्था, धैर्य और सत्य की विजय का संदेश देती है। चाहे अत्याचार कितना ही प्रबल क्यों न हो, अंतत: धर्म और भक्ति की ही जीत होती है।

# पत्नी या पति हो रहे हैं चिड़चिड़े, ये है गंभीर खतरे की निशानी

क्या आपकी पत्नी या पति तनाव, एंग्जायटी और मूड स्विंग्स से परेशान हैं? वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर की दिशाओं और ऊर्जा प्रवाह में दोष होने से पारिवारिक सदस्यों में मानसिक अशांति पैदा हो सकती है। इस लेख में हम वास्तु दोषों के कारणों और सरल उपायों पर चर्चा करेंगे, ताकि आप सुखी वैवाहिक जीवन प्राप्त कर सकें।



आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञ

## वास्तु दोषों के प्रमुख कारण

वास्तु शास्त्र कहता है कि घर उत्तर-पूर्व दिशा चंद्रमा से प्रभावित होती है, जो मन और भावनाओं का कारक है। अगर इस दिशा में शौचालय, जूते या कचरा रखा हो, तो चंद्रमा कमजोर हो जाता है, जिससे तनाव, एंग्जायटी और मूड स्विंग्स बढ़ते हैं। पति-पत्नी के बीच अनावश्यक झगड़े भी इसी से उत्पन्न होते हैं। दक्षिण-पश्चिम दिशा पृथ्वी तत्व की है, जो स्थिरता देती है, यहां रसोई या पानी की टंकी होने से भावनात्मक अस्थिरता आती है। बेडरूम में दर्पण बिस्तर के सामने होना या सिर दक्षिण की ओर रखकर सोना भी वास्तु दोष पैदा करता है। इससे नकारात्मक ऊर्जा प्रतिबिंबित होकर रिश्तों में तनाव बढ़ाता है। इसके अलावा, घर के केंद्र (ब्रह्मस्थान) में भारी सामान या अव्यवस्था से मानसिक दबाव बढ़ता है। महिलाओं में मूड स्विंग्स का एक कारण पूर्व दिशा में अवरोध भी है, जो सूर्य ऊर्जा को रोकता है।




## तत्काल राहत के लिए उपाय

- सबसे पहले उत्तर-पूर्व को साफ करें। यहां शिवलिंग या चंद्र यंत्र स्थापित करें। रोज चांदी के लोटे में पानी भरकर रखें और सुबह सूर्य को अर्घ्य दें। इससे चंद्रमा मजबूत होगा और मूड स्विंग्स कम होंगे। श्री यंत्र को ब्रह्मस्थान में रखें, जो नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेगा।
- बेडरूम में दर्पण को रात में ढक दें या पूर्व की दीवार पर लगाएं। सिर पूर्व या उत्तर की ओर रखकर सोएं। बिस्तर के नीचे कुछ न रखें। रोज ताजे फूल, जैसे गुलाब या चमेली, रखें और लैवेंडर खुशबू का उपयोग करें। इससे सकारात्मक वायु प्रवाह होगा।

## दिशा अनुसार विस्तृत सुधार

**उत्तर-पूर्व (ईशान कोण):** पूजा घर बनाएं। क्रिस्टल या स्फटिक बॉल रखें। अगर वहां शौचालय हो, तो वास्तु यंत्र और नमक का पिरामिड रखें। इससे एंग्जायटी 70 प्रतिशत कम हो सकती है।

**दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य):** भारी अलमारी या तिजोरी रखें। यहां लाल बल्ब जलाएं। पत्नी इसी दिशा में आकर मेकअप यानी श्रृंगार करें। उनकी ड्रेसिंग टेबल इसी दिशा में होनी चाहिए।

**दक्षिण-पूर्व (आग्नेय):** रसोई सही जगह पर हो। अगर नहीं, तो तुलसी यंत्र लगाएं और पति का अध्ययन कक्ष पूर्व में रखें।

**उत्तर-पश्चिम (वायव्य):** अतिथि कक्ष या बच्चों का कमरा। यहां हवा का प्रवाह रखें। बंद खिड़की दोष पैदा करती है।

किचन में गैस दक्षिण-पूर्व कोने में हो और फ्रिज उत्तर-पश्चिम में होनी चाहिए। ये छोटे बदलाव तनाव को जड़ से खत्म करेंगे।

## दैनिक वास्तु टिप्स

सुबह उठकर घर की प्रदक्षिणा करें। कोने साफ रखें। ध्यान पूर्व दिशा में करें। पति-पत्नी संयुक्त रूप से तुलसी पूजा करें। नींद से पहले गहरी सांस लें। इनसे कोर्टिसोल हार्मोन संतुलित होगा।

**दीर्घकालिक लाभ और सावधानियां**

वास्तु सुधार से 21 दिनों में बदलाव दिखेगा। पारिवारिक सुख बढ़ेगा, व्यापार में स्थिरता आएगी।

**सावधानी :** प्लास्टिक सामान कम करें, लकड़ी का उपयोग बढ़ाएं। अगर घर किराए का हो, तो पिरामिड यंत्र हर कमरे में लगाएं और अगर संभव हो, तो किसी विशेषज्ञ से व्यक्तिगत वास्तु पत्रिका बनवाएं। इन उपायों से न केवल तनाव दूर होगा, बल्कि वैवाहिक जीवन आनंदमय बनेगा। वास्तु शास्त्र प्रकृति के साथ सामंजस्य सिखाता है।

## पति-पत्नी पर विशेष प्रभाव

विवाहित जोड़ों में ये दोष पत्नी को अधिक प्रभावित करते हैं, क्योंकि वह घर का मुख्य संचालन करती हैं। उत्तर दिशा में किचन या बाथरूम होने से पति में चिड़चिड़ापन आता है, जो व्यापार या नौकरी में भी असर डालता है। वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार, चंद्रमा की कमजोरी से भावनाओं का नियंत्रण नहीं रहता, जिससे छोटी बातों पर कलह होता है। वर्तमान ग्रह गोचर में शनि का प्रभाव भी इन दोषों को बढ़ा रहा है, इसलिए तत्काल सुधार जरूरी है। मानसिक तनाव से नींद की कमी होती है, जो एंग्जायटी को दोगुना कर देती है। अगर बेडरूम दक्षिण-पूर्व में हो, तो आग तत्व असंतुलित होकर गुस्सा बढ़ाता है। ऐसे में पार्टनर एक-दूसरे को समझ नहीं पाते।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,238.85 | 24,865.70 |
| गिरावट | 1,048.34 | 312.95 |
| प्रतिशत में | 1.29 | 1.24 |

सोना 173,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 300,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, मंगलवार, 3 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### कॉफी डे एंटरप्राइजेज पर 38 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने वित्तीय लेखाजोखा (अकाउंटिंग) और प्रकटीकरण नियमों का उल्लंघन करने के लिए कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके अधिकारियों पर कुल 38 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी के आदेश के अनुसार, कंपनी ने अपने तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम तैयार करने में निर्धारित भारतीय लेखा मानकों का पालन नहीं किया। इसके अलावा, कंपनी कानून 2013 के तहत तय मानकों से विचलन के कारणों का खुलासा न करने को भी गंभीरता से लिया गया है। नियामक ने पाया कि कंपनी ने पारदर्शी वित्तीय विवरण पेश करने की अनिवार्य शर्तों की अनदेखी की।

### बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने जोर : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली** : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को 'एशियन अवसंरचना निवेश बैंक' (AIIB) की नवनियुक्त अध्यक्ष जोउ जियायी से मुलाकात की। इस दौरान भारत और AIIB के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। वित्त मंत्री ने विशेष रूप से कम आय वाले सदस्य देशों में नवाचार आधारित वित्तीय साधनों के माध्यम से निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। गौरतलब है कि AIIB में 8.5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत, चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह बैठक भविष्य में भारत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण के नए रास्ते खोलने में सहायक होगी।

### सुनील मित्तल ने बताई उत्तराधिकार योजना

**नई दिल्ली :** भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने समूह के लिए अपनी उत्तराधिकार योजना साझा की है। इसके तहत भारती एयरटेल की प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम में उनके परिवार की अगली पीढ़ी की हिस्सेदारी बढ़ेगी।

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल : शरबती**- 3000 मसूरी- 1200 बासमती- 7200-9000 परमल- 1600-3000 दाल दलहन-काला चना- 2200-3400 साबुत चना दाल- 1400 मूंग साबुत- 5000 राजमा- 8000-11800 दाल उड़द- 6200 साबुत मसूर दाल-3200 मसूर दाल- 1200 उड़द साबुत-10400 काबुली चना- 6000-10000 अरहर दाल- 10000 -12200 लोबिया/करमानी- 2200-3600

# कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज की दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार

## ईपीएफओ के इस फैसले से देश के करीब 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को सीधा लाभ मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को भविष्य निधि जमा पर 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब ब्याज दर को इस स्तर पर रखा गया है। पिछले वर्ष फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को बरकरार रखा था। ईपीएफओ के इस फैसले से देश के करीब 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों को सीधा लाभ मिलेगा। आप अपने पीएफ बैलेंस और ब्याज की स्थिति EPFO Unified Portal पर देख सकते हैं।

ईपीएफओ ने 2024 में ब्याज दर को बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था, जो 2022-23 में 8.15 प्रतिशत थी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में सोमवार को केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने अपनी बैठक में 2025-26 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.25 प्रतिशत का ब्याज देने की सिफारिश की है। ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय सीबीटी की सिफारिश पर वित्त मंत्रालय मंजूरी देगा। सरकार द्वारा ब्याज दर आधिकारिक रूप से अधिसूचित करने के बाद ईपीएफओ अंशधारकों के खातों में ब्याज जमा करेगा। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, ईपीएफओ ने मजबूत वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है। इससे ब्याज खाते पर दबाव डाले बिना स्थिर और प्रतिस्पर्धी रिटर्न सुनिश्चित किया जा रहा है।

सीबीटी ने आयकर विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त उन ट्रस्ट के मामले में संबंधित अनुपालन मुद्दों को हल करने के लिए एकमुश्त माफी योजना को भी मंजूरी दी है, जो अभी तक कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत नहीं आते हैं या जिन्हें छूट नहीं दी गई है। इसमें वित्त अधिनियम, 2026 के प्रावधानों को भी ध्यान में रखा गया है। प्रस्तावित योजना का उद्देश्य प्रतिष्ठानों और न्यासों को एक निर्धारित छह महीने की अवधि के भीतर अनुपालन के दायरे में लाना है। निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए, बोर्ड ने 1,000 रुपये या उससे कम की राशि वाले निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में दावा निपटान की स्वतः शुरुआत के लिए एक पायलट परियोजना को मंजूरी दी। पायलट परियोजना की सफलता के आधार पर, इस सुविधा को बाद के चरणों में 1,000 रुपये से अधिक की राशि वाले खातों तक बढ़ाया जाएगा, जिससे ईपीएफओ में सदस्य-केंद्रित सुधारों को और मजबूती मिलेगी।

बोर्ड ने एक पारदर्शी और समयबद्ध ढांचे को संस्थागत रूप देने के लिए एक व्यापक मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) को मंजूरी दी।

- ईपीएफओ ने निष्क्रिय खातों के निपटान के लिए नई पहल को मंजूरी दी




- पीएफ बैलेंस और ब्याज की स्थिति EPFO Unified Portal पर देख सकते हैं

- 1,000 रुपये या उससे कम राशि वाले निष्क्रिय खातों में स्वत: दावा निपटान को पायलट प्रोजेक्ट शुरू

### पैसे कैसे वापस मिलेंगे?

जिन लोगों के EPF खाते आधार से जुड़े हुए हैं और बैंक खाते भी लिंक हैं, उनके खाते में पैसे सीधे ट्रांसफर हो जाएंगे। कोई क्लेम फॉर्म भरने या कागजात जमा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर खाता धारक का निधन हो चुका है, तो रजिस्टर्ड नॉमिनी या कानूनी वारिस को रकम मिलेगी।

### क्या होते हैं निष्क्रिय खाते

ईपीएफ खाता तब निष्क्रिय माना जाता है जब उसमें 36 महीने से ज्यादा समय तक न तो कर्मचारी की तरफ से और न ही कंपनी की तरफ से कोई योगदान आता है। ज्यादातर ऐसे खाते नौकरी बदलने वाले लोगों, रिटायर हो चुके लोगों या जिन्होंने पुराने खाते भूल गए हैं, उनमें होते हैं। कुल मिलाकर देश में 31.86 लाख निष्क्रिय ईपीएफ खाते हैं, जिनमें कुल 10,903 करोड़ रुपये जमा हैं। अभी यह अभियान छोटी रकम वाले खातों से शुरू किया जा रहा है।

### सीधे आपके बैंक अकाउंट में आएगा निष्क्रिय पीएफ खातों का पैसा

नई दिल्ली। देश में सात लाख से ज्यादा ऐसे खाते हैं जहां हर खाते में 1,000 रुपये या उससे कम रकम बची हुई है। इन सबमें कुल 30.52 करोड़ रुपये पड़े हैं, जिन्हें अब सदस्यों या उनके वारिसों को लौटाया जाएगा।

# कच्चा तेल 9% महंगा, पर पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने के आसार नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 9 प्रतिशत का जोरदार उछाल आया है। इसके बावजूद, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि देश में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में निकट भविष्य में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है।

**ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर के करीब :** सैन्य संकट गहराने के बाद वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गया है। वहीं, अमेरिकी कच्चा तेल (WTI) 8.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.79 डॉलर पर आ गया है, जो शुक्रवार को करीब 67 डॉलर प्रति बैरल था।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, ऐसे में वैश्विक कीमतों में वृद्धि से आयात बिल और महंगाई का दबाव बढ़ना तय है।



### क्यों नहीं बढ़ेंगे दाम?

सूत्रों के अनुसार, सरकारी तेल कंपनियां—IOC, BPCL और HPCL—एक सुविचारित नीति के तहत काम कर रही हैं। जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें कम होती हैं, तो ये कंपनियां अपना मार्जिन (मुनाफा) बढ़ा लेती हैं, और जब कीमतें बढ़ती हैं, तो उस मुनाफे का उपयोग उपभोक्ताओं को राहत देने और कीमतों को स्थिर रखने में किया जाता है।

**स्थिरता :** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से मोटे तौर पर स्थिर बनी हुई हैं।

**रणनीति :** सरकार की मंशा फिलहाल वैश्विक अस्थिरता का बोझ आम आदमी पर न डालने की है, भले ही तेल कंपनियों को अल्पकालिक घाटा उठाना पड़े।

# फरवरी में रिकॉर्ड 4.25 लाख यात्री वाहन बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में घरेलू यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री फरवरी में एक साल पहले के मुकाबले 11.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4,25,000 वाहन हो गई। एसयूवी यानी स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल्स की मांग और पिछले साल सितंबर में जीएसटी दरों में बदलाव से वाहनों की बिक्री में तेजी आयी है।

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड ने लगभग 1,61,000 वाहनों के साथ गाड़ियों की थोक बिक्री में सालाना आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की, क्योंकि उसने ग्राहकों की प्रतीक्षा अवधि को नियंत्रित रखने के लिए मॉडलों के उत्पादन को संतुलित किया। मारुति सुजूकी के वरिष्ठ कार्याधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने एक वीडियो प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि कंपनी ने मासिक आधार पर अपने उत्पादन मिश्रण को समायोजित किया। दिसंबर में ऑल्टो जैसे मिनी मॉडल, जनवरी में वैगन आर जैसी कॉम्पैक्ट कारों और फरवरी में यूटिलिटी वाहनों के उत्पादन में बदलाव किया, ताकि बैकलॉग बढ़े बिना मांग को पूरा किया जा सके। परिणामस्वरूप, फरवरी के अंत में औसत प्रतीक्षा अवधि लगभग 12 दिन रह गई।

हालांकि रिटेल बिक्री मजबूत बनी रही। मारुति सुजूकी की रिटेल बिक्री सालाना आधार पर करीब 12 फीसदी बढ़कर 1,51,000 वाहन हो गई।



# टीसीएस- विप्रो ने टालीं यात्राएं, नैसकॉम की 'वर्क फ्रॉम होम' की सलाह

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संघर्ष और हवाई क्षेत्र बंद होने के बीच भारतीय आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों टीसीएस और विप्रो ने अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनजर खाड़ी देशों की सभी यात्राएं स्थगित कर दी हैं। कंपनियों ने प्रभावित क्षेत्रों में मौजूद सहयोगियों के लिए सख्त सुरक्षा परामर्श जारी किए हैं। आईटी उद्योग के संगठन नैसकॉम ने भी सदस्य कंपनियों से आग्रह किया है कि वे युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए 'घर से काम' की व्यवस्था लागू करें। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि उसके कर्मचारियों को घर के अंदर रहने और स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। यह कदम क्षेत्र में बढ़ती अनिश्चितता और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में आ रहे व्यवधानों को देखते हुए उठाया गया है।

# ईरान-इजरायल तनाव से बाजार धड़ाम सेंसेक्स 1048 अंक तक लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनैतिक संकट और ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए सीधे सैन्य टकराव ने सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में कोहराम मचा दिया। सप्ताह के पहले ही दिन निवेशकों में भारी घबराहट देखी गई, जिससे बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,048.34 अंक (1.29%) की भारी गिरावट के साथ 80,238.85 के स्तर पर बंद हुआ। यह 2 सितंबर 2025 के बाद का सबसे निचला स्तर है।

**खुलते ही स्वाहा हुए अरबों रुपये :** बाजार की शुरुआत बेहद डरावनी रही। सुबह सेंसेक्स 2,743 अंकों की विशाल गिरावट के साथ 78,543 अंक पर खुला था, जिससे एक ही झटके में निवेशकों के अरबों रुपये डूब गए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 312.95 अंक (1.24%) फिसलकर 24,865.70 अंक पर आ गया।

### कंपनियों को अब महंगाई और निर्यात का डर

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) में गहराते सैन्य संकट ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजार में हलचल पैदा कर दी। दिग्गज कंपनियों ने लागत बढ़ने और निर्यात प्रभावित होने की आशंका जताई है। बिस्कुट कंपनी पारले प्रोडक्ट्स के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने चेतावनी दी कि कच्चा तेल महंगा होने से पैकेजिंग और माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ सकता है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने कहा कि वह निर्यात पर पड़ने वाले असर की बारीकी से निगरानी कर रही है।

### गिरावट के प्रमुख कारण:

**युद्ध का संकट :** 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले और ईरान की जवाबी कार्रवाई ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश (जैसे सोना) की ओर भागने पर मजबूर कर दिया। बाजार में अस्थिरता मापने वाला सूचकांक 'इंडिया वीआईएक्स' 25 के पार पहुंच गया, जो बाजार में छाई गहरी अनिश्चितता को दर्शाता है। चौतरफा बिकवाली : मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में 1.5% से 1.75% तक की गिरावट रही।

### किन पर पड़ी सबसे ज्यादा मार?

सबसे ज्यादा नुकसान एविएशन और ऑटो सेक्टर को हुआ। तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका में इंडिगो का शेयर 6.25% टूट गया। इसके अलावा एलएंडटी, अडाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

### रुपये में भी रिकॉर्ड गिरावट

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के दबाव में भारतीय रुपया भी डॉलर के मुकाबले 91.52 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

# भारत-कनाडा में 50 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और कनाडा ने सोमवार को अपने आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय जोड़ते हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) के लिए आधिकारिक तौर पर बातचीत शुरू कर दी। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की गरिमामयी उपस्थिति में इसके संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत की ओर से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और कनाडाई मंत्री मनिंदर सिद्धू ने इस महत्वपूर्ण दस्तावेज पर मुहर लगाई। दोनों देशों ने इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने का संकल्प लिया है।

भारत-कनाडा सीईओ मंच को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडाई निवेशकों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने का खुला निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि सुधारों पर ध्यान केंद्रित करने और कारोबार सुगमता ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी है। मोदी ने बताया कि सरकार ने बजट 2026-27 में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 130 अरब डॉलर का रिकॉर्ड आवंटन किया है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश का एक स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि दोनों देश वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर के महत्वाकांक्षी स्तर तक पहुंचाने पर सहमत हुए हैं। वर्तमान में (जनवरी-अक्टूबर 2025 के दौरान) यह व्यापार लगभग 8 अरब डॉलर रहा है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि वैश्विक आर्थिक दबावों के इस दौर में भारत और कनाडा की 'पूंजी और क्षमता' मिलकर एक ठोस वैश्विक आर्थिक शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।



- पीएम मोदी ने निवेशकों को दिया 'ग्रोथ स्टोरी' का न्योता

### भारत और कनाडा के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू

**नई दिल्ली :** भारत और कनाडा ने व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देने के लिए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) पर आधिकारिक तौर पर बातचीत शुरू कर दी है। सोमवार को हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की मौजूदगी में इस संबंध में दस्तावेज (TOR) साझा किए गए। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और कनाडाई मंत्री मनिंदर सिद्धू ने इस समझौते की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों देश इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के लिए सहमत हुए हैं, जिससे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### क्या होगा लाभ

निर्यात में वृद्धि : भारतीय कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा उत्पाद और कृषि उत्पादों को कनाडा के बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिल सकती है, जिससे निर्यात बढ़ेगा। आईटी और सेवा क्षेत्र : भारत के आईटी पेशेवरों और इंजीनियरों के लिए कनाडा में काम करना और वहां सेवाएं देना आसान होगा। वीजा नियमों में ढील और 'मूवमेंट ऑफ नेचुरल पर्सन्स' (Mode 4) पर समझौते से आईटी सेक्टर को सीधा लाभ होगा।

# आर्थिक वृद्धि को सशक्त बनाने पर मोदी आज करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह 11:15 बजे बजट 2026-27 पर आयोजित दूसरे वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस वेबिनार का मुख्य विषय "आर्थिक वृद्धि को निरंतर संभालना और सशक्त करना" रखा गया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस कार्यक्रम में चार विशेष सत्र होंगे, जो विनिर्माण, एमएसएमई के लिए कर्ज और बाजार सुविधा, शहरी आर्थिक नियोजन और बुनियादी ढांचा व लॉजिस्टिक्स के विकास पर केंद्रित होंगे। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य बजट प्राथमिकताओं के प्रभावी कार्यान्वयन में उद्योगों और संबंधित पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित करना और औद्योगिक उत्पादन के विस्तार के लिए आवश्यक सुधारों पर सुझाव लेना है।

# ग्रीन स्टील के उपयोग से 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में हो सकती है भारी कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में 'ग्रीन स्टील' एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री और 'क्लाइमेट कैटालिस्ट' की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यदि सरकारी परियोजनाओं में 26% ग्रीन स्टील का उपयोग अनिवार्य कर दिया जाए, तो साल 2030 तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 20.9 मिलियन टन की कमी लाई जा सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि इस हिस्सेदारी को बढ़ाकर 37% कर दिया जाए, तो 29.7 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को रोका जा सकता है। यह उपलब्धि हर साल सड़कों से लगभग 90 लाख कारों को हटाने के बराबर होगी। कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के कार्यकारी निदेशक के. एस. वेंकटगिरी का मानना है कि 'ग्रीन पब्लिक प्रोक्योरमेंट' यानी सरकारी खरीद, भारतीय इस्पात क्षेत्र को कम कार्बन उत्सर्जन वाले भविष्य की ओर ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम है।

### रिपोर्ट की खास बातें

रिपोर्ट के अनुसार यदि इस्पात मंत्रालय 2028 तक 26% ग्रीन स्टील की खरीद अनिवार्य करता है, तो देश की 93% स्टील कंपनियां इसके उत्पादन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0), मेट्रो और रेल परियोजनाओं में ग्रीन स्टील के उपयोगसे कुल लागत में मात्र 0.2% से 1.2% तक की मामूली वृद्धि होगी। वर्तमान में देश में सार्वजनिक खरीद के तहत सालाना लगभग 3.16 करोड़ टन स्टील की खपत होती है, जिस पर 45-50 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं।

### क्या है ग्रीन स्टील

ग्रीन स्टील का आशय जीवाश्म ईंधन के उपयोग के बिना इस्पात के निर्माण से है। इसका उत्पादन कोयला संचालित संयंत्रों के पारंपरिक कार्बन-गहन विनिर्माण मार्ग के बजाय हाइड्रोजन, कोयला गैसीकरण या बिजली जैसे कम कार्बन ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके किया जाता है। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होता है और लागत में भी कमी आती है। साथ ही इस्पात की क्वालिटी बेहतर होती है। इसके अलावा कम-कार्बन हाइड्रोजन (नीली हाइड्रोजन और ग्रीन हाइड्रोजन) इस्पात उद्योग के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

# पश्चिम एशिया संकट: हवाई यात्रा पर ब्रेक, 25 प्रतिशत तक बुकिंग रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष का सीधा असर अब हवाई यात्राओं पर दिखने लगा है।

'इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स' ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र में जारी भू-राजनीतिक तनाव और हवाई क्षेत्र की अनिश्चितता के कारण पश्चिम एशिया से जुड़े मार्गों पर यात्रा बुकिंग में 20 से 25 प्रतिशत तक की गिरावट और रद्दीकरण देखा जा रहा है। यात्रियों में डर और असमंजस IATO के अध्यक्ष रवि गोसाईं के अनुसार, खाड़ी देशों के पारगमन केंद्रों और उसके आसपास के हवाई गलियारों में व्यवधान के कारण यात्री अपनी यात्रा स्थगित या संशोधित कर रहे हैं। यात्रियों की इस सतर्कता के पीछे हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण उड़ानों का मार्ग बदला जा रहा है, जिससे यात्रा की अवधि बढ़ गई है। इसके अलावा मार्ग परिवर्तन और बीमा शर्तों में बदलाव से हवाई टिकटों की कीमतों पर असर पड़ने की संभावना है।

विभिन्न देशों द्वारा जारी की जा रही 'ट्रैवल एडवाइजरी' के कारण लोग जोखिम लेने से बच रहे हैं।

- भू-राजनीतिक तनाव व हवाई क्षेत्र की 20 से 25 प्रतिशत तक की गिरावट देखी जा रही है



## विस्तार

### ऊर्जा और व्यापार मार्ग बाधित होने से आपूर्ति एवं कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है

# पश्चिम एशिया तनाव से भारत, अन्य एशियाई देशों के लिए जोखिम बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष तेज होने से भारत और एशिया के अन्य वस्तु आयातक देशों के लिए जोखिम बढ़ गया है।

ऊर्जा और व्यापार मार्ग बाधित होने से आपूर्ति एवं कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। मूडीज एनालिटिक्स ने सोमवार को यह आशंका जताई। ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल की साझा सैन्य कार्रवाई और उसके बाद ईरान के जवाब हमलों से कच्चे तेल एवं गैस की आपूर्ति के प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरुमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, जहां से दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल निर्यात का लगभग एक-तिहाई और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की करीब 20 प्रतिशत खेप गुजरती है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत अपनी जरूरत का लगभग आधा कच्चा तेल इसी मार्ग से आयात करता है। मूडीज ने मौजूदा हालात पर अपनी रिपोर्ट में कहा, "होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से लाल सागर और व्यापक पश्चिम एशिया में और बाधाओं का जोखिम बढ़ गया है। हवाई क्षेत्र बंद होने से यात्री एवं कार्गो उड़ानों पर भी असर पड़ा है।" इस मार्ग के बंद होने से एशिया क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हो सकता है क्योंकि चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे बड़े देश इस क्षेत्र से तेल-गैस की बड़े पैमाने पर खरीद करते हैं। सोमवार सुबह एशियाई कारोबार में ब्रेंट कच्चा तेल करीब 80 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जो शुक्रवार के बंद भाव करीब 72 डॉलर से बहुत अधिक है।

शेयर बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट देखी गई। मूडीज ने आगाह किया कि ऊंची जिंस कीमतें उपभोक्ता एवं उत्पादक मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती हैं, जिससे केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरों में कटौती रोकनी पड़ सकती है या दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं। ऐसा होने पर आयात बिल बढ़ेगा, व्यापार घाटा बढ़ेगा और मुद्रा पर भी दबाव पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि यह संघर्ष भारत के लिए स्थिति को और जटिल बना देता है। वह पश्चिम एशिया से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता है और उसने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते के तहत रूस से तेल खरीद धीरे-धीरे कम करने पर भी सहमति जताई है।

रिपोर्ट कहती है कि खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात या समुद्री यातायात में लंबी बाधा उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कर्ज संबंधी चिंताओं को फिर जगा सकती है। एजेंसी ने कहा कि वह पश्चिम एशिया के हालात पर नजर रखे हुए है और अगले सप्ताह अपने आधारभूत पूर्वानुमान में इसके प्रभाव का आकलन जारी करेगी।



# आज लगेगा पूर्ण चंद्रग्रहण, अबकी चंद्रमा भी खेलेगा लाल रंग से होली

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मंगलवार को पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। इस ब्लडमून के दौरान चंद्रमा लाल रंग से होली खेलेगा। इस घटना का दीदार आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल, मनोरा पीक से कराने जा रहा है। आप एरीज के यूट्यूब चैनल पर शाम 5:30 बजे से इसे लाइव देख सकते हैं।

एरीज के खगोल वैज्ञानिक एवं साइंस सेंटर प्रभारी डॉ. वीरेंद्र यादव के अनुसार, आम जनता के लिए प्रत्यक्ष रूप से ग्रहण देखने की व्यवस्था शाम 6 बजे से की गई है। ग्रहण को नग्न आंखों से या दूरबीन से देखना सुरक्षित होता है। ऐसी दुर्लभ मनमोहक खगोलीय घटनाएं हमारी जिज्ञासा के लिए शानदार अवसर हैं। डॉ. यादव ने बताया कि पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय सूर्य का कुछ प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होते हुए चंद्रमा पर पड़ता है। हमारा वायुमंडल सूर्यप्रकाश के रंगों में से बैंगनी और नीले रंगों को ज्यादा बिखेरता है और लाल और नारंगी रंगों को कम बिखेरता है अतः सूर्यप्रकाश का लाल रंग लगभग सीधे चंद्रमा पर पड़ता है, जिससे चंद्रमा गहरे लाल रंग का प्रतीत होता है। इस चंद्र ग्रहण में भी ऐसा रंग नजर आएगा, लेकिन भारत के अधिकांश हिस्सों से ये लाल नहीं दिखेगा क्योंकि यहां अधिकांश हिस्सों में आंशिक चंद्रग्रहण नजर आएगा। चंद्र ग्रहण दोपहर 3:20 बजे शुरू होगा और सायं 6:47 बजे समाप्त हो जाएगा। नैनीताल में सायं 6:15 बजे चंद्रोदय के बाद आंशिक चंद्र ग्रहण नजर आएगा।

### ब्लडमून का संयोग

डॉ. यादव के अनुसार, यह संयोग ही है कि, इस होली के अवसर पर पूर्ण चंद्रग्रहण होने जा रहा है। यह ब्लडमून वाला पूर्ण चंद्रग्रहण है। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा लाल रंग में रंग जाता है जिस कारण इसे ब्लडमून कहा जाता है।

## अर्थव्यवस्था पर होगी तगड़ी चोट

होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) दुनिया की वह धमनी है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था का रक्त यानी कच्चा तेल बहता है। ओमान और ईरान के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग केवल 33 किलोमीटर चौड़ा है, लेकिन इसका रणनीतिक महत्व अकल्पनीय है। दुनिया का लगभग 20% से 25% तेल और एक-तिहाई तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) इसी मार्ग से होकर गुजरती है। यदि ईरान इस मार्ग को बंद करता है, तो यह केवल एक क्षेत्रीय विवाद नहीं, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक आपातकाल होगा। इस मार्ग के बंद होने का अर्थ है प्रमुख तेल उत्पादकों का दुनिया से संपर्क कट जाना। भारत जैसे देश के लिए, जो अपनी तेल जरूरतों का 85% आयात करता है, यह स्थिति किसी बड़े झटके से कम नहीं होगी। यह न केवल ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि महंगाई के रूप में एक बहुआयामी चुनौती पेश करेगा।

## होर्मुज स्ट्रेट पर रोक



### भारत के लिए दोहरी मार

- **तेल की कीमतों में आग** : भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर को पार कर सकती हैं। परिवहन लागत बढ़ने से सब्जियों, अनाज और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे।
- **शेयर बाजार में गिरावट** : अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल सकते हैं, जिससे शेयर बाजार में गिरावट आ सकती है।
- **रुपये की कमजोरी** : तेल खरीदने के लिए अधिक डॉलर खर्च करने होंगे, जिससे डॉलर के मुकाबले रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर जा सकता है।
- **व्यापार घाटा** : आयात बिल बढ़ने से भारत का चालू खाता घाटा बढ़ जाएगा।

### कौन से देश होंगे प्रभावित

- **इनसे टूटेगा संपर्क** : इस मार्ग के बंद होने का अर्थ है सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और कतर जैसे प्रमुख तेल उत्पादकों का दुनिया से संपर्क कट जाना।
- **एशियाई दिग्गज** : चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस मार्ग पर सबसे अधिक निर्भर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई देशों का अधिकांश कच्चा तेल इसी रास्ते से आता है।
- **यूरोपीय बाजार** : पहले से ही रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऊर्जा संकट झेल रहा यूरोप, मध्य पूर्व से आने वाली एलएनजी के लिए इस मार्ग पर निर्भर है।
- **वैश्विक तेल कीमतें** : विशेषज्ञों का मानना है कि मार्ग बंद होने पर कच्चे तेल की कीमतें 150 से 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।
- **भारत के लिए झटका** : भारत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से आता है।

### भारत कैसे निपट सकता है

- **रणनीतिक तेल भंडार** : भारत ने विशाखापत्तनम, मंगलुरु और पादुर में भूमिगत तेल भंडार बनाए हैं। आपात स्थिति में भारत इनका उपयोग कर सकता है। के माध्यम से भारत अपनी आपूर्ति को कुछ हफ्तों तक सुरक्षित रख सकता है।
- **आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण** : भारत रूस, अमेरिका, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों से तेल आयात बढ़ाकर मध्य पूर्व पर निर्भरता कम कर सकता है।
- **वैकल्पिक मार्ग और कूटनीति** : भारत ईरान के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों का उपयोग कर अपने जहाजों के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करने की कोशिश कर सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### हिज़बुल्ला की सैन्य गतिविधियों पर रोक

**बेरुत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिजबुल्ला की सैन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करते हुए इजरायल के साथ बढ़ते तनाव के बीच संगठन से अपने हथियार सौंपने का आग्रह किया है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब इजरायल और हिजबुल्ला के बीच तनाव चरम पर है। हाल ही में हिजबुल्ला ने उत्तरी इजरायल के हाइफा में एक सैन्य ठिकाने पर रॉकेट और ड्रोन दागा था। इसके बाद इजरायली लड़ाकू विमानों ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हवाई हमले किये थे। ईरान समर्थित संगठन ने कहा कि यह हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के प्रतिशोध में किया गया था।

### मचाडो ने वेनेजुएला लौटने का दिया संकेत

**काराकस।** वेनेजुएला की विपक्ष की नेता एवं 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार की विजेता मारिया कोरिना मचाडो ने रविवार को कहा कि वह आने वाले हफ्तों में वेनेजुएला लौटेंगी और देश में चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि, मचाडो ने वापसी की कोई तारीख नहीं बताई, लेकिन कहा कि उनका एक लक्ष्य आगामी चुनावों में "बड़ी जीत" के लिए तैयारी करना है। सोशल मीडिया पर साझा एक संदेश में नोबेल पुरस्कार विजेता ने अपने समर्थकों से अपील की कि वे प्राइमरी चुनाव में दिखाई गई वेनेजुएला वासियों की एकता को और मजबूत करें।

### म्यांमार में 10 हजार कैदियों को दी माफी

**बैंकॉक।** म्यांमार के सैन्य शासन प्रमुख ने 10,000 से अधिक कैदियों को माफी दी है और अन्य की सजा में कटौती की है। हालांकि, 2021 के सैन्य तख्तापलट में सत्ता से बेदखल की गईं पूर्व नेता आंग सान सू की की रिहाई का कोई संकेत नहीं है। सू की को तब से लगभग पूरी तरह बाहरी संपर्क से दूर रखा गया है। यह माफी संसद के पांच साल से अधिक समय बाद होने जा रहे पहले सत्र से करीब दो सप्ताह पहले दी गई है। हालिया चुनाव के बाद यह सत्र आहूत किया गया।

### नेपाल में 1.9 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

**नई दिल्ली।** नेपाल में नई सरकार चुनने के लिए 5 मार्च को मतदान होगा जिसमें लगभग 1.9 करोड़ लोग हिस्सा लेंगे। सितंबर 2025 में युवाओं के नेतृत्व में हुए भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के जरिये सरकार गिराये जाने के बाद देश में प्रतिनिधि सभा के लिए यह पहला आम चुनाव हो रहा है। छात्र विद्रोह के बाद देश का नियंत्रण सुशीला कार्की के नेतृत्व की अंतरिम सरकार के हाथ है।

# दूसरे देशों में फंसे भारतीयों की मदद के लिए कदम उठाएं संबंधित विभाग

## सीसीएस ने की पश्चिम एशिया के हालात की समीक्षा, भारतीयों की सुरक्षा पर जताई चिंता

- पश्चिम एशिया विवाद का संवाद और कूटनीति से हल पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति की समीक्षा की और क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। सीसीएस ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश भी दिया है कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार रात हुई बैठक में सीसीएस ने संघर्ष की स्थिति को शीघ्र समाप्त करने और संवाद एवं कूटनीति के जरिए मामले का हल निकालने के महत्व पर भी जोर दिया। सीसीएस देश के सुरक्षा संबंधी और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सीसीएस ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न हो रही स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की और उसे ईरान में हुए हवाई हमलों और उसके बाद कई खाड़ी देशों में हुए हमलों सहित बढ़ते तनाव के बारे में जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि उसने क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सीसीएस ने पश्चिम एशिया से होकर गुजरने वाले भारतीय यात्रियों और निर्धारित परीक्षाओं में शामिल हो रहे छात्रों की कठिनाइयों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों की भी समीक्षा की। सीसीएस ने सभी संबंधित विभागों को घटनाक्रम से प्रभावित भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए आवश्यक और व्यवहार्य कदम उठाने का निर्देश दिया।



### अपने नागरिकों के संपर्क में हैं भारतीय दूतावास

ईरान में लगभग 10,000 भारतीय नागरिक रहते, पढ़ते और काम करते हैं, जबकि इज़राइल में 40,000 से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। खाड़ी देशों और पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 90 लाख है। वर्तमान में पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण उड़ान सेवाएं बाधित होने से सैकड़ों भारतीय दुबई, दोहा और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए सोशल मीडिया पर भारत सरकार से अपील कर रहे हैं। भारत ने अतीत में संघर्षों के बीच पश्चिम एशिया सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों से हजारों भारतीयों को सफलतापूर्वक निकाला है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरे क्षेत्र में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों के साथ लगातार संपर्क में है।

### बहरीन के शाह और सऊदी अरब के युवराज से प्रधानमंत्री मोदी ने की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बहरीन के शाह हम्माद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के युवराज एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत की तथा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों पर हुए हालिया हमले उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के कुशलक्षेम के बारे में भी उनसे बात की। दोनों नेताओं के साथ फोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी ने एक्स पर कहा कि सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के साथ पश्चिम एशिया के बदलते घटनाक्रम पर चर्चा की। भारत सऊदी अरब पर हाल ही में हुए हमलों की निंदा करता है, जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## शाह बोले, बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे

**मथुरापुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा के रुख का उल्लेख करते हुए कहा कि हालांकि अभी मतदाता सूची से केवल घुसपैठियों के नाम हटाए जा रहे हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत के साथ पार्टी के सत्ता में आने के बाद उन्हें राज्य से बाहर निकाल दिया जाएगा। शनिवार को संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद राज्य में अपने पहले दौरे पर उन्होंने दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' को संबोधित किया। शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बंगाल को घुसपैठियों का स्वर्ग बना दिया था और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा अवैध अप्रवासन की अनुमति देने के कारण सीमावर्ती राज्य की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने कहा, बंगाल एक सीमावर्ती राज्य है। टीएमसी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती, क्योंकि वे घुसपैठ की अनुमति देते हैं। केवल भाजपा ही बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्य को सुरक्षा प्रदान कर सकती है। उनकी ये टिप्पणी शनिवार को प्रकाशित विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद की मतदाता सूचियों की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें नवंबर में शुरू हुई इस प्रक्रिया के बाद से 63.66 लाख नाम हटाए गए हैं।

# सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन देगी बंगाल सरकार

- बाड़ लगाने के साथ सीमा पर चौकियां बनाएगा बीएसएफ

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार ने सीमा पर बाड़ लगाने और चौकियां बनाने के लिए केंद्र को लगभग 105 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि लगभग 17 किलोमीटर की बाड़ लगाने और सीमा चौकियां) स्थापित करने के लिए यह जमीन सीमा सुरक्षा बल को हस्तांतरित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए गठित मंत्रिस्तरीय समूह ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय नबान्न में बैठक की और सैद्धांतिक रूप से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। हालांकि, अंतिम मंजूरी राज्य मंत्रिमंडल द्वारा दी जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीमा पर बाड़ लगाने और सीमा चौकियां बनाने के लिए बीएसएफ को जमीन सौंपने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार सीमा के 17 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बाड़ लगाने की योजना बना रही है और इसके लिए उसने राज्य सरकार से जमीन मांगी है। बीएसएफ को भी इस क्षेत्र में नौ सीमा चौकियों के निर्माण के लिए जमीन की जरूरत है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इससे पहले केंद्रीय एजेंसियों को जमीन देने से संबंधित प्रस्तावों की जांच के लिए एक विशेष मंत्रिस्तरीय समूह को नियुक्त किया था। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को मंत्रियों, चंद्रिमा भट्टाचार्य, फिरहाद हकीम और अरूप बिस्वास ने इन बातों पर विचार-विमर्श किया।



### कैबिनेट की मंजूरी के बाद भू अधिग्रहण

यदि मुख्यमंत्री कार्यालय प्रस्ताव को मंजूरी दे देता है, तो इसे राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलने पर, जिला प्रशासन आवश्यक भूखंडों के अधिग्रहण के लिए भूस्वामियों से बातचीत शुरू करेगा। सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा मंत्रिस्तरीय समूह द्वारा सीमा से सटे नौ स्थानों पर स्थित लगभग 20-25 एकड़ सरकारी जमीन को बीएसएफ को हस्तांतरित करने की सिफारिश करने की संभावना है।

## सूडान में उग्रवादियों का गांव पर हमला, 169 की गई जान

- दक्षिण सूडान के सुदूर इलाके में किया गया यह हमला

जुबा, एजेंसी

दक्षिण सूडान के एक सुदूर इलाके में विद्रोहियों द्वारा एक गांव पर किए गए हमले में 169 लोग मारे गए। स्थानीय अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह छिटपुट हिंसा की नवीनतम घटना है, जिसने देश को पूर्ण गृहयुद्ध के कगार पर ला खड़ा किया है।

रुवेंग प्रशासनिक क्षेत्र के सूचना मंत्री जेम्स मोनीलुआक ने बताया कि रविवार को अबीमनोम काउंटी में हुए हमले में 90 नागरिकों सहित कई लोग मारे गए। मृतकों में महिलाओं और बच्चों के साथ-साथ दर्जनों लड़ाके भी शामिल थे। दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने एक बयान में कहा कि हमले के बाद 1,000 लोगों ने उसके अड्डे पर शरण ली। यूएन मिशन इन साउथ सूडान की अधिकारी अनीता किकी गबेहो ने कहा कि इस तरह की हिंसा से आम नागरिकों को गंभीर खतरा है और इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। मैं इसमें शामिल सभी लोगों से आग्रह करती हूं कि वे बिना देरी किए शत्रुता समाप्त करें और अपनी शिकायतों के समाधान के लिए रचनात्मक बातचीत में शामिल हों। उन्होंने कहा कि हमारे शांति सैनिक हमारे अड्डे पर शरण लेने वाले नागरिकों की रक्षा के लिए अपनी क्षमताओं के भीतर हरसंभव प्रयास करना जारी रखेंगे। बयान में रुवेंग में हुए हमले में 23 लोगों के घायल होने का जिक्र किया गया है।

## तालिबानी लड़ाकों ने अफगान सीमा के पार कई हमले किए

**हेरात।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत के आसमान में रविवार रात को पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को उड़ते देखे जाने की रिपोर्टें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये लड़ाकू विमान तालिबान के ठिकानों की निगरानी कर रहे थे। अफगान इंटरनेशनल में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार तालिबान के एक अधिकारी ने पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में अंगूर अड्डा सीमा चौकी पर पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले की जानकारी दी है। तालिबान सरकार के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रमुख अहमदुल्ला मुत्ताकी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें तालिबान लड़ाके पाकिस्तानी चौकियों पर हमले करते दिख रहे हैं।

## जहरीली गैस का हुआ रिसाव 2600 को सुरक्षित निकाला

- महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक रासायनिक ईकाई में हुई घटना

पालघर, एजेंसी

महाराष्ट्र में पालघर जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक रासायनिक इकाई से सोमवार दोपहर को ओलियम (फ्यूमिंग सल्फ्यूरिक एसिड) गैस का रिसाव हुआ, जिसके बाद 1600 स्कूली छात्रों समेत 2600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि तीन लोगों को आंखों में मामूली जलन की शिकायत हुई। उन्होंने बताया कि मुंबई के बाहरी इलाके में बोइसर एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित इकाई के पांच किलोमीटर के दायरे में ओलियम (फ्यूमिंग सल्फ्यूरिक एसिड) गैस का रिसाव हुआ, जिसके चलते एहतियात के तौर पर लोगों को वहां से निकाला गया। अपराह्न करीब दो बजे भगेरिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई में हुए रिसाव से सफेद धुएं का एक घना बादल बन गया जो हवा की गति के कारण तेजी से फैल गया, जिससे औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले निवासियों और श्रमिकों के बीच दहशत फैल गई। गैस रिसाव के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रही पालघर जिले की कलेक्टर डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने कहा कि आपदा प्रबंधन योजना को तुरंत सक्रिय कर दिया गया है। प्रशासन ने बताया कि यह रिसाव 2,500 लीटर क्षमता वाले ओलियम डे टैंक से हुआ।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज नई परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। नई स्किल को सीखने का प्रयास करेंगे। प्रेम संबंधों का तनाव दूर होगा।

**तुला** — आज साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। अपने काम पर फोकस करेंगे। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष** — आज दिनचर्या अस्त-व्यस्त न रखें। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। मन में किसी कारण दबाव रहेगा।

**वृश्चिक** — आज नए काम में मन लगेगा। वैवाहिक संबंधों में परस्पर सम्मान का भाव बढ़ेगा। व्यवसाय में सुगमता रहेगी।

**मिथुन** — आज जॉब में स्थानांतरण हो सकता है। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। व्यवसाय में आय बढ़ सकती है।

**धनु** — आज शेयर मार्केट में निवेश लाभकारी होगा। अधिकारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मन में अध्यात्मिक विचार जन्म लेंगे।

**कर्क** — आज पुराने मित्रों से चर्चा होगी। आपको आत्मनिरीक्षण करने का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य किसी कारणवश टल सकते हैं।

**मकर** — आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान न हों। अधिक गर्म व ठंडे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। अपच की समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। खर्च की तुलना में आपकी आय बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज आपकी जीवनशैली बहुत अच्छी रहेगी। व्यापार में अपनी उन्नति से संतुष्ट रहेंगे। धन की कमी दूर होगी।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग से बहस न करें। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने से बचें।

**मीन** — आज युवा करियर को लेकर निर्णय ले सकते हैं। सहकर्मियों के माध्यम से आपको धन-लाभ होगा। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें।

## स्तन कैंसर

### आईआईटी मद्रास और कारिकिनोस हेल्थकेयर के संयुक्त शोध में मिली जानकारी

# भारत में चार में से एक मरीज को विरासत में मिला जोखिम

- 497 रोगियों के जर्मलाइन डीएनए का किया विश्लेषण

चेन्नई, एजेंसी

भारत में चार में से एक स्तन कैंसर मरीज़ों को इस बीमारी से संबंधित आनुवंशिक जोखिम विरासत में मिलता है। आईआईटी-मद्रास और कारिकिनोस हेल्थकेयर की एक संयुक्त रिसर्च में यह खुलासा हुआ है। यह भारत में हुए सबसे बड़े स्तन कैंसर जीनोमिक अध्ययनों में से एक है। चेन्नई का कुमार अस्पताल और चेन्नई स्तन केन्द्र भी इस अध्ययन में शामिल थे।

अध्ययन ने खुलासा किया है कि भारत के 25 प्रतिशत स्तन कैंसर मरीज़ों में कैंसर के जोखिम से जुड़ा वंशानुगत आनुवंशिक रूप मौजूद होता है। इनमें से कैंसर के ज्यादातर रूप (वेरिएंट) जाने-माने बीआरसीए1 और बीआरसीए2 जीन से अलग होते हैं।

इस अध्ययन पत्र को आईआईटी-मद्रास के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के जॉन पीटर, जयलक्ष्मी जोथी, अवराजित चक्रवर्ती, एस महालिंगम, कार्किनोस हेल्थकेयर से बानी जॉली, राजदीप राहा, विनोद स्कारिया, श्रीधर सिवासुब्बू, कुमारन हॉस्पिटल, चेन्नई के ऑन्कोलॉजी विभाग के स्वामीनाथन गणपति रमन और चेन्नई स्तन केन्द्र के सेल्वी राधाकृष्णन ने मिलकर लिखा है। अध्ययन के तहत 479 स्तन कैंसर रोगियों के जर्मलाइन डीएनए का



विश्लेषण किया गया, जिनके नमूने आईआईटी मद्रास स्थित नेशनल कैंसर टिश्यू बायोबैंक से प्राप्त किये गये थे। इसे देश में तैयार अब तक के सबसे व्यापक वंशानुगत स्तन कैंसर डाटासेट में से एक बताया गया है। यह अध्ययन भारत कैंसर जीनोम एटलस का हिस्सा बन गया है, जिसे भारत का पहला और सबसे बड़ा मुक्त-स्रोत कैंसर जीनोम डाटा संसाधन माना जा रहा है। अध्ययन दल ने 97 कैंसर संवेदनशीलता जीनों की जांच की, जिनमें बीआरसीए1, बीआरसीए2 और होमोलॉगस रिकॉम्बिनेशन रिपेयर पाथवे से जुड़े 15 जीन शामिल थे। जीन परिवर्तनों का वर्गीकरण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत एसीएमजी/एएमपी दिशानिर्देशों के अनुरूप किया गया। शोध में पाया गया कि 24.6 प्रतिशत रोगियों में एक रोगकारी या संभावित रोगकारी जीन परिवर्तन मौजूद था। इनमें से केवल 8.35 प्रतिशत में बीआरसीए1 या बीआरसीए2 जीन परिवर्तन मिले, जबकि 11.9 प्रतिशत रोगियों में होमोलॉगस रिकॉम्बिनेशन रिपेयर पाथवे से जुड़े अन्य जीनों में वंशानुगत परिवर्तन पाए गए।

### कई जीन दक्षिण एशियाई आबादी के लिए विशिष्ट

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि कई रोगकारी जीन परिवर्तन भारतीय या दक्षिण एशियाई आबादी के लिए विशिष्ट हैं और वैश्विक डाटाबेस में या तो अनुपस्थित हैं या अत्यंत दुर्लभ हैं। अध्ययन में दवा संबंधी जीन संकेतकों का भी आकलन किया गया, जो कीमोथेरेपी की सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। साथ ही वैश्विक आबादी से तुलना के लिए जिनोमैड डाटाबेस का उपयोग किया गया। शोधकर्ताओं का कहना है कि निष्कर्ष भारत और दक्षिण एशिया के लिए विशिष्ट जीन वेरिएंट डाटाबेस और व्याख्या ढांचे की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

## राष्ट्रपति लूला के खिलाफ ब्राजील में धरना-प्रदर्शन

**रियो डी जिनेरियो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो के हजारों समर्थकों ने रविवार को कई शहरों में प्रदर्शन किया, जिसका उद्देश्य आगामी राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिणपंथी नेता की जीत के लिए माहौल तैयार करना है। राष्ट्रीय ध्वज के रंगों- पीले और हरे रंगों के कपड़े पहने प्रदर्शनकारी साओ पाउलो, रियो डी जिनेरियो और राजधानी ब्रासीलिया की सड़कों पर उतरे और मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के खिलाफ नारे लगाए। लूला को अक्टूबर में होने वाले चुनाव में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। पूर्व राष्ट्रपति के बेटे फ्लावियो बोलसोनारो ने इंस्टाग्राम पर कहा, यह साल सभी ब्राजीलियाई नागरिकों के लिए निर्णायक होगा।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 3 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 17 .07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मघा 07 .31 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 9 |

### सुडोकू -78

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 1 | | 2 |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 8 | | | | 1 | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | 2 | | | 5 | |
| 9 | | 2 | | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | 6 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 2 | | 4 | | 6 | | 5 | | |



“हम सेमीफाइनल का इंतजार कर रहे है। हम मैच के दौरान छोटे–छोटे पलों को भुनाने के बारे में बात करते है और हमें उम्मीद है कि हम कुछ दिनों के बाद खेले जाने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

–डेरिल मिचेल


# स्टेडियम

हल्द्वानी, मंगलवार ,3 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता : मिचेल

**कोलकाता।** आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड चीजों को जरूरत से ज्यादा बड़ा नहीं बनाता और टीम को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत में खेलने के हालिया अनुभव से फायदा होगा। न्यूजीलैंड बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले सेमीफाइनल में पिछली बार की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। मिचेल ने कहा कि ब्लैक कैप्स को मैदान के अंदर और बाहर किस तरह काम करना है, इसे लेकर पूरी स्पष्टता है। उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा हम टीम के तौर पर कैसे खेलना चाहते हैं, इसे लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं। हम चीजों को जितना है उससे बड़ा नहीं बनाते लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और खुद को भाग्यशाली मानते हैं।

### घुड़सवार अनुष ने शानदार प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ बेल्जियम ड्रेसेज स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उन्होंने आने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी क्वालीफिकेशन यात्रा शुरू की। अग्रवाला ने शनिवार को अपने आठ साल के घोड़े फ्लोरियाना के साथ ऑर्डर में 14वें नंबर से शुरुआत करते हुए 68.85 प्रतिशत के शानदार स्कोर से आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन दिया जिससे वह कुल मिलाकर चौथे नंबर पर रहे। वह रविवार को अपने 10 साल के घोड़े फ्लिन के साथ लौटे जिसमें उन्होंने पांचवें नंबर से शुरुआत की और इसमें और भी बेहतर प्रदर्शन देते हुए 70 .3 प्रतिशत का व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया। 70 प्रतिशत का स्कोर हासिल करना दबाव में निरंतरता और संयम दिखाता है।

### 250 जिलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं होंगी

**नई दिल्ली।** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने सोमवार को घोषणा की कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आठ और नौ मार्च को देश भर के 250 जिलों की दो लाख से अधिक लड़कियां ‘अस्मिता’ एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी। खडसे ने भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी को मजबूत करने के लिए खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की वकालत की। यह खेल मंत्रालय की पहल का एक हिस्सा है जो अहमदाबाद में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और भारत के ओलंपिक मेजबान बनने की कोशिश को ध्यान में रखते हुए देश भर में महिला तकनीकी अधिकारियों का एक पूल बनाने की भी शुरुआत करेगा।

### भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका ने इतिहास रचा

**वालेंशिया।** भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने ‘चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओएफटीए) कार्टिंग सीरीज’ के यूरोपीय चरण में पोडियम स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया। ग्यारह साल की अतिका ओकेएनजे (जूनियर) वर्ग में तीसरे स्थान पर रही। वह इस रेस में पोडियम पर जगह बनाने वाले पहली भारतीय रेसर है। यह उनके अब तक के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। एफवन अकादमी के समर्थन पाने वाली पहली भारतीय अतिका ने ग्रिड में नौवें स्थान से शुरुआत करते हुए शुरुआती रेस में तीसरा और दूसरी रेस में दूसरा स्थान हासिल किया।

# मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी : सैमसन

## टी-20 विश्व कप : खराब फॉर्म के दौर में भी नहीं गिरने दिया अपना आत्मविश्वास

कोलकाता, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने रविवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में 50 गेंदों में 97 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सुपर आठ के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भारत की करारी हार के बाद इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को सलामी बल्लेबाजी के रूप में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। सैमसन ने रविवार को यहां भारत की पांच विकेट से जीत के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था। सैमसन ने असल में अकेले दम



पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस बीच उन्हें कप्तान सूर्यकुमार यादव (18) और तिलक वर्मा (27) का कुछ साथ मिला। उन्होंने कहा यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। सैमसन ने कहा यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा। उन्होंने कहा आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।'' जब भी मेरे मन में ऐसे विचार आते हैं तो मैं उन्हें सकारात्मक विचार से बदलने की कोशिश करता हूं। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैं अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था लेकिन चीजें मेरे अनुकूल नहीं रहीं। सौभाग्य से मुझे 10 दिन का समय मिल गया। सैमसन ने कहा मैंने आत्ममंथन किया। मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया कि मैंने खुद को कैसे तैयार किया था। बहुत से लोगों ने सुझाव दिए मैंने खुद से कहा कि ''संजू, तुमने इसी प्रारूप में तीन अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं। जब सैमसन से पूछा गया कि कोलकाता में खेली गई उनकी पारी उनके लिए क्या मायने रखती है, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वह उस सपने को जी रहे हैं जिसे उन्होंने बचपन से संजोकर रखा है। उन्होंने कहा भारत में सौ से अधिक क्रिकेटर ऐसे दिन का सपना देखते हैं। मैंने सपना देखने की हिम्मत की। केरल के त्रिवेंद्रम का एक युवा लड़का देश के लिए खेलने और इतने महत्वपूर्ण मैच में जीत हासिल करने का सपना देख रहा था। मैंने सपना देखने की हिम्मत की और यह सच हो गया।

### सभी चाहते थे कि संजू अच्छा प्रदर्शन करे

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि संजू सैमसन इतने अच्छे इंसान हैं कि हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई उनकी निर्णायक पारी ने उनके प्रशंसकों पर से भी दबाव कम कर दिया होगा। सैमसन ने रविवार रात कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में नाबाद 97 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा 97 रन की इस नाबाद पारी ने न सिर्फ संजू सैमसन पर से बड़ा बोझ हटा दिया है बल्कि उन लोगों पर से भी बोझ उतार दिया है जो जानते हैं कि वह कितने बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनके करियर में उतार-चढ़ाव आए हैं। वह बहुत ही अच्छे इंसान हैं। हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। विश्व कप से पहले सैमसन का प्रदर्शन खराब रहा था। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे।



गावस्कर ने कहा सभी भारतीय प्रशंसक इस बात से खुश होंगे कि इस ईमानदार क्रिकेटर को वह सफलता मिली है जिसका वह हकदार है। अब भारत गुरुवार को मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा। गावस्कर ने कहा करो या मरो के मैच में मैन ऑफ द मैच बनना सपना सच होने जैसा है। मैच विजेता पारी खेलने के बाद संजू के चेहरे पर भाव साफ झलक रहे थे। वह शतक से सिर्फ तीन रन दूर थे और अगर वह शतक तक पहुंच जाते तो यह शानदार होता।

# संजू को सफेद गेंद की टीम में नियमित खेलना चाहिए

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सैमसन का किया समर्थन

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को संजू सैमसन को भारत की सफेद गेंद की टीमों में नियमित रूप से शामिल किए जाने का समर्थन किया और टी20 विश्व कप से पहले इस आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज की आलोचना पर हैरानी व्यक्त की। सैमसन की 50 गेंद में नाबाद 97 रन की पारी से भारत ने रविवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टरफाइनलमें 196 रन के लक्ष्य का पीछा किया। इसे एक शानदार पारी बताते हुए गांगुली ने कहा वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उसे सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए लगातार खेलना चाहिए, शत प्रतिशत।

उन्होंने कहा यह मुकाबला लगभग क्वार्टर फाइनल जैसा था और 97 रन पर नाबाद रहना उसके कौशल को दिखाता है। वह इस तरह का खिलाड़ी है। जब वह मैदान में उतरता है तो विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाता है। सैमसन ने यह पारी उस दिन खेली जब भारत के मुख्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या सस्ते में आउट हो गए। लेकिन सैमसन ने दबाव से अच्छी तरह निपटते हुए आखिर तक बिना किसी जोखिम के बल्लेबाजी की।

गांगुली ने आगे कहा वह परिस्थिति के हिसाब से खेला और यह जरूरी था। इससे हम सभी को यह सीख मिलती है कि यह वही लड़का है जो पिछले छह महीनों में टीम में अपनी जगह नहीं बना पाया, भले ही ईशान किशन पारी का आगाज कर रहा हो या कोई और आ रहा हो। उन्होंने कहा विश्व कप से ठीक पहले मैं अखबार में पढ़ता था कि संजू फिर विफल हो गया वह टीम में शामिल होने का हकदार नहीं भारत में इतनी प्रतिभा है, शुभमन गिल टीम में क्यों नहीं है? और फिर यही लड़का क्वार्टरफाइनल जैसे मैच 97 रन बनाकर नाबाद रहता है और आपको सेमीफाइनल में पहुंचा देता है। गांगुली ने यह भी कहा कि इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मुश्किल होगी और कहा कि मुंबई में सेमीफाइनल की मुश्किल पार करने के लिए घरेलू टीम को अपनी बेहतरीन फॉर्म बनाए रखनी होगी।



“इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मजबूत प्रतिद्वंद्वी होगी। उन्हें वैसा ही खेलना होगा जैसा उन्होंने कल के मैच में जीत दिलाई थी। भारत के लिए सबसे अच्छी बात यह रही है कि टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ निराशाजनक सीरीज के बाद संजू सैमसन ने शीर्ष क्रम में फॉर्म में वापसी की है।

– सौरव गांगुली

**सेमीफाइनल**

| टीम | तारीख |
|---|---|
| न्यूजीलैंड बनाम द. अफ्रीका | 4 मार्च |
| भारत बनाम इंग्लैंड | 5 मार्च |
| **फाइनल** | |
| सेमीफाइनल विजेता टीम | 8 मार्च |

# क्रिकेट एक टीम गेम है : गंभीर

कोलकाता, एजेंसी

- कई वर्षों से हम सिर्फ कुछ खास योगदान की ही बात करते आए हैं

गौतम गंभीर का मानना है की टीम गेम में प्रत्येक खिलाड़ी का छोटा या बड़ा योगदान महत्वपूर्ण होता है लेकिन भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से इसका अभाव रहा है। भारत के मुख्य कोच ने कहा कि अगर शिवम दुबे ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में 19वें ओवर दो चौके नहीं लगाए होते तो संजू सैमसन की 97 रन की मैच विजेता पारी की कोई बात नहीं कर रहा होता।

गंभीर ने कहा कि जब तक वह कोच हैं, प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान का पूरे सम्मान के साथ उल्लेख किया जाएगा। गंभीर ने पत्रकारों से कहा मुझे खुशी है कि आप सभी के योगदान के बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि कई वर्षों से हम केवल कुछ विशेष योगदानों के बारे में ही बात करते रहे हैं। यह एक टीम गेम है और यह हमेशा टीम गेम ही रहेगा। उन्होंने कहा मेरे लिए शिवम के दो चौके भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन, क्योंकि अगर उसने वे दो चौके नहीं लगाए होते तो आप उस (97 रन की पारी) के बारे में बात भी नहीं करते।''''

गंभीर ने कहा बड़ा योगदान सुर्खियां



बटोरता है, लेकिन छोटा योगदान भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वह टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकता है, उसे लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसीलिए मैं कहता हूं कि जब तक मैं इस पद पर हूं, हमारी आगे भी यही नीति रहेगी। दुनिया भर के कोच आंकडों (डेटा) को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इनमें गंभीर शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा सच कहूं तो मुझे आंकड़ों पर भरोसा नहीं है। मैंने कभी आंकड़े देखे ही नहीं। मुझे तो यह भी नहीं पता कि आंकड़े होते क्या हैं। मैं उन पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करता, क्योंकि मुझे लगता है कि वे अधिकतर सहज ज्ञान पर आधारित होते हैं। गंभीर की यह टिप्पणी आश्चर्यजनक थी क्योंकि टीम डेटा विश्लेषक हरि प्रसाद पर काफी हद तक निर्भर रहती है।

भारतीय कोच ने कहा टी20 क्रिकेट में सहज ज्ञान और उस सहज ज्ञान पर भरोसा करना ही सब कुछ है। खेल और टी20 प्रारूप के बारे में मुझे जो भी जानकारी है, मैं उसे कप्तान को देने और जितना हो सके उनकी मदद करने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा लेकिन आखिर में फैसला कप्तान को करना होता है लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे आंकड़ों पर कोई विश्वास नहीं है क्योंकि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। मेरे लिए यह बहुत सौभाग्य की बात है कि हमारे पास विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल के बारे में गंभीर ने कहा उनकी (इंग्लैंड) टीम एक विश्वस्तरीय टीम हैं। उनके पास कई बेहतरीन खिलाड़ी भी हैं और हम सभी जानते हैं कि वानखेड़े में खेलना आसान नहीं होता है। उम्मीद है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## जहीर के बाद भज्जी से संपर्क किया बीसीसीआई ने

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद के लिए अपने पूर्व क्रिकेटरों से संपर्क किया है। इसमें पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह शामिल हैं। उनसे बेंगलुरु स्थित ‘सेंटर ऑफ एक्सीलेंस’ (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए कहा है।

बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने इससे सुखद परिणाम की उम्मीद जताई है।

# मेसी के दो गोल से इंटर मियामी जीता

ऑरलैंडो, एजेंसी

लियोनेल मेसी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की।

पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई।



### ईरान का विश्व कप फुटबॉल में खेलना संदिग्ध

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने खेल पोर्टल वर्जेश3 से कहा निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते। अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद इस देश का भविष्य अनिश्चितता में डूब गया है और क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

## विचार

दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट व वनडे कप्तान बोले– क्रिकेट भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए

# हाथ नहीं मिलाने की नीति अच्छी नहीं लगती : तेम्बा बावुमा



नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के प्रेरणादायी टेस्ट और वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि अंतर्राष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा हाथ नहीं मिलाना खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। भारत और श्रीलंका में खेले जा रहे मौजूदा टी20 विश्व कप के कमेंट्री पैनल में शामिल बावुमा ने कहा भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में ‘नो हैंडशेक (हाथ नहीं मिलाने)’ नीति के अलावा अन्य मुद्दों पर बात की। सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए पहचाने जाने वाले 35 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने देश में सभी को समान अवसर दिए जाने की जोरदार वकालत की और खेल को एकजुट करने वाली शक्ति पर भी बल दिया।

बावुमा ने कहा हां, अगर आप इसे बाहर से देखते हैं तो अच्छी नहीं लगती। यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा नहीं दिखता। आखिरकार यह भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए हैं कि हमसे एक खास व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने आगे कहा लेकिन जैसा मैंने कहा, यह बाहर से देखने का नजरिया है। मैं भारत और पाकिस्तान के बीच की राजनीति से पूरी तरह परिचित नहीं हूं, इसलिए उस दृष्टिकोण से कुछ नहीं कह सकता। लेकिन एक दर्शक के तौर पर, जो बिना पूरी पृष्ठभूमि जाने इसे देख रहा है, तो यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। दक्षिण अफ्रीका ने बावुमा की कप्तानी में पिछले साल जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद भारत में 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। पिछले 12 महीनों में मिली बड़ी सफलताओं ने ‘चोकर्स’ के तमगे से भी काफी हद तक मुक्त कर टीम के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है।

### पीसीबी ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के लिए अपने खिलाड़ियों पर लगाया जुर्माना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। ये जुर्माना ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के तुरंत बाद लगाया गया था, जहां खराब प्रदर्शन के कारण 61 रन से हार मिली थी। उन्हें बताया गया था कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचता है तो जुर्माना माफ किया जा सकता है। हालांकि, मौजूदा पीसीब प्रबंधन के पास बड़े टूर्नामेंट में निराशा के बाद सजा देने का यह तरीका है। पांच महीने पहले, एशिया कप फाइनल में भारत से मिली करीबी हार के बाद, पीसीबी ने खिलाड़ियों को दिए गए सभी नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया था।


